e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 114
शनिवार
26.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
मंजर धुंधला हो सकता है, मंजिल नहीं, दौर बुरा हो सकता है, जिंदगी नहीं!

## वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने दायर किया हलफनामा, कहा
# संसद से पारित कानून वैध

**1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर से अधिक की बढ़ोतरी हुई। केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है,मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता के पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए।**

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध किया और कहा कि इस कानून पर पूर्ण रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसकी संवैधानिकता पर पूर्वधारणा है। 1,332 पृष्ठों के प्रारंभिक जवाबी हलफनामे में केंद्र सरकार ने विवादास्पद कानून का बचाव करते हुए कहा कि चौंकाने वाली बात है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20 लाख हेक्टेयर से अधिक की बढ़ोतरी हुई। केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है,मुगल काल से पहले, स्वतंत्रता के पहले और स्वतंत्रता के बाद में भारत में कुल 18 लाख 29 हजार 163.896 एकड़ भूमि पर वक्फ बनाए गए। इसमें निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए पहले के प्रावधानों के दुरुपयोग का दावा किया गया है। बता दें कि, यह हलफनामा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन की तरफ से दायर किया गया था।

### संसद से पारित कानूनों पर लागू होती है संवैधानिकता की धारणा

हलफनामे में आगे कहा गया है कि,कानून में यह तय है कि संवैधानिक अदालतें किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगाएंगी और मामले पर अंतिम रूप से निर्णय लेंगी। संसद की तरफ से बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। केंद्र ने आगे कहा, जबकि यह अदालत मामलों की सुनवाई के दौरान इन चुनौतियों की जांच करेगी, लेकिन सामान्य मामलों में (यहां तक कि मुस्लिम समुदाय के सदस्यों पर भी) इस तरह के आदेश के प्रतिकूल परिणामों के बारे में जाने बिना पूरी तरह से रोक (या आंशिक रोक) लगाना, यदि याचिकाएं असफल हो जाती हैं, तो यह अनावश्यक होगा, खासकर ऐसे कानूनों की वैधता की धारणा के मामले में।हलफनामे में कहा गया है कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं इस झूठे आधार पर आगे बढ़ीं कि संशोधन धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लेते हैं। इसमें कहा गया है कि अदालत विधायी क्षमता और संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर कानून की समीक्षा कर सकती है। सरकार ने कहा कि प्रमुख राजनीतिक दलों के सदस्यों वाली संसदीय समिति की तरफ से बहुत व्यापक, गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन के बाद संशोधन किए गए हैं।

### कानून वैध है और विधायी शक्ति के वैध प्रयोग का परिणाम

सरकार ने कहा,संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वक्फ जैसी धार्मिक संस्थाओं का प्रबंधन इस तरह से हो कि उनमें आस्था रखने वालों और समाज के लोगों का भरोसा बना रहे और धार्मिक स्वायत्तता का उल्लंघन न हो। केंद्र ने कहा कि यह कानून वैध है और विधायी शक्ति के वैध प्रयोग का परिणाम है। हलफनामे में कहा गया है कि विधायिका की तरफ से अधिनियमित विधायी व्यवस्था को बदलना अस्वीकार्य है।



### क्या है पूरा मामला ?

बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन अधिनियम को लोकसभा और राज्यसभा से पास कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह इस नए कानून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी मंजूरी दे दी है। इसी मामले को लेकर कई नेता और संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को गलत बताया था। इसी मामले पर बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई और सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक सप्ताह का वक्त देते हुए जवाब दाखिल करने को कहा था, जिसमें आज केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है।

## राहुल गांधी ने की पहलगाम हमले के पीड़ितों से मुलाकात, बोले
# टेरर अटैक के पीछे हमें बांटने की मंशा



**हमें साथ मिलकर इन नफरती ताकतों को करारा जवाब देना होगा.राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोग इस घटना पर शर्मिंदा हैं. उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें सभी विपक्षी दलों ने एक मत से इस घटना की निंदा की. उन्होंने कहा कि पूरा देश इस वक्त एक साथ खड़ा है.**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर के दौरे पर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों से मुलाकात की. उन्होंने घायलों से उनका हाल-चाल जाना और राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला से भी मुलाकात की.कांग्रेस के एक्स अकाउंट से राहुल गांधी की पीड़ितों से मुलाकात करते हुए तस्वीरें साझा कर लिखा गया कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना मानवता पर प्रहार है, मोहब्बत और भाईचारे को मिटाने की एक शर्मनाक कोशिश है. आतंक के खिलाफ हम सभी एकजुट हैं. हमें साथ मिलकर इन नफरती ताकतों को करारा जवाब देना होगा.राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोग इस घटना पर शर्मिंदा हैं. उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें सभी विपक्षी दलों ने एक मत से इस घटना की निंदा की. उन्होंने कहा कि पूरा देश इस वक्त एक साथ खड़ा है. ये वारदात भाई को भाई से लड़ाने के लिए हुई है. उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और सरकार जो कदम उठाएगी, हम उसके साथ हैं.लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एक साथ है। उन्होंने बताया कि सीएम उमर अब्दुल्लाह से मिलकर हालत की जानकारी ली है. पहलगाम हमले पर उन्होंने कहा,यह एक दुखद घटना है. जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस आतंकी हमले की निंदा की है. इस परिस्थिति में कश्मीर के लोग पूर्ण रूप से भारत के साथ हैं.

## क्विक न्यूज

### जयपुर एयरपोर्ट पहुंचा अमेरिकी एयरफोर्स का स्पेशल प्लेन

**जयपुर :** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस के भारत से अमेरिका लौटने के बाद शुक्रवार को अमेरिकी एयरपोर्ट का स्पेशल प्लेन जयपुर एयरपोर्ट पहुंचा। अचानक अमेरिकी एयरफोर्स के सी - 17 प्लेन के जयपुर आने के बाद अलग-अलग चर्चा शुरू हो गई। हालांकि प्लेन अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान जयपुर लाई गई उनकी कार और सुरक्षा उपकरण लेने आया था।दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार लगातार एक्शन में है। शुक्रवार दोपहर को अमेरिकी एयरपोर्ट के स्पेशल माल वाहक सी - 17 की जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग हुई। इसे सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इजरायली एयरफोर्स के फाइटर प्लेन बताकर शेयर करना शुरू कर दिया।एयरपोर्ट अथॉरिटी ने सोशल मीडिया के दावों का खंडन करते हुए बताया कि इजरायली एयरफोर्स का कोई भी प्लेन जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हुआ है। बल्कि, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस के जयपुर दौरे के दौरान उनकी सुरक्षा के लिए लाए गए उपकरणों और उनके वाहन को ले जाने के लिए स्पेशल सी - 17 प्लेन अमेरिका से जयपुर आया था।बता दें कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद वेंस अपने परिवार के साथ राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंचे। जहां उन्होंने ऐतिहासिक आमेर महल का दीदार किया। इसके बाद वेंस आगरा का ताजमहल देखने भी पहुंचे थे। वहीं 24 अप्रैल को वेंस अपने परिवार के साथ फिर से जयपुर से वाशिंगटन के लिए रवाना हुए।

### भारत के शर्बती गेहूं की दुनिया भर में धूमः शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्लीः** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि एक समय था, जब हम अपनी जनता का पेट भरने के लिए अमेरिका से निम्न स्तर का गेहूं लेने के लिए मजबूर थे लेकिन आज देश में अन्न के भंडार भर हुए हैं। हमारा शरबती गेहूं आज दुनिया में धूम मचा रहा है। हमारे खाद्यान का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है।शिवराज सिंह स्वदेशी शोध संस्थान के विजन ऑफ भारत 2047 के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत की महानता को रेखांकित करते हुए कहा कि समृद्धि के पैमाने अलग-अलग होते हैं। सिर्फ आर्थिक रूप से संपन्नता को समृद्धि नहीं माना जाता है। उन्होंने प्राचीन काल की मिसाल देते हुए कहा कि जब पश्चिम के लोग अपने शरीर को पत्तों और छालों से ढका करते थे तो हमारे यहां मलमल बन गया था। हमारे ऋषियों ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् यानी सारी दुनिया एक परिवार है।

### सीएम साय हरि अखंड संकीर्तन नाम यज्ञ में हुए शामिल

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के बगीचा में महाकुल यादव समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री हरि अखंड संकीर्तन नाम यज्ञ (चौबीस प्रहरी) कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा स्थल पर राधा-कृष्ण, चैतन्य महाप्रभु और गौरांग स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धाभाव से मंत्र जाप करते हुए पूजा स्थल की परिक्रमा भी की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने महाकुल यादव समाज के वृंदावन भवन के विस्तार के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि बगीचा में इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए पूर्व घोषित दो करोड़ 75 लाख रुपये की राशि शासन द्वारा स्वीकृत कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, बगीचा नगर पंचायत क्षेत्र में मंगल भवन निर्माण के लिए भी एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## रिक्शा चालक की बेटी बनी महाराष्ट्र की पहली मुस्लिम महिला आईएसएस



एजेंसी

**मुंबई :** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के नतीजों में महाराष्ट्र के यवतमाल जिले की छात्रा अदीबा ने परचम लहराया है. जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक अशफाक अहमद की बेटी अदीबा अनम अशफाक अहमद ने 142वीं रैंक हासिल की है, जो आदिवासी बहुल यवतमाल जिले के लिए गर्व की बात है.यूपीएससी परीक्षा की कक्षाओं और फैसेलिटीज की कमी के बावजूद यवतमाल के छात्र अपने लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं. कई छात्र अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए, पुणे, मुंबई और दिल्ली जाते हैं और परीक्षा की तैयारी करते हैं. वहीं, दूसरी ओर गरीबी के कारण ऐसा करने में असमर्थ छात्र ऑनलाइन कोर्स पूरा करके अपने लक्ष्य को हासिल करने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं.बता दें कि अदीबा महाराष्ट्र की पहली मुस्लिम महिला आईएएस अधिकारी बनने की ओर अग्रसर हैं, जिसे समुदाय के कई लोगों द्वारा ऐतिहासिक माना जा रहा है. यवतमाल की अदीबा अनम अशफाक अहमद ने पूरे भारत में 142वीं रैंक हासिल की है. उनके पास अपना घर भी नहीं है. वह कवि अशफाक शाद की बेटी हैं. अशफाक किराए पर ऑटो चलाते हैं और किराए के घर में रहते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक यह ऑटो भी उनका अपना नहीं है. अदीबा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जफरनगर जिला परिषद उर्दू प्राइमरी स्कूल से की. उन्होंने यहां से कक्षा 1 से कक्षा 7 तक पढ़ाई की. इसके अलावा उन्होंने कक्षा 8 से 10 तक की शिक्षा जिला परिषद एक्स गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल से की.गणित में बीएससी उन्होंने यवतमाल के शिक्षा जिला परिषद एक्स गवर्नमेंट कॉलेज से 11वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी की. इसके बाद अदीबा ने पुणे के इनामदार सीनियर कॉलेज से गणित में बीएससी की. उसके बाद, उन्होंने पुणे की एक एकेडम से यूपीएससी फाउंडेशन कोचिंग ली.अदीबा को चौथे प्रयास में सफलता मिली.

## लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर सीबीआई की याचिका पर सुनवाई नौ जुलाई को

**हाई कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तिथि निर्धारित की है। मामले में छह में से अभी सिर्फ तीन सजायापता लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य की सजा को बढ़ाने के मामले में सुनवाई चल रही है।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद सहित तीन सजायाफ्ताओं की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल सीबीआई की याचिका पर शुक्रवार को आंशिक सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तिथि निर्धारित की है। मामले में छह में से अभी सिर्फ तीन सजायाप्ता लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य की सजा को बढ़ाने के मामले में सुनवाई चल रही है। बाकी तीन का निधन हो चुका है।सीबीआई की ओर से सजा बढ़ाने के आग्रह किए गए छह आरोपितों में से फूलचंद सिंह, आरके राणा समेत तीन सजायाफ्ताओं का निधन हो चुका है। पूर्व में कोर्ट ने सजायाफ्ता फूलचंद सिंह, आरके राणा सहित तीन का नाम इस केस से हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। इसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था।उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम सात साल की सजा मिलनी चाहिए।

**चुटकी**


पाक नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश




## एक भी बूंद पानी नहीं जाएगा पाकिस्तान : शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पहलगाम में आतंकी हमला और बेगुनाहों की बेरहमी से हत्या पाकिस्तान को भारी पड़ रही है। भारत सरकार ने सिंधु नदी जल समझौते को तोड़ दिया है और इस बात की तैयारी शुरू कर दी है कि पाकिस्तान को बूंद-बूंद पानी के लिए भी तरसा दिया जाए। इस मामले को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ बैठक की है। दोनों नेताओं की बैठक में इस बात पर विस्तार से चर्चा की गई है कि एक बूंद पानी भी पाकिस्तान नहीं जाने दिया जाए।अमित शाह और सीआर पाटिल की बैठक में ये तय हुआ कि पानी रोकने के हर तरीके पर तुरंत काम शुरू कर दिया जाए। दोनों नेताओं के बीच शार्ट टर्म और लांग टर्म रणनीति पर भी बात हुई। शाह की मीटिंग में सिंधु नदी पर सिर्फ पाटिल बैठे थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर का विषय कुछ और था और वो मिलकर निकल गए। भारत ये तय करेगा कि एक भी बूंद पानी नहीं पाकिस्तान जाने दिया जाए।गृह मंत्री अमित शाह और सीआर पाटिल के बीच हुई बैठक में सिंधु नदी के जल को लेकर विस्तार से बात हुई है। सिंधु नदी के सिल्ट हटाने और ड्रेजिंग करने का काम तुरंत शुरू होगा। पानी को डायवर्ट की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। ये पानी वैसी नदियों में भी डायवर्ट किया जा सकता है जिसमें पानी की कमी रहती है। इस पानी का उपयोग सिंचाई के लिए कैसे किया जाए और बांध बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।



## संसद का बुलाया जाए विशेष सत्र : कपिल सिब्बल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि उन्हें संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए और एकमत होकर एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश की भावनाओं को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित किया जा सके। कपिल सिब्बल ने कहा कि मेरी प्रधानमंत्री को कुछ सुझाव हैं। संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, जिसमें ताजा हालात पर चर्चा हो और सभी से सुझाव लिए जाएं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। एक आतंकी, आतंकी होता है, उसका कोई धर्म नहीं होता। संसद में एक प्रस्ताव एकमत से पारित किया जाना चाहिए, जिसमें देशवासियों की भावनाओं को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित किया जाए।राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि हमें सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, रूस और दक्षिण अमेरिकी देशों में भेजने की जरूरत है, ताकि हम दुनियाभर के देशों को स्थिति के बारे में बता सकें।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 13° |

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

विकास कार्यों में सबकी भागीदारी तय की जायेगी : नरेश प्रसाद सिंह

# विधायक ने बिश्रामपुर में एक करोड़ 25 लाख के 13 योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने 13 योजनाओं का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर के किया. उक्त सभी योजनाओं का निर्माण नगर परिषद द्वारा एक करोड़ 25 लाख की लागत से कराया जाना है. समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने किया. संचालन नगर प्रबंधक प्रभात कुमार ने किया. विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये कृत संकल्पित हूं. विकास को ईमानदारी पूर्वक धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है. हमारा प्रयास है कि विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित हो. कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने बताया कि सभी 13 योजनाएं पीसीसी सड़क व नाली निर्माण की है. मौके पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदिन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, समाजसेवी गोपाल राम, राजद के नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, झामुओ प्रखंड अध्यक्ष एमामूल हक गुड्डू, पूर्व पार्षद दिनेश शुक्ला, सुनील कुमार चौधरी, सलीमुद्दीन अंसारी, मजमूदिन अंसारी, विजय कुमार रवि, संजू ठाकुर, मुन्ना यादव, ज्वाला गुप्ता, सुबोध केशरी, रमेश कुमार, रवि कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# हत्या में शामिल तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** छतरपुर थाना अंतर्गत ग्राम दीनादाग टोला देवताही में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक महिला को हुई मौत, जिसमें शामिल तीन महिला को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा दिया। छतरपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मृतिका का पुत्र मुन्ना कुमार पिता मदन यादव द्वारा लिखित आवेदन जिसमे दिनांक 03 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे इनकी मां शान्ति देवी एवं बहन बकरी को खूंटा बांध रही थी कि इतने में इनके गोतनी कुलमनिया देवी उम्र 42 बर्ष पति लखन यादव, इनके बेटी रंजू कुमारी उस 22 वर्ष और अंजू कुमारी मे 19 वर्ष पिता लखन यादव सभी ग्राम देवताही पोस्ट कउअल थाना छतरपुर के रहने वाले उनलोगो द्वारा लकड़ी के पीढ़ा से मृतिका के गर्दन जोरदार वार किया जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जहां इलाज के दौरान दिनांक 24 अप्रैल.25 को इसकी मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक पलामू द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में टीम गठन किया गया। टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड के तीनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसमे सभी अभियुक्त पूछताछ में बताया गया कि जमीन बंटवारा को लेकर हमलोगों में पहले से विवाद था। और उस दिन मृतिका अभियुक्त लोग के जमीन में बकरी को खूंटा से बांध रही थी। जिसमें विवाद हुआ था और पास में ही रखा हुआ पीढ़ा से उसके गर्दन में मार दिए जिससे वह जख्मी हो गई। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई सभी गिरफ्तार महिला अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया गया। इस गठित पुलिस टीम में शामिल छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पु0अ0नि घनश्याम मिश्रा, छतरपुर थाना, सुशील उरांव छतरपुर थाना, महिला आरक्षी गूंजा कुमारी एवं महिला पूनम कुंवर सहित महिला पुलिस बल, सशस्त्र बल शामिल थे।

## किशुनपुर पंचायत सचिवालय में पंचायती राज दिवस पर विशेष कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** दिन गुरुवार को पंचायत सचिवालय किशुनपुर के सभागार में मुखिया सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा उपस्थित रहे।राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित ग्रामीणों ने देखा। और समझा। बीडीओ एवं मुखिया के द्वारा पंचायत में कार्यरत सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्कूली बच्चों के द्वारा पंचायती राज पर बनाए गए पेंटिंग को प्रथम पुरस्कार के रूप में शिल्ड प्रदान किया गया सम्मानित होने वाले में पिकेट प्रभारी निलेश कुमार, रीना कुमारी, अमरनाथ झा शिक्षक, राजेंद्र मांझी चौकीदार, सूरजदेव नारायण उद्योग विभाग, अंजलि सिंह पीरामल फाउंडेशन, मनोरमा देवी अबुआ आवास, पुतुल कुंवर वार्ड सदस्य, धीरेन्द्र पासवान, जीसीआरपी शिला दुबे, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र गीता देवी, विनीता देवी जलसहिया, मनरेगा मजदूर बीरबल भुईयां, प्रमिला देवी, सोबिन मोची प्रधानमंत्री आवास योजना, मुनि कुंवर अम्बेडकर आवास योजना, डिजिटल पंचायत भीएलई लव सोनी, विनोद प्रजापति कृषि मित्र, अजित मिश्रा जनसेवक, शशिकांत दुबे पैक्स संचालक, स्वयं सहायता समूह मां भवानी आजीविका चेतमा, चांदनी आजीविका किशुनपुर एवं अन्य को सम्मानित किया गया मौके पर उपमुखिया विकाश साव, पंचायत सचिव पूजा कुमारी, प्रमोद सोनी, दीनानाथ सोनी, नीलिमा झा समेत सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

## पंजाब काम करने गये युवक की मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नप मुख्यालय का एक युवक पंजाब के जालंधर में कमाने गया था.जब वह घर से गया था तो कई सपनों के साथ गया था.उसका सबसे बड़ा सपना तो यही था कि कुछ पूंजी हाथ में आ जाये तो बिश्रामपुर में ही अपना कोई छोटा - मोटा धंधा करेगा और परिवार जनों के साथ रहेगा. लेकिन सारे सपने धरे रह गये. वह कमाकर नहीं आ पाया,आया तो उसका शव.मिली जानकारी के अनुसार विश्रामपुर का संजय विश्वकर्मा उर्फ छोटन (30) कुछ माह पहले पंजाब के जालंधर में काम करने गया था. जहां 22 अप्रैल को उसका तबियत एकाएक बिगड़ गया.जिसके बाद उसे वहां के निजदिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. लेकिन 22 अप्रैल को ही उसकी मौत हो गयी. सूचना मिलने पर परिजन जालंधर गये ओर शुक्रवार को उसका शव लेकर बिश्रामपुर पहुंचे. शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया. परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है. आज ही उसका अंतिम दाह संस्कार भी कर दिया गया. इधर शव आने की खबर सुनते ही जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, व्यापार संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल, समजसेवी संजय ठाकुर, सत्यनारायण सोनी सहित सैकड़ो लोग मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर परिवार वालो को ढांढस बंधाया।

### पहलगाम में आतंकवादियो द्वारा 26 पर्यटकों की बर्बरता पूर्ण हत्या पर जपला मुख्य डाकघर में शोक सभा



**हुसैनाबाद,पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ भारत व झारखंड राज्य के निर्देश पर जपला मुख्य डाकघर के अभिकर्ताओं एवं डाक कर्मियों ने मुख्य डाकघर में पहलगाम आतंकवादी घटना में मारे गये 26 पर्यटकों की हत्या पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता देवेन्द्र नाथ गुप्ता व संचालन श्रवण कुमार ने किया। वक्ताओं ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा देश विदेश के 26 पर्यटकों की बर्बतापूर्ण नृशंस हत्या से पूरा देश गुस्सा में है। देश के सभी जगहों से आतंकवादियो को सबक सिखाने की मांग हो रही है जिसपर भारत सरकार ने कई बड़े व कठोर फैसले लिये। कार्यक्रम में उपस्थित अभिकर्ताओं व डाक कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर सभी मृतको के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया गया। मौके पर देवेन्द्र नाथ गुप्ता व श्रवण कुमार के अलावे रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, रविकांत सिंह, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर, राजकुमार सौरभ कुमार, अभिषेक प्रभाकर, पपू प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, धीरेन्द्र कुमार, भगवान राम, कुलदीप प्रसाद सोमनाथ, ज्योति प्रसाद, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिकर्ता व डाक कर्मी उपस्थित थे।

## पहलगाम में आतंकी हमला के विरोध में रेहला में युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गये कायराना हमला के विरोध में आक्रोशित युवाओं ने रेहला में कैंडल मार्च निकाला. कैंडल मार्च की शुरुआत रेहला महावीर चौक से हुआ. जो नगर भ्रमण के दौरान, सब्जी बाजार, स्टेशन रोड होते हुये योगीबीर बाबा मंदिर परिसर में पहुंचा. जहां कैंडल मार्च सभा में तब्दील हो गया. मार्च में शामिल युवा हाथ मे कैंडल व तख्ती लिये आतंकवादी विरोधी नारे लगाते हुये न्याय की मांग कर रहे थे. योगिबिर बाबा मंदिर परिसर के पास सभा समाप्ति से पहले युवाओं ने आतंकी हमला में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी. कैंडल मार्च में वरीय भाजपा नेता डॉ बीपी शुक्ला, पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष चौबे, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, समाजसेवी ज्वाल गुप्ता सहित काफी संख्या में स्थानीय युवक शामिल थे।

# पूर्व सैनिकों ने पहलगाम में मारे गये निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए जताया आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद पलामू, पुर्व सैनिकों ने हुसैनाबाद स्थित कार्यालय मे कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आंतकीयों द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या पर सभी मृत आत्माओं के शांति के लिए दो मिनट मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की साथ ही सभी ने इस निर्मम हत्या की पूर जोर विरोध जताई। सभी ने भारतीय तीरंगा झंडा लहराते हुए एक स्वर नारे लगाए हिन्दुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई, हम सब हैं भाई भाई, पाकिस्तानी आंतकी होस में आओ, होश में आओ, भारतीय सैनिक आगे बढ़ो ,हम तुम्हारे साथ हैं एवं पाकिस्तानी झंडे को पैरों से कुचलते हुए जलाई । पुर्व सैनिकों के साथ श्रद्धांजलि में क्षेत्र के काफी लोग सामिल हुए विषेश कर महिलाएं काफी आक्रोशित दिखें। जिस तरह पर्यटकों को निर्मम हत्या कर सूहागीनों हागीनों की सुहाग छिन ली बच्चों को अनाथ बेवश एवं बेसहारा बना दिया । सभी ने सरकार से अविलम्ब खुन का बदला खुन से लेने कि मांग कि। मौके पर उपस्थित संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा बेशक हमारा देश हिन्दुस्तान बुद्ध के निती पर चलती है न कि यूद्ध की लेकिन युद्ध के लिए उकसाया जा रहा है अब केवल युद्ध हि एक मात्र बचाव का रास्ता है । उन्होंने ने कहा क्या हमें कलमा पढ़ना नहीं आएगा तो मार दिये जाएंगे हिन्दू होना गुनाह है आज हमारे देश के तिनों सेनाओं के पास भरपुर उन्नत हथियार उपलब्ध है उसका उपयोग करने का सही समय है। जिस तरह आंतकीओ ने जात और धर्म पुंछ कर गोली मारी है मानव कभी ऐसा नहीं कर सकता है। आगे कहा कि मारे गए पर्यटकों में एक नेभी के लेफ्टिनेंट एवं आई बि आफिसर भी सामिल है जो शादी के बाद पत्नीयों के साथ हनिमुन मनाने गये थे लेकिन दुर्भाग्य पत्नीयों के हाथों की मेहंदी का रंग अभी चढ़ा भी नहीं था कि मंगलसूत्र छिन गई। कैप्टन दुखन सिंह ने कहा अब केवल कूटनीतिक तरीके से जबाब काफी नहीं होगा हथीआर उठाने की जरूरत है। मोके पर उपस्थिति बुन पुबलिक के डायरेक्टर मयंक सिंह ने कहा हम सभ सरकार एवं सैनिकों के साथ हैं कभी भी कहीं भी सरकार आर पार की लड़ाई के लिए आगे बढ़े । सभी काफी आक्रोशीत एवं उत्तेजित दिखें सभी ने अविलम्ब बदला लेने कि सरकार से मांग की ।आज श्रद्धांजलि एवं आक्रोश जताने में पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, कैप्टन दुखन सिंह सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, यदुनंदन ठाकुर,गौरी शंकर ठाकुर, अशरफी पाल, अक्षय सिंह, कृष्णा सिंह, प्रसाद सिंह, सतेन्द्र शर्मा, सुधीर सिंह, सतनारायण सिंह, राजेन्द्र प्रसाद मेहता, विर नारी , बुन पुबलिक स्कूल के, हेडमास्टर बबिता सिंह, बक्सी स्कूल के एन सी सी कैडेट, नवजवान बच्चे, महिलाएं, मिडिया कर्मी के अलावा और बहुत सारे नवजवान एवं बच्चे श्रद्धांजलि में शामिल हुए।

### वाहन चेकिंग के दौरान देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ओपी प्रभारी निलेश कुमार के नेतृत्व में किशुनपुर तरहसी मुख्य मार्ग पर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक पुलिस को देखते हुए भागने लगा। इस दौरान पुलिस को संदेही पर पीछा कर पकड़ा। जिसमें युवक के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। युवक पाटन थाना क्षेत्र के काला पहाड़ के सुनील राम के पुत्र विनीत कुमार को पुलिस पकड़ कर हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी निलेश कुमार ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। युवक के पास से एक देसी कट्टा एक पल्सर बाइक, मोबाइल बरामद किया गया है। किशुनपुर पिकेट की पुलिस आपराधिक तत्वों के लोग पर कड़ी नजर रखी है। अपराधी विनीत कुमार एक बड़े घटना को अंजाम देने का फिराक में था।

### केतार के चौरा गांव में चैता दुगोला का हुआ कार्यक्रम



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चौरा गांव में योगीवीर बाबा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चैता दुगोला कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही एवं वरिष्ठ समाजसेवी पंकज सिंह ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 28 पर्यटकों को आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात बिहार से आए सुप्रसिद्ध लोकगायक गुड्डू हलचल और अमर अकेला के बीच चैता दुगोला मुकाबला हुआ, जिसमें निर्णायक मंडली द्वारा गुड्डू हलचल को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने समाजसेवी पंकज सिंह द्वारा उक्त सांस्कृतिक आयोजन के सफल संचालन को लेकर सराहना की साथ ही कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं। इस अवसर पर समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा कि चैता दुगोला न केवल ग्रामीण परंपरा की पहचान है, बल्कि यह हमारी लोकसंस्कृति का अमूल्य धरोहर है। बदलते समय के साथ इसमें आधुनिकता का समावेश भी हो रहा है, फिर भी इसकी जड़ें हमारी मिट्टी से जुड़ी हैं जिन्हें बचाए रखना जरूरी है। इस अवसर दयानंद भगत, पंकज सिंह, निरज सिंह, धीरज सिंह, राजू सिंह, कन्हाई प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, मनोरंजन गुप्ता, अनिल पासवान, रविन्द्र सोनी, कांडी जिला परिषद सदस्य दिनेश कुमार, सौरभ सिंह, मनोज कुमार और राजू यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पहलगाम घटना के विरोध में बीजेपी ने निकाला मशाल जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पहलगाम घटना के विरोध में गुरुवार शाम को भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलुस पुराने स्टेट बैंक से निकलते हुए शहर के मेन रोड होते हुए गर्ल्स हाईस्कूल जाकर समाप्त हो गया।इस दौरान हाथ में मशाल लिए लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद, देश के गद्दारों को गोली मारो सालो को, हर आंसू का हिसाब दो पूरा पकिस्तान साफ करो जैसे नारे लगा रहे थे।गर्ल्स स्कूल के पास शहीद 28 लोगों को कैंडल जलाकर श्रधंजली दी गई। इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने कहा कि आज पूरे देश के लोगों के आंखो में आंसू के साथ गुस्सा है।पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने जो कायरतापूर्ण हरकत किया है उसका हिसाब मोदी सरकार जरूर देगी।यह विश्व की पहली ऐसी घटना है जहां धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या की गई है। शहीद होने वालों का कसूर बस इतना था कि वे हिंदू थे। लेकिन आज भी कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। ऐसा जवाब दिया जाए कि फिर से आतंकवादी ऐसी दुस्साहस करने की जरूरत नहीं करे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। उक्त दौरान भाजपा महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भगत दयानंद यादव, संजीत तिवारी, शैलेश चोबे, विभूति चोबे, कुमार कनिष्क, विकाश पांडेय, अशोक सेठ, विजया लक्ष्मी, सुरेंद्र गुप्ता, लाल मोहन यादव, चंदन पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, पहलगाम में मारे गये लोगों को किया गया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** आरापुर महुगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमें काश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये उन्हें नमन किया गया. इसके अलावा मृत आत्म के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया. स्कूली बच्चों ने कैंडल जलाकर आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया.वहीं बच्चों ने मोदी सरकार से इस्लामिक आर्तंकियों का समूल नष्ट करने का आग्रह किया गया.स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद पूरा देश ग़म व गुस्से में है. इस घटना में शामिल आतंकियों को ढूंढकर सरेआम फांसी पर लटका देना चाहिए.आतंकियों को कवर फायर देने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि नया भारत किसी भी हाल में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करेगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ति मिश्रा ने किया. संचालन उप प्राचार्य शैली कुमारी ने किया. मौके पर शिक्षिका नेहा वर्मा, सीता देवी, पूजा कुमारी, रीता देवी, प्रमोद सिंह, मंजीत दीक्षित सहित सभी शिक्षक - शिक्षिका, छात्र - छात्रा व कई अभिभावक मौजूद थे।

### पहलगाम में हुए आतंकी घटना के विरोध में अंजुमन कमिटी के तत्वाधान में किया गया विरोध प्रदर्शन

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहलगाम में हुए आतंकी घटना के विरोध में शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर में अंजुमन कमिटी के तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। जुम्मे के नमाज़ के बाद लोगों ने हाथ में काला बिल्ला लगाकर आतंकी घटना को कायरतापूर्ण और इंसानियत को शर्मशार करने वाला बताया। जुलूस शहर स्थित जामा मस्जिद से शुरू होकर गर्ल्स स्कूल जाकर समाप्त हुआ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

## झारखंड को बार बार शर्मशार नहीं करें सुदिव्य सोनू : मरांडी

रांची।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार के मंत्री सुदिव्य सोनू के बयान पर पलटवार किया। मरांडी ने कहा कि कल चारों ओर से जब हँसाई होने के बाद यह उम्मीद थी कि सुदिव्य सोनू को पहलगाम जैसे संवेदनशील आतंकी हमले पर व्यंग्य करने की अपनी गलती का एहसास हुआ होगा। लेकिन दुर्भाग्यवश, उन्होंने बेशर्मी की सभी सीमाएं लांघ दीं और आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फिर से अपने मानसिक दिवालियापन का परिचय दिया। कहा कि पूरा देश जानता है कि 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या का कारण उनका हिंदू होना था। अगर सुदिव्य कुमार सच बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, तो कम से कम उन्हें ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान देकर झारखंडवासियों को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए।

## मेन रोड समेत कई इलाकों में 26 को तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली

रांची : राजधानी रांची के मेन रोड, कोकर, चुटिया, कोकर ग्रामीण, कोकर शहरी, नामकुम विकास, खेलगांव और रिम्स के इलाकों में शनिवार को तीन घंटे तक बिजली नहीं रहेगी। यह जानकारी जेबीवीएनएल के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह आठ बजे से सुबह 11 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि जेबीवीएनएल की ओर से शनिवार को 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन, नामकुम के 132 केवी मेन बस की मरम्मती का कार्य किया जाएगा। इसलिए इन इलाकों में तीन घंटों तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। उल्लेखनीय है कि बिजली विभाग समय-समय पर पावर ग्रिड और पावर सब स्टेशनों में जर्जर केबल और अन्य मशीनों की मरम्मति का काम करता है। इससे विभाग की ओर से संबंधित इलाकों में बिजली सेवा को रोकना पड़ता है।

# सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप बनाने का काम शुरू, भारी संख्या में पुलिस तैनात



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का काम शुक्रवार को शुरू कर दिया गया है। बड़ी संख्या में एलएंडटी के वर्कर रैंप निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। रैंप निर्माण कार्य का विगत दिनों विरोध देखते हुए स्थानीय प्रशासन की सहायता ली जा रही है। सिरमटोली चौक पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। सिटी एसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर व कई डीएसपी थानेदार मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर रात जैसे ही कंस्ट्रक्शन कंपनी के जरिये रैंप निर्माण का काम शुरू किया गया, निर्माण का विरोध करने के लिए, देर रात कई लोग सिरम टोली पहुंच गए। इस दौरान पूरे सिरम टोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील करना पड़ा। आधी रात तक रैंप का विरोध कर रहे लोगों के साथ रांची पुलिस जूझती रही। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। आदिवासी संगठन के विरोध को देखते हुए पूरे सिरमटोली चौक को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। आनन -फानन में रांची के सिटी एसपी, डीएसपी सहित कई थानेदार मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस और रैंप विरोधी लोगों के बीच जमकर कहासुनी हुई। डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद के साथ विरोध कर रही कई महिलाओं ने धक्का-मुक्की की। आदिवासी संगठनों का आरोप है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से आदिवासियों को धोखा दिया जा रहा है। सरना स्थल को लेकर रैंप का विरोध समाज के द्वारा किया जा रहा है लेकिन सरकार पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है। अब इस मामले को लेकर सरकार का ही विरोध किया जाएगा। रांची पुलिस के कई अफसर और 100 से ज्यादा जवान आधी रात तक सिरमटोली में भीड़ से जूझते रहे। काफी समझाने के बाद भी जब भीड़ नहीं मानी तब सभी को हिरासत में लेकर बस में बिठा कर उन्हें सिरमटोली से हटाया गया। फिलहाल सिरमटोली को लेकर अभी भी माहौल तनावपूर्ण है। इसे देखते हुए सिरमटोली में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कराने का दिया गया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से 9 तक में नामांकन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।उपायुक्त द्वारा छात्राओं के नामांकन प्रक्रिया आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया।कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्ग 6 में कुल- 950 नामांकन, वर्ग-7 में कुल- 34 नामांकन, वर्ग 8 में कुल- 65 नामांकन, वर्ग - 9 में 87 नामांकन हेतु कुल रिक्ति/सीटों में नामांकन की स्वीकृति दी गई।झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 में वर्ग 6 में कुल- 250 नामांकन, वर्ग-7 में कुल- 17 नामांकन, वर्ग 8 में कुल- 04 नामांकन, वर्ग - 9 में 06 नामांकन हेतु कुल रिक्ति/सीटों में नामांकन की स्वीकृति दी गई। उपायुक्त ने अनुशंसित छात्राओं के चयन को लेकर आधार बिंदुओं नियमानुसार विभिन्न चयन आधारों छात्राओं के दृष्टिगत छात्राओं की अनुशंसा की गई है। समीक्षा के उपरांत जिला स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त छात्राओं को अनुशंसित किया गया। उपायुक्त द्वारा गर्मी को देखते हुए सभी झारखण्ड बालिका आवासिय विद्यालय एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में पेय जल के बारे में जानकारी लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की ग्रस्फ्रण्ड फंड से इन आवासीय विद्यालयों में सब विद्यालयों से सूची प्राप्त करते हुए, उन विद्यालयों में किचन निर्माण, शौचालय, पेय जल, क्लास रूम पूरा कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की झारखण्ड बालिका आवासिय विद्यालय एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में सुरक्षा की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। कोई अनअधिकृत व्यक्ति विद्यालय के कैंपस में नही आए। बच्चों की सुरक्षा के लिए इन छात्रावास में के चारों ओर घेराव कराने के भी निर्देश दिए गए। साथ इन छात्रवास में मेडिकल चेकअप कैंप समय- समय पर लगाने के भी निर्देश दिए गए । उपायुक्त द्वारा ड्रॉप आउट बच्चों की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए इस पर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक श बादल राज एवं सभी, वार्डन तथा संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पहलगाम हमले के शहीदों और पत्रकार मनमोहन को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पहलगाम हमले के शहीदों और राँची प्रेस क्लब के सक्रिय सदस्य रहे मनमोहन सिंह को प्रेस क्लब में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर पाक समर्थित आतंकवाद का पुतला भी पत्रकारों ने फूंका। शोक की इस घड़ी में सभी पहलगाम के शहीदों और प्रेस क्लब के सदस्य रहे दिवंगत पत्रकार साथी मनमोहन सिंह को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह , सचिव अमरकांत , संयुक्त सचिव, रतनलाल , कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह , कार्यसमिति सदस्य आलोक सिन्हा , राजू प्रसाद, विजय मिश्रा , चन्दन भट्टाचार्य , सौरभ कुमार शुक्ला , सन्दीप मिश्रा , सौरव कुमार , चन्दन वर्मा , कमलेश मिश्रा, विजय गोप, परवेज , नीतीश कुमार , जेमिनी सरकार सहित दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद थे।

# काली पट्टी लगा कर शिक्षक संघ ने आतंकी हमला का किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले सूबे के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के लगभग पच्चास हजार शिक्षकों ने 22 अप्रैल के जम्मूकश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे 28 देशवासियों की नृशंस हत्या के खिलाफ शिक्षकों ने अपने कार्यस्थल स्कूल सहित ब्लाक प्रशिक्षण केंद्र में काली पट्टी लगाकर विरोध किया साथ ही दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा के शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि इस जघन्य व कायरतापूर्ण मानवता को कलंकित करने वाली आतंकी हमला का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए ऐसे लोगों को माफ करने का कोई हक नहीं बनता। मानवता को शर्मसार करने वाली घटना से राज्य के शिक्षकों में काफी उबाल है देश मर्माहत है। विरोध में अनूप केसरी, राममूर्ति ठाकुर ,नसीम अहमद, असदुल्लाह ,धीरज कुमार ,सुनील कुमार, हरेकृष्ण चौधरी ,संतोष कुमार, दीपक कुमार , बाल्मीकि कुमार ,अनिल कुमार, अजय ज्ञानी ,राकेश कुमार , राजीव लोचन ,श्रीकांत सिंह, अनिल प्रसाद ,संजय कुमार, प्रभात कुमार आदि लोग शामिल थे।

# सीपीआई ने कामरेड उमेश नजीर को दिया श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सीपीआई झारखंड राज्य परिषद के पूर्व सदस्य सह आईपीटीए क्रांतिकारी साथी कॉम उमेश नज़ीर की चौथी पुण्यतिथि रांची स्थित अल्बर्ट एक्का चौक के राज्य कार्यालय मे मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी। उनके चित्त पर पुष्प अर्पित कर उनकी याद मे 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर रांची जिला परिषद के सदस्य सह इप्टा के राज्य कोषाध्यक्ष शयामल चक्रवर्ती ने कहा कि उमेश का जाना पार्टी और समाज के बहुत बड़ी क्षति हुई है। वहीं राज्य परिषद सदस्य फरजाना फारुकी ने कहा कि उमेश ने समाज के हर वर्ग को प्यार दिया है। मजदूर और शोषित वर्ग के लिए हमेशा संघर्षशील रहे। संतोष कुमार रजक पूर्व प्रत्याशित कांके विधानसभा ने कहा कि उमेश नजीर निर्भीक और मजदूर तबके के भलाई में अपना जीवन व्यतीत कर दिया। संस्कृत कर्मी श्यामल मालिक ने कहा कि उमेश नजीर हमेशा कहता था कि परिवर्तन बिना सांस्कृतिक लडाई का असंभव है।उमेश नजीर की कमी पार्टी को हमेशा खलेगी।इस अवसर पर श्यामल चक्रवर्ती,मनोज ठाकुर संतोष रजक राजेश कुमार राय,सौमिक दास फरजाना फारूकी समेत कई लोग शामिल थे।

## साहित्यकार चिंतक उमेश नजीर की मनाई गई चौथी पुण्यतिथि

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के सक्रिय रंगकर्मी, लेखक, साहित्यकार चिंतक और कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता रहे कामरेड उमेश नजीर की चौथी पुण्यतिथि कांटाटोली के गढ़ा टोली स्थित गरीब बच्चों के बीच मनायी गयी। इस अवसर पर बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष दो मिनट मौन रखकर और उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बता दें कि 25 अप्रैल 2021 को कोविड-19 दौरान उनका निधन रिम्स में इलाज के दौरान हो गया था। वे अपने पीछे भाई, पत्नी और बच्चे सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उमेश नजीर को पत्रकारिता, साहित्य, रंगकर्म, गायन सभी क्षेत्र में महारत हासिल थी। पूंजीवाद और शोषण के खिलाफ उनके लेख थे जो नाटकों में देखने और पढ़ने को मिलता था। उनके निधन से नाटक के क्षेत्र में काफी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। मौके पर फरजाना फारुकी परवेज कुरैशी, नूरी खातून, शहजादी खातून, अगता पन्ना, संजू मुंडा, लखी मुंडा, बाबी मुंडा, अंजुम परवीन, बिरसि गोसाई सहित कई लोग शामिल थे।

# फिल्म नायका रिवेंज ऑफ लव रिलीज कचरा चुनने वालों की संघर्षो की कहानी

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र



रांची। झॉलीवुड की नागपुरी सादरी फिल्म नायका रिवेंज ऑफ लव शुक्रवार को न्युक्लीयस मॉल के पीवीआर सिनेमा में प्रदर्शित हो गया है। पहले दिन दर्शकों की भीड़ रही और फिल्म को पसंद किया। फिल्म को बढ़वा मिले इसके लिए राज्य सरकार सभी सिनेमा घरों के मालिकों को दो शो चलाने और टैक्स फ्री कराने का निर्देश दिया जारी करना चाहिए, ताकि झारखंड की फिल्म,भाषा, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। फिल्म की कहानी कुछ इस तरह से है कि कचरा चुनने वाले युवक, युवती और एक बच्चा के इर्द -गिर्द घूमती है। फिल्म दिखाया गया कि कचरा चुनने वाले का जीवन किस तरह से संघर्षो से भरा होता है और इसी के बीच में रोज मर्रा के जीवन में युवती, बच्चे डेंड्राइड जैसे नशे के चपेट में आ जाते हैं । कैसे नशा के कारण उसकी जिंदगी खत्म हो जाती है। कहानी शुरू होती है विनोद महली जो नायका की भूमिका में है और कचरा चुनने वाला है , उसके कचरे वाले खोली में लड़की रहती है बिंदु चंदा मेहरा और गोलू नाम का एक बच्चा तीनों अनाथ है। बिंदु दिल ए दिल में नायका को प्रेम करने लगती है, लेकिन एक दिन इजहार भी कर देती है। नायका शर्त रखता है कि वह डेंड्राइड, शराब आदि का नशा नहीं करेगी, तो उससे शादी करेगा। बिंदु भी नशा नहीं करना का वादा करती है। इसी दौरान एक समाजसेवी लड़की तृष्णा तांति का इंट्री होता है , जो गरीब अनाथ लोगों के बीच में कंबल,भोजन वगैरह वितरण करती है। नायका उसे पसंद करने लगता है। कहानी कुछ आगे बढ़ती है तभी बिंदु अचानक गंभीर रोग से ग्रसित हो जाती है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, लेकिन उसके पास पैसे नहीं होता है नायका पैसे की तलाश में समाजसेवी युवती को खोजने लगता है, तभी उसकी हत्या हो जाती है। पुलिस कातिल की तलाश कर रही है। पांच युवाओं को के बारे में यह पता चलता है, लेकिन हत्या का बदला जिस तरह से लिया जाता है वह यह देखने लायक है। फिल्म का क्लाइमेक्स जबरदस्त है। फिल्म में गाना भी अच्छा है और इमोशनल सीन भी है जो आपको सिनेमा हॉल में बांधे रखती है। फिल्म का निर्देशन विनोद महली ने किया है और स्टोरी बिलाल ने लिखा है। बेलाल कचरा चुनने वालों की जिंदगी पर जिस तरह से कहानी लिखा उसे सिंगल थियेटर में देखने वाले दर्शक पसंद करेंगे। कहानी के अनुसार मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल में मध्यम वर्ग के दर्शकों के लिए थोड़ा मुश्किल होगा। इस फिल्म में पुलिस की भूमिका और होनी चाहिए, जब पुलिस को डॉक्टर बताता है की लड़की डीएनए और जो दो लड़का की हत्या हुई है उसकी रिपोर्ट एक है तभी पुलिस को यह समझ में आ जाना चाहिए कि इसके साथ और तीन लड़के मिले थे यही लोग हत्यारा है। दूसरी तरफ बिंदु जो बीमार पड़ती है अस्पताल जाती है, और इलाज में बहुत पैसे खर्च होगी। सरकारी अस्पताल दिखाया गया था तो आयुष्मान कार्ड से गरीबों को लाभ दिया जा रहा है इसकी भी जानकारी फिल्म के निदेशक को अपने फिल्म के माध्यम से लोगों तक पहुंचना चाहिए। दर्शकों को फिल्म इसलिए देखना चाहिए कि नशा कितना बूरा लत है,इससे दूर रहें, फिल्म में गाना और एक्शन है। फिल्म में विनोद महली, तृष्णा तांती, चंदा मेहरा, इसका लकड़ा, नितेश कच्छप एवं अमन आदि है। विनोद महली, स्टोरी बेहाल गुरु, संगीत अमित तिर्की,प्रोबिन लकड़ा, अमित कर माली, गीत केशव केसरिया, अमित तिर्की, प्रोबिन लकड़ा, गायक ज्योति साहु, पवन रॉय, डा लकड़ा।

## भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे कश्मीर के गुलमर्ग में क्या कर रहे थे, घटना संयोग था या साजिश: डॉ इरफान



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। डॉ. इरफान अंसारी मंत्री, झारखंड सरकार स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति व आपदा प्रबंधन विभाग ने भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे को लेकर जांच की मांग की है। इरफान अंसारी ने कहा कि देश की अमन-शांति के लिए आज जुम्मे की नमाज़ अदा की गई है और बता दें कि आतंकवाद का कोई धर्म, जात नहीं होता लेकिन शर्म की बात है कि भाजपा इसे भी धर्म और जाति से जोड़कर देश को बांटने की घटिया राजनीति कर रही है। अब मैं भाजपा सांसद निशिकांत दुबे से सीधा सवाल करता हूं कि घटना से ठीक एक हफ्ता पहले आप गुलमर्ग में क्या कर रहे थे? तीन लेयर की वीवीआईपी सुरक्षा में मैरिज एनिवर्सरी मना रहे थे। भाजपा के बड़े-बड़े नेता शामिल थे। उनके लिए टाइट सिक्योरिटी, और हमारे आम पर्यटकों के लिए एक लेयर भी नहीं? क्या ये कोई संयोग था? या साजिश? क्या मैरिज एनिवर्सरी के नाम पर कुछ और खेल चल रहा था? ये महज़ सवाल नहीं, गंभीर जांच का विषय है।

## आतंकी हमले का डटकर करेंगे मुकाबला एकल अभियान

रांची : पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को एकल अभियान, रांची ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बरियातु रोड स्थित आरोग्य भवन के सभा कक्ष में किया गया। इस अवसर पर घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। वहीं मौके पर एकल अभियान के केन्द्रीय अभियान प्रमुख ललन शर्मा ने कहा कि एकल अभियान की ओर से पहलगाम की घटना में मारे गए लोगों की याद में दो लाख गांवों में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया है।

# रेल सुरक्षा बल लोहरदगा द्वारा यात्री को चिकित्सा सुविधा प्रदान करवाया

प्रभात मंत्र संवाददाता



रांची। रांची रेल मण्डल मे आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर सतर्क आरपीएफ यात्रियों के बेहतर सुविधाओ के लिए प्रयासरत है उसी क्रम मे दिनांक 23.04.2025 को जब ट्रेन संख्या 18636, सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, सुबह 09ः08 बजे प्लेटफार्म संख्या-1 पर लोहरदगा स्टेशन पहुंची, उस दौरान एएसआई एस. असीमुद्दीन द्वारा नियमित जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह पाया गया कि यात्री ओम प्रकाश सिंह, उम्र लगभग 59 वर्ष, पिता - स्व. वायस सिंह, निवासी - प्रताप नगर रेरका, थाना - डाल्टनगंज, जिला - पलामू, अपने अस्थायी ड्राइवर सुरेन्द्र राम, उम्र लगभग 58 वर्ष, पिता - सीता राम, निवासी - पोखरा खुर्द, थाना - डाल्टनगंज, जिला - पलामू, के साथ सामान्य डिब्बे में डाल्टनगंज से रांची जा रहे थे। यात्रा के दौरान सुरेन्द्र राम ट्रेन के फुटबोर्ड पर बैठे थे, और जब ट्रेन हिंडालसो भोकता बगिचा स्टेशन में प्रवेश कर रही थी, तब उनका दायां पैर प्लेटफार्म के किनारे से टकरा गया, जिससे उनके पैर की एड़ी में चोट लग गई। खबर मिलने उपरांत आरपीएफ लोहरदगा द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया, 108 डायल कर एम्बुलेंस बुलाई गई तथा एएसआई एस. असीमुद्दीन एवं अन्य स्टाफ द्वारा घायल यात्री को सदर अस्पताल, लोहरदगा पहुंचाकर इलाज में हर संभव सहायता प्रदान की गई। उपचार के बाद जब यात्री सुरेन्द्र राम स्वस्थ महसूस करने लगे, तो वे अपने सहयोगी श्री ओम प्रकाश सिंह के साथ सकुशल घर लौटे। दोनों यात्रियों के बयान दर्ज किए गए, जिसमें उन्होंने स्वयं स्वीकार किया कि सुरेन्द्र राम ट्रेन के फुटबोर्ड पर बैठे थे और यह घटना उनकी असावधानी के कारण हुई, जिसके लिए रेलवे प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। दोनों यात्रियों ने आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई और इलाज के दौरान दिए गए सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# विधायकों ने आतंकवादी हमले में मारे गए आईबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से किया मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के दौरान मारे गए आई बी अधिकारी मनीष रंजन के पश्चिम बंगाल झालदा स्थित आवास पर कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुलाकात की ।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व में जे एम एम विधायक विकास सिंह मुंडा और जे एम एम विधायक मंगल कालिंदी ने शोक संतप्त परिवार से घटना की जानकारी ली। इस दौरान आई बी अधिकारी मनीष रंजन की माँ का रो रो कर बुरा हाल था । पिता मंगलेश कुमार मिश्रा ने बातचीत के क्रम में बताया की बचपन से ही मनीष रंजन मेधावी छात्र रहे ।

सिर्फ शिक्षा ही नहीं क्रिकेट में उनकी प्रतिभा और संगीत की कला ने उन्हें अपने प्रियजनों के बीच लोकप्रिय बनाए रखा । आज जब उनका बेटा नहीं रहा , तो ऐसा लगता है जैसे सब कुछ खत्म हो गया है ।आई बी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से मिलने के बाद कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस घटना से हम सभी आहत है । परिजनों ने कुछ समस्याओं रखा है जो जायज है , जैसे दूसरे राज्य में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के टी सी की बात हो या केंद्र सरकार के द्वारा नौकरी के प्रावधान की बात हो , इन समस्याओं को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखने का काम किया जाएगा ।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# बलसोकरा में वक़्फ़ बचाओ संविधान बचाओ, कॉन्फ्रेंस कल तैयारी पूरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के बलसोकरा मदरसा चौक में 26 अप्रैल शनिवार को 10 बजे से मुत्ताहिदा ओलमा मिल्ली काउंसिल सहित अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा आयोजित वक़्फ़ बचाओ संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिहार झारखंड उड़ीसा बंगाल के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी इदारे शरिया से मौलाना कुतुबुद्दीन रिज़वी मौलाना तहजीबुल हसन स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कल्याण मंत्री हफीजुल हसन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कांग्रेस नेता बंधु तिर्की कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार बैठा अजय नाथ शाहदेव एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर सहित झारखंड इमारत ए शरिया से मुफ़्ती अनवर क़ासमी झारखंड सादर मजलिस ए ओलमा झारखंड हज कमेटी के सदस्य साहिल अहमद कई सामाजिक संगठनों के लोग शामिल होंगे मुत्ताहिदा मिल्ली काउंसिल के केंद्रीय सचिव रहमतुल्लाह अंसारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि।हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा वक़्फ़ बोर्ड कानून में बदलाव किए जाने के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है ताकि केंद्र सरकार अपनी मनमानी और बहुमत के दम पर असंवैधानिक तरीके से कानून में बदलाव किया है इसको वापस ले। उन्होंने बताया कि केन्द्र्ह्सरकार द्वारा बनाया गया वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 न सिर्फ़ धार्मिक संस्थाओं पर चोट करता है बल्कि अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय, स्वायत्तता की भावना को कुचलता है। यह सत्ता और नौकरशाही की दखलंदाजी को सुशासन कहकर पेश करता है ''सरकार जिसे सुधार बता रही है, अनुच्छेद 26 हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन और उसके धर्म से जुड़ी सम्पत्तियों के प्रबंधन संशोधित अधिनियम के प्रावधान 11 में कहा गया है कि वक्फ बोर्डों में पदाधिकारी सरकार द्वारा चयनित किए जाएंगे, न कि उनका चुनाव होगा, जब राज्य सरकारें सभी लोगों की नियुक्ति करेगी तो संस्था की स्वायत्तता और स्वतंत्रता कैसे सुनिश्चित होगी।

## भारतीय संगीत की सुरमयी छाया में सरला बिरला पब्लिक स्कूल



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में 25 अप्रैल 2025 को स्पिकमैके के सहयोग से संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था छात्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के प्रति प्रेम और समझ को बढ़ावा देना। इस कार्यक्रम में सुप्रतीक सेन गुप्ता ने प्रस्तुति दी, जो एक प्रसिद्ध सितार वादक हैं, जिन्होंने कई पुरस्कार जीते हैं और वे पद्म भूषण पंडित बुद्धदेव दास गुप्ता और पार्थ प्रतिम चटर्जी के शिष्य हैं। उनके साथ बनारस घराने के भारत के प्रमुख तबला वादक बिस्वजीत पाल भी थे। उन्होंने सितार पर विभिन्न रागों की सुंदर धुनें प्रस्तुत कीं, जिनमें तबले की मोहक संगत भी शामिल थी।जहाँ उन्होंने न सिर्फ भारतीय शास्त्रीय संगीत के स्वरूप को करीब से जाना, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी रूबरू हुए। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न सिर्फ छात्रों को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की भावना भी देते हैं।

## पहलगाम आंतकी हमले में मारे गए आईबी ऑफिसर के आवास पहुंचे केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



**सिल्लीट(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए पश्चिम बंगाल झालदा के आईबी ऑफिसर मनीष रंजन जी के झालदा स्थित घर पहुंच कर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उसके परिजनों से मुलाकात किया, साथ ही शोक व्यक्त किया। एवं ढांढस बंधाते हुए परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष धीरज महतो सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक समेत काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुदेश महतो का प्रयास रंग लाया, सड़क निर्माण में भुमि अधिग्रहण के लिए रैयतों के साथ अधिकारियों की होगी बैठक

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला पथ चौड़ीकरण को लेकर सुदेश कुमार महतो के पहल पर विभाग द्वारा पथ प्रमंडल रांची के द्वारा रैयतों एवं ग्रामीण के साथ आम सभा को लेकर तिथि तक की गई है। विभागीय कार्यालय से दी गई सुचना के अनुसार आगामी 28 अप्रैल को कुतरु, सिंगपुर, बांसारुली, मुरी, तिरला? एवं काशीडीह का प्रखंड सभागार में। 29 अप्रैल को बनवाडीह, हरीडीह, गेड़बीर, रामपुर एवं टेटे बांदा का पंचायत सचिवालय हाकेदाग में । वहीं कुसुमटीकरा व लोदमु पंचायत के गांवों का पंचायत सचिवालय पिस्का में होगी। ज्ञात हो कि मुरी झारखंड मोड़ से गोला तक सड़क चौड़ीकरण के लिए रैयतों के जमीन अधिग्रहण कर सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध किया था। सड़क निर्माण का विरोध करने पर संवेदक के लोगों द्वारा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करने के साथ पुलिस का भय दिखाते हुए रंगदारी केस में फंसाने की धमकी दी जा रही थी।जिसमें उन्होंने भुमि अधिग्रहण को लेकर विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर आमसभा कराने का आश्वासन दिया था। बैठक में विभाग के पंकज कुमार सिन्हा, दुबराज केरकेट्टा, मनोज कुमार सिन्हा, राजकुमार महतो, प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## हिन्दुस्तान के दिल पर हुआ है हमला, हर भारतीय, आहत निकाला कैंडल मार्च



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया. खलारी के भूतनगर डकरा में कैंडल जला कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. अब्दुल्ला अंसारी ने कहा की यह हिंदुस्तान के दिल पर हमला है, जिससे भारत का प्रत्येक व्यक्ति आहत है. किसी भी सभ्य समाज में इसका कोई स्थान नहीं है. यह घटना इंसानियत को शर्मसार करने वाली है. केंद्र सरकार से इस आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का आग्रह किया. इस मौके पर सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, कुलदीप कुमार, फिरोज अंसारी, धर्मेंद्र चौहान, उपेंद्र ठाकुर, बिरजू ठाकुर, रियाज अंसारी, मुस्लिम अंसारी, विकास लोहरा, सुनील चौहान, सनी चौहान, जाफर अंसारी, छोटू अंसारी उपस्थित थे.

## उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यक्रम



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा टाटी पूर्वी पंचायत सचिवालय में दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा थे।उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से सी एस आर हेड डॉक्टर मयंक मुरारी ने भी अतिथियों का स्वागत करते हुए।ग्रामीण क्षेत्रों में फाउंडेशन द्वारा शिक्षा,कृषि, दिव्यांग जनों के किए गए कार्यो के बारे में विस्तार से बताया।आगत अतिथियों द्वारा दिव्यांजनो के बीच बैटरी साइकिल,ट्राइसाइकिल,सेंसर स्टिक, हियरिंग मशीन इत्यादि वितरित किए गए।इस अवसर पर मुखिया टाटी पूर्वी कृष्णा पाहन,राजन साहू,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा, नागेश्वर महतो, माधुरी देवी,राजेश यादव,विनोद अग्रवाल,रंथू नायक, रामकृष्णा महतो, गिरिधर मिश्रा,पुरूषोतम मिश्रा,शैलेश मिश्रा,जितेंद्र सिंह, शनील जॉय इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरुण कुमार,संगीता कुमारी,भुनेश्वर महतो, मोनिता देवी दीपशिखा के पांडे सर इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ठाकुर गांव के बंसरी गांव में शुक्रवार को शिव उपासना का पूजा मंडा पूजा झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया

**ठाकुरगांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में शुक्रवार को शिव उपासना का पूजा मंडा पूजा झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व गुरुवार की रात्रि भोक्ताओं ने लोटनसेवा,धुँआसी आदि अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद पंडित बासुदेव गोस्वामी के मंत्रों के बीच 125 भोक्ताओं ने हर हर महादेव के जयघोषों के बीच दहकते अंगारों में चलकर फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। रात्रि में समिति द्वारा आयोजित नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का उदघाटन जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने किया। जिसका लुत्फ दर्शकों ने पूरी रात उठाया। शुक्रवार को भोक्ताओं को झूलन कराया गया। झूलन के दौरान पवित्र पुष्प पाने की होड़ महिलाओं में देखी गई। मंडा पूजा के सफल आयोजन में अजय साहु, शिबु पाहन,कौशल साहु, हरि साहु, संदीप साहु, रामेश्वर महतो,रमेश साहु, विश्वनाथ मुंडा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## पेंशनर समाज में निकाला कैंडल मार्च



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सर्वधर्म सद्भावना समिति और पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को इटकी बाजार स्थित जेपी चौक में पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की विरोध में कैंडल जला कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबंधित करते हुए पेंशनर समाज के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा कि देश की तरक्की के लिए आतंकवाद का खात्मा होना जरूरी है, जो हर भारतीय की इच्छा है। मौके पर दो मिनट का मौन रख कर सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सभा में इटकी बुद्धिजीवी मंच के लोग भी शामिल थे। श्रद्धांजलि सभा में सचिव बिनोद सिन्हा, देवेंद्र महतो, नंदलाल महतो, मुजाहिद, लाला खान, मो नईम सहित अन्य शामिल थे। इधर श्री शक्ति संघ के बैनर तले आक्रोश रैली निकाली गई जो जगन्नाथ मंदिर से निकल कर इटकी बाजार पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। रैली में हाजी मुजाहिद,नवीन केशरी, सुलूम चाइना, लाला खान,अमित महतो, कृष्णा राम तिवारी, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ख़राब ट्रांसफार्मर जिला परिषद आदिल अज़ीम के सहयोग से हुआ ठीक, ग्रामीणों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** विगत कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बलसोकरा वासियों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। तो वही ग्रामीणों ने अलग-अलग माध्यमों से ट्रांसफार्मर ठीक कर लगवाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद ग्राम में बिजली की समस्या दूर नहीं हो रही थी। बलसोकरा ग्राम वासियों द्वारा बिजली समस्या की जानकारी जिला परिषद सदस्य आदिल अज़ीम को दिए। ग्रामीणों कि समस्या को देखते हुए आदिल अज़ीम ने रात में ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर के तत्काल ठीक कर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने को कहा। समस्त ग्राम वासियों द्वारा जिला परिषद आदिल अज़ीम के प्रयास के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर जमील अंसारी, मंजूर अंसारी, मो मतीन, मो कलीम, मो हसीब, मो नसीम, अफरोज आलम, मो रियाज, मो आसिफ, नौशाद आलम, फिरोज आलम, अब्दुल कुद्दूस, नाजिर आलम, अब्दुल मनान, परवेज आलम समेत कई लोग थे।

## साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के बच्चो का बेहतर प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** साइंस ओलिंपियाड फाउन्डेशन के द्वारा आयोजित इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में संत माईकल+2 स्कूल, मूरी के 9 बच्चों को स्वर्ण पदक मिला। विद्यालय प्रांगण में आज सभी विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक एवम् प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक राकेश कुमार ने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता एवं दृढ़ संकल्प ने इतनी बड़ी सफलता दिलाई। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए रमेश गोराई, सीमा झा, प्रतिमा कुमारी, डोली कुमारी,प्रीति नंदा, मनीषा सिंह , वी वेंकट राव एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# पोषण पखवाड़ा के तहत विद्यार्थियों को जंक फूड से दूर रहने को कहा गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश के अनुसार पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतिम दिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम कक्षा चार के विद्यार्थियों द्वारा एक हास्य नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें दिखाया गया की अपोषणीय खाद्य पदार्थ तथा तली-भुनी चीजें खाने से शरीर को क्या नुकसान होता है और पारंपरिक व पौष्टिक भोजन खाने से क्या फायदे होते हैं.कक्षा चार के नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत यह हास्य नाटक सूत्रधार अनन्या सिंह , अम्बुज कर्मकार और मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया .इसके अलावा कक्षा सात व आठ के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक पोषण = स्वास्थ्य और स्वच्छता था .इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सैंट उर्सुला हाउस द्वितीय स्थान पर फादर जॉन लैंबर्ट्स और तृतीय स्थान पर सैंट जेवियर हाउस रहे .इस क्विज प्रतियोगिता के संचालक शिक्षक शशि कुमार थे. इसे सफल बनाने में शिक्षिकाएं अल्का राही , नॉरबर्ट टोप्पो , सुबी सिंह और करिश्मा उजाला लकड़ा की सराहनीय भूमिका रही . इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सिस्टर निर्मला सैमुअल ने इस पोषण पखवाड़ा को सफल बनाने में शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने लंच बॉक्स में हमेशा पारंपरिक और पौष्टिक भोजन ही लायें.उन्होंने बच्चों को चाऊमीन, पास्ता , पिज़्ज़ा , बर्गर , कोल्ड ड्रिंक्स से दूर रहने की सलाह दी. उन्होंने माता -पिता और अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों की टिफिन में पौष्टिक भोजन ही दें , जंक फूड नहीं दें.साथ ही जंक फूड का प्रयोग न्यूनतम करने को कहा ताकि बच्चे स्वस्थ रहें.इस कार्यक्रम में विधालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे.

## आतंकी हमले में मारे गए लोगों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मृत निर्दोष लोगों के लिए गुरुवार की शाम सिल्ली बजार में स्थानीय लोगों ने एक कैंडल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि दी। ग्राम विकास स्कूल से शुरू थाना चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। मौके पर बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनो के कार्यकर्ता, व्यवसायी स्थानीय नागरिक शामिल थे। थाना चौक के समीप श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि निहत्थे पर हमला बेहद कायराना और अमानवीय है। सभी लोग इस मुश्किल की घड़ी में देश के साथ मजबूती से खड़े हैं। सभी वक्ताओं ने आतंकी हमले की निंदा की। कैंडल मार्च में राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, मनोज साव, भारत देव साय, संजय भगत, जितेंद्र प्रसाद साव, राजेंद्र प्रसाद साय, गोपाल केडिया, सुरेश मुंडा, रविन्द्र करमाली, बादल मुंडा, कामदेव सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, नेपाल साव, रमेश बड़ाइक, सुधीर साहु , चिंटू साव, अम्बुज रजक, देव रजक, प्रवीण गुप्ता , मुकेश भगत, बिल्टु दत्ता, दीपक महतो, पंकज मंडल, अर्णव साव, कृष्णा महतो, रवि नायक, राजु गोराई, छोटु महतो, पंकज साहु समेत ग्रामीण शामिल थे।

## आतंकियों व उनके आकाओं को नेस्तनाबूद करे भारत सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी शहीद चौक में एक शोक सभा आयोजित कर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों तथा नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए झारखंड के वीर सपूत को श्रद्धांजलि दिया गया. लोगों ने कैंडल जलाया तथा अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए. मौके पर उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद व हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया. भारत सरकार से मांग किया कि इस कायरतापूर्ण हमला करने वाले आतंकियों व उनके आकाओं को नेस्तनाबूद करें. इस मौके पर राजनसिंह राजा, जालिम सिंह, तनवीर आलम, मोनू रजक, अनिल पासवान, अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, बाबू खान, जावेद अख्तर, नवाब मल्लिक, मजहर खान, मो अब्बास, असलम अली, बीरेन्द्र यादव, अजय सिंह, सतेन्द्र खरवार, रवि उरांव, इकबाल खान, फिरोज आलम, तौहीद अंसारी, सुशील मुंडा, हरि प्रजापति, इसराइल अंसारी, सुधीर सिंह, मोबारक अंसारी, हिमांशु शेखर, अदनान सामी, राहुल कुमार, सुल्तान अंसारी, फसी अहमद, राजेंद्र प्रसाद, फली खान, वसीम अंसारी, आदि उपस्थित थे.

## कुरमी/कुड़मी समन्वय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला पथ काशीडीह के शिबू रेस्टोरेंट में कुरमी /कुड़मी समन्वय समिति झारखंड के सदस्यों की एक समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कुरमी /कुड़मी समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के संयोजक लालचन महतो उपस्थित थे। बैठक में पिछले दिनों संपन्न हुए दो दिवसीय सेमिनार की सफलता को लेकर समीक्षा की गई एवं आगामी जुलाई माह अंतर राज्य स्तरीय वृहत सम्मेलन करने करने में लिया गया। शहीदों के आत्मा की शांति के लिए लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।इस अवसर पर लालचंद महतो ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है और अब समय आ गया है कि देश एकजुट होकर आतंकवाद के सरपरस्तों को करारा जवाब दे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कम्युनिस्ट पार्टी का समर्थन दे रहा है और यह उनकी उसी नीति पर हमला करता है इस मौके पर निदाई चंद्र महतो,गिरिजा नंद माहातो,हीरालाल महतो,मधुर प्रसाद महतो, दुर्गा प्रसाद महतो,रमेश चंद्र महतो,रघुनाथ महतो,महावीर महतो,बालेश्वर महतो, आदि उपस्थित थे।

## रैयत जाहिद अली ने चतरा उपायुक्त को पत्र लिखकर अपनी जमीन पर मालिकाना हक दिलाने की उठाई मांग



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी रैयत जाहिद अली ने चतरा उपायुक्त को पत्र लिखकर उनकी जमीन पर अवैध तरीके से दूसरे व्यक्ति के द्वारा सीसीएल में नौकरी प्राप्त करने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की है।उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर उनके द्वारा पूर्व में सीसीएल प्रबंधन एवं अपर समार्हता चतरा को पत्र दिया जा चुका है।पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि उनके पूर्वजों का खानदानी जमीन मौजा बहेरा जिसका खाता संख्या 126 प्लॉट संख्या 138 तथा 144 रकबा 6 एकड़ 50 डिसमिल गैर मजरूआ भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा अवैध तरीके से सत्यापन कराकर सीसीएल में गलत प्रमाण देकर नौकरी प्राप्त किया है।जिसके कारण असली मालिकाना हक रखने वाले जाहिद अली के परिवार को आज तक उचित लाभ नहीं मिल पाया है।पत्र के साथ जाहिद अली ने अपनी जमीन से संबंधित कई दस्तावेज की छाया प्रति भी उपायुक्त को दी गई है।उन्होंने उपायुक्त से इस पर जांच करते हुए उचित कार्रवाई कर उक्त जमीन पर मालिकाना हक दिलाने की मांग की है।

## रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने के लिए किया जाएगा भूख हड़ताल : सुखी गंझु



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विस्थापित प्रभावित ट्रक टिपर ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखी गंझु ने स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षो से रोड सेल में कोयले की कमी के कारण ट्रकों का परिचालन काफी कम हो गया है,जिसके कारण ऑनरो की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो गई है।कोयले के अभाव में ऑनर को काफी परेशानी हो रही है।जबकी सीसीएल प्रबधंन प्रतिदिन हजारों टन कोयला उत्पादन करती है,लेकिन रोजगार के लिए रोड सेल मे कोयला बहुत कम देती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो से सीसीएल प्रबंधन के द्वारा रोड सेल में कोयले की कटौती करने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कई बार सीसीएल प्रबंधन से कोयला आवंटन बढ़ाने के लिए बात की गई,लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है।उन्होंने कहा कि प्रबंधन के इस रवैया के कारण ऑनरों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। यदि जल्द सीसीएल प्रबंधन इस समस्या का समाधान नहीं करती है तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करते हुए सभी ऑनर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

## बचरा जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद पहलगाम आतंकी हमले का किया गया विरोध



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले का पुरजोर तरीके से विरोध किया गया।इस दौरान सभी नमाजियों ने बचरा जामा मस्जिद के बाहर मुख्य द्वार पर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की और आतंकी हमले का पुरजोर विरोध किया।इस संबंध में बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने घटना की कड़ी निन्दा की और कहा कि आतंकवाद किसी धर्म,जाती और मजहब का नहीं होता।आतंकवादी जो कोई भी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।मौके पर मौजूद रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि यह घटना काफी निंदनीय है।साथ ही साथ मृतक परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ है।वही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई।इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में भारत सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।इस मौके पर बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज, बचरा अंजुमन के सेक्रेटरी इरफान शेख,इकबाल हुसैन, अब्दुल कुदूस अंसारी,तहुर आलम,मंजूर आलम,छोटू खान,अख्तर अंसारी,रिंकु खान, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद रियाज,साबिर मंसूरी,एनुल अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 30 अप्रैल को श्री श्री महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू नगर स्थित महावीर मंदिर का जीर्णोद्धार होने के पश्चात आगामी 30 में को श्री श्री महावीर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है. इसके पूर्व 28 में को बुंडू के रानी चूआ जल स्थल से बड़ी संख्या में कलश यात्रा महिलाओं के द्वारा निकाली जाएगी 29 में को मंडप पूजन मूर्ति अधिवास महा स्नान इसकी तैयारी और स्वागत के लिए कमेटी बनाया गया है जिसमें अध्यक्ष दीपक कुमार जायसवाल उपाध्यक्ष पारस जायसवाल महासचिव मनीष कुमार जायसवाल सचिव प्रमोद चौधरी उप सचिव शुभम चेल कोषाध्यक्ष शुभम लायक अंकेक्षक रितेश कुमार अमन जयसवाल संरक्षक के रूप में लक्ष्मी नारायण गुप्ता,मदन मोहन लाल भगत, प्रमोद कुमार सिंह,अरुण जैन, मनोज कुमार सिंह, संजय शर्मा ढोलू, रोहित प्रजापति, महेश साहू, अंकित जैन, महेश जैसवाल, आदि शामिल है

## बच्चों को योगाभ्यास कराया गया




**बुंडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू स्थित पीपीके कॉलेज बुंडू के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन गोद लिए गए ग्राम जाड़ेया के आंगनवाड़ी के बच्चें एवं गाँव के बच्चों को योग प्रशिक्षक संतोष कुमार ने योगाभ्यास कराया और प्रतिदिन योग करने की महत्व को बताया। योगाभ्यास के उपरांत बच्चों को बिस्कुट और टॉफी बाँट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। स्वयंसेवकों ने बच्चों के साथ बहुत सारे खेल खेले, जिससे बच्चों में ज्ञान और अनुशासन का विकास हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ तारकेश्वर कुमार, डॉ आराधना तिवारी, प्रो संगीता जायसवाल ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम में जुड़ेंगे शहीद परिवार, नमन संस्था द्वारा आयोजन



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में इस रविवार झारखंड को विशेष प्रतिनिधित्व मिलेगा। जमशेदपुर स्थित नमन परिवार को इस राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ है। 27 अप्रैल को प्रातः 11 बजे नमन कार्यालय में शहीद परिवारों, पूर्व सैनिकों और समाजसेवियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन होगा। नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने इस आयोजन के समन्वयक के रूप में इसकी जानकारी दी। यह आयोजन पूरे राज्य के लिए गौरव का अवसर बनेगा, जिसमें देशभक्ति की ऊर्जा फैलेगी।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत खरसावां में बकरी वितरण



खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) : खरसावां प्रखंड परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत वैष्णवी एंटरप्राइज रांची द्वारा 15 लाभुकों को मुख्यमंत्री अनुदानित मूल्य पर बकरी और बकरा वितरित किया गया। कार्यक्रम में खरसावां बीडीओ प्रधान माझी, प्रखंड प्रमुख मनेंद्र जामुदा, और जिप सदस्य काली चरण बानरा ने लाभुकों को 4 बकरियां और 1 बकरा प्रदान किया। इस अवसर पर, नेताओं ने बकरी पालन को रोजगार का बेहतर विकल्प बताया और किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। 50 अन्य लाभुकों को बतख के चुजे भी वितरित किए गए।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पखवाड़ा पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का विचार गोष्ठी आयोजन



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) । भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, जमशेदपुर महानगर द्वारा शीतला भवन, भालुबासा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष परेश मुखी ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उपस्थित रहे। गोष्ठी की शुरुआत जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि देकर की गई। रघुवर दास ने कहा कि डॉ. अंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं। भाजपा ने उन्हें भारत रत्न दिया और उनके योगदान को हमेशा सम्मानित किया है। कार्यक्रम में कई प्रमुख नेता, कार्यकर्ता और समाजसेवी उपस्थित थे।

## कैंडल मार्च निकाल आज़ाद समाज पार्टी ने दी पहलगाम हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) । पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुवार को आज़ाद समाज पार्टी ने साकची गोलचक्कर पर कैंडल मार्च का आयोजन किया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रज़ा के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए सरकार से मांग की कि हमले में शामिल आतंकियों को जल्द से जल्द पकड़कर फांसी दी जाए। साथ ही केंद्र सरकार से देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील की गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम अध्यक्ष परवेज़ खालिद, सरायकेला अध्यक्ष एजाज अहमद, फैयाज आलम, शमीम अकरम, लाडले पठान, मोहम्मद फैज़ान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस : मच्छरदानी का उपयोग और जल जमाव से बचाव जरूरी



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर काशीडीह स्टेट माइल रोड स्थित अग्रवाल क्लिनिक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आर. एल. अग्रवाल ने मलेरिया के खतरों के बारे में बताया, जो संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने घर के पास जल जमाव न होने देने और मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के संयोजक एसआरके कमलेश ने मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

## पटमदा में वीर शहीद गंगा नारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पटमदा के बामनी गांव में वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 235वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आदिवासी समाज के लोगों ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया और पूजा अर्चना की। युवा नेता अमर सिंह सरदार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद गंगा नारायण सिंह के योगदान को याद किया गया। अमर सिंह सरदार ने कहा कि गंगा नारायण सिंह ने 1831-32 में चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व करते हुए ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने जल, जंगल, जमीन और जीविका के लिए अपनी जान की आहुति दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान खगेन चंद्र टुडू, सनातन सिंह सरदार, शत्रुघ्न सिंह, कालीराम सिंह, चैतन सिंह, शिवराम सिंह, पंचानन सिंह और गोलक सिंह सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## आतंकी हमले के विरोध में पटमदा के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में, पटमदा के सैकड़ों शिक्षकों ने 23 अप्रैल को काली पट्टी बांधकर ड्यूटी की। यह आयोजन अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर किया गया। शिक्षकों ने इस हमले की कड़ी निंदा की और घटना के दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की। शिक्षकों ने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की। संघ के प्रबोध कुमार महतो ने कहा कि आतंकवाद का यह कृत्य देशवासियों के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश प्रसाद महतो, माधव कुमार, ब्रह्मपद महांती, सुब्रत कुमार मल्लिक, नरेंद्र नाथ दत्त और अन्य शिक्षक शामिल थे। इस विरोध प्रदर्शन से शिक्षकों ने शांति और सुरक्षा की आवश्यकता को उजागर किया।

### शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए उठाया अहम कदम

# राज्य को पूर्ण साक्षर बनाने की दिशा में बड़ा कदम, रामदास सोरेन ने शुरू किया बैक टू स्कूल कैंपेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर: झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने राज्य को पूर्ण साक्षर बनाने के संकल्प के साथ स्कूल रुआर-2025 (बैक टू स्कूल कैंपेन) अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य के 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूल में नामांकित करने और उनकी उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से 10 मई 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में किया गया, जहां मंत्री रामदास सोरेन के साथ विधायक पूर्णिमा साहू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मंत्री रामदास सोरेन ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा, शिक्षा से समाज में बदलाव लाया जा सकता है, और राज्य को पूर्ण साक्षर बनाने के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों की भूमिका इस अभियान की सफलता में महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम के दौरान, गणतंत्र दिवस 2025 में बैंड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पटमदा के केजीबीवी की छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकित होने वाले सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी मंच से सम्मानित किया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने भी अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक और पंचायत जनप्रतिनिधियों का योगदान इस अभियान की सफलता के लिए जरूरी है। साथ ही जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें, क्योंकि यही उनके भविष्य का आधार बनेगा। यह अभियान झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## कांड्रा-चौका मार्ग पर भीषण दुर्घटना, मिनी ट्रक पेड़ से टकराया, दो हिस्से में टूटा



प्रभात मंत्र संवाददाता

कांड्रा : सरायकेला-खरसावां जिला के कांड्रा शुक्रवार की अहले सुबह कांड्रा-चौका मुख्य मार्ग पर रायपुर में एक भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई। एलपीटी वाहन (मिनी ट्रक) संख्या डब्ल्यूबी 37डी 8858 ने तेज रफ्तार में पेड़ से टकर मार दी, जिससे वाहन दो हिस्सों में टूट गया और पेड़ ट्रक पर गिर पड़ा। दुर्घटना सुबह 4ः30 बजे के आसपास हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, और पेड़ भी गिरकर वाहन पर गिर पड़ा। इस दुर्घटना में वाहन चालक बाल-बाल बच गया। चालक ने बताया कि वह हजारीबाग से हाट गम्हरिया लोडिंग के लिए जा रहा था, और झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही कांड्रा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी एकत्र की।

## मोहरदा जलापूर्ति योजना में सुधार नहीं तो होगा जेएनएसी, जुस्को कार्यालय का होगा घेराव : कांग्रेस



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर । मोहरदा जलापूर्ति योजना की गंभीर खामियों को लेकर शुक्रवार को उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय बैठक हुई, जिसमें जुस्को के अभिषेक दुबे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। श्री दुबे ने पाँच प्रमुख समस्याएं उठाई–बिना पाइपलाइन वाले क्षेत्रों में मनमाना कनेक्शन शुल्क, दूषित जल आपूर्ति, बीपीएल परिवारों को मुफ्त कनेक्शन, शुल्क भुगतान के महीनों बाद कनेक्शन में देरी, और लाल भट्ठा, बाबूडीह, ग्वालाबस्ती जैसे ड्राई जोन में धीमा कार्य। अधिकारियों ने सभी बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। नगर आयुक्त ने 30 दिनों में कनेक्शन सुनिश्चित करने और जल गुणवत्ता सुधार हेतु क्षेत्रीय सर्वे के निर्देश दिए। बीपीएल वर्ग के लिए संयुक्त सर्वे और ड्राई जोन में कार्य में तेजी का भी निर्णय लिया गया। श्री दुबे ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जेएनएसी और जुस्को कार्यालय का अनिश्चितकालीन महाघेराव करेगी। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में अतुल गुप्ता, सामंता कुमार, सनी सिंह, विनोद यादव, राजेश चौधरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आईसीएआई का संहिता- सिद्धांतों के साथ आचरण का सामंजस्य विषय पर सेमिनार आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर । आईसीएआई (द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) की सीआईआरसी की जमशेदपुर शाखा द्वारा शुक्रवार को साकची स्थित एक होटल (दे हमराय) में संहिता - सिद्धांतों के साथ आचरण का सामंजस्य विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सेमिनार में तीन प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया जिसमें आयकर विधेयक 2025, गैर-कॉर्पोरेट संस्थाओं के वित्तीय विवरण और आचार संहिता शामिल हैं। मौके पर सीए नवीन खेमका ने आयकर विधेयक 2025 में आने वाले बदलावों और गैर-कॉर्पोरेट संस्थाओं पर उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया, जबकि सीए सनी बकाई ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की नैतिक जिम्मेदारियों और पेशेवर ईमानदारी के बारे में विस्तार से बात की। सत्रों की अध्यक्षता सीए जगदीश खंडेलवाल और सीए गोपाल हरलालका ने की। कार्यक्रम की शुरुआत आईसीएआई शाखा अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास के स्वागत भाषण से हुई। सीए चेतन अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा मंच का संचालन शाखा सचिव सीए ऋषि अरोड़ा ने किया। सीए आनंद अग्रवाल, सीए योगेश शर्मा तथा सीए मुकुंद केडिया ने बहुमूल्य सहयोग दिया। सेमिनार में शहर के करीब 150 चार्टर्ड अकाउंटेंट ने हिस्सा लिया।

## जमशेदपुर की मस्जिदों में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा, आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश, सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर । शुक्रवार को जुमे की नमाज़ के दौरान जमशेदपुर की सभी प्रमुख मस्जिदों में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की एकजुट होकर कड़ी निंदा की गई। धातकीडीह स्थित मक्का मस्जिद सहित शहर की तमाम मस्जिदों में पेश इमामों ने तक़रीर के दौरान इस हमले को अमानवीय और कायरतापूर्ण बताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। मक्का मस्जिद के इमाम शम्स तबरेज ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, और इस्लाम किसी भी निर्दोष की हत्या की इजाजत नहीं देता। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग ऐसे कृत्य करते हैं, उनका इस्लाम से कोई संबंध नहीं हो सकता क्योंकि इस्लाम हमेशा इंसानियत, अमन और भाईचारे की बात करता है। वहीं, उन्होंने ने इस बात पर भी गहरा दुख व्यक्त किया कि देश के कुछ मीडिया संस्थान इस हमले को सांप्रदायिक चश्मे से देख रहे हैं, जो समाज में नफरत फैलाने का कार्य कर सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसे भड़काऊ प्रचार पर सख्ती से रोक लगाई जाए और आतंकियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो। इमामों की इस एकजुट अपील ने न सिर्फ आतंकवाद के खिलाफ संदेश दिया, बल्कि यह भी दर्शाया कि भारतीय मुस्लिम समाज हर उस ताकत के खिलाफ है जो देश की एकता और शांति को खतरे में डालने की कोशिश करता है।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में युवा कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सरायकेला-खरसावां जिला युवा कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। मार्च शहीद स्मारक से शुरू होकर चांदनी चौक तक गया, जहां दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। मिश्रा ने हमले को पुलवामा के बाद घाटी का सबसे बड़ा आतंकी हमला बताते हुए इसे सरकार और खुफिया एजेंसियों की विफलता करार दिया। प्रदेश सचिव देबू चटर्जी ने आतंकियों को मृत्युदंड देने की मांग की। कार्यक्रम में कई कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए और शांति, न्याय व कड़ी कार्रवाई की मांग की। युवा कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।

## आगुईडांगरा में चड़क पूजा पर भोग्ता घूरा कार्यक्रम आयोजित



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पटमदा प्रखंड के आगुईडांगरा गांव के बेंझाम टोला में बांग्ला 10 बैसाख गुरुवार को चड़क पूजा (बाकड़ा कुदरा पूजा) का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाएं उपवास रखकर रात में बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करतीं और परिवार की मंगलकामना करतीं। रात्रि जागरण में महिला छऊ नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित होकर आनंदित हुए। शुक्रवार को भोग्ता घूरा कार्यक्रम हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने पीठ में लोहे के हुक लगाकर करीब 40 फीट की ऊंचाई पर करतब दिखाए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान बाघाम्बर सिंह, भास्कर सिंह, सनातन रजक, भक्तरंजन कुंभकार, संतोष प्रमाणिक, कलेबर कुंभकार, नरेन कुंभकार और मनोरंजन कुंभकार का सराहनीय योगदान रहा।

## मायुमं स्टील सिटी शाखा का चलित अमृतधारा सेवा अभियान शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर । भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी शाखा द्वारा 'चलित अमृतधारा' सेवा अभियान की शुरुआत की गई। इस सेवा का उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने किया। अभियान के तहत मोबाइल पेयजल वाहन के माध्यम से राह चलते लोगों को ठंडा और स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 10 जलसेवा स्टैंड भी लगाए गए हैं, जो प्रतिदिन हजारों लोगों को निःशुल्क जल सेवा प्रदान करेंगे। शाखा अध्यक्ष अनंत मोहनका ने बताया कि यह सेवा पूरे गर्मी के मौसम तक जारी रहेगी और प्रत्येक दिन अलग-अलग दानदाता इसे प्रायोजित करेंगे। संयोजक पंकज मूनका ने इसे मानवीय करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बताया। आज की जल सेवा स्व. मोहनलाल मोदिया की पुण्य स्मृति में बिमल अग्रवाल एवं राधा अग्रवाल द्वारा प्रायोजित की गई। कार्यक्रम में मंच के सचिव कौशिक चौधरी, उपाध्यक्ष अंकुर मोदी, संयुक्त सचिव ऋषव चेतानी सहित पूर्व अध्यक्ष अजय चेतानी, विष्णु गोयल, सार्थक अग्रवाल, मोहित मूनका, प्रवीण अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, शुभम अग्रवाल, मनीष चौधरी आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर में वकीलों ने काला फीता लगाकर पहलगाम आतंकी घटना का विरोध किया



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बार एसोसिएशन के वकीलों ने काला फीता लगाकर पहलगाम आतंकी घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने इस अमानवीय और कायरता पूर्ण हमले की निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान सुधीर कुमार पप्पू सहित अन्य वकीलों ने शांति और न्याय की अपील की। वकीलों ने कहा कि ऐसे कृत्य मानवता के खिलाफ हैं और समाज में असुरक्षा फैलाते हैं। इस विरोध के माध्यम से उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## धर्मेंद्र सोनकर ने कैंडल मार्च निकाल कर आतंकवादी हमले की निंदा की, सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि





प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर । पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति शोक प्रकट करने और हमले की कड़ी निंदा करने के लिए आज पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च में शामिल हुए। इस अवसर पर धर्मेंद्र सोनकर ने कहा, यह कायरतापूर्ण हमला आतंकवादियों की बर्बरता को दिखाता है। अब समय आ गया है कि इन आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वाली शक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। निर्दोष लोगों की हत्या किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती, और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। कैंडल मार्च के दौरान नागरिकों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मार्च में बबलू झा, अमित दुबे, नीरज साहू समेत सैकड़ों युवा शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की और आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इस कैंडल मार्च से एक मजबूत संदेश दिया गया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

## शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती पर निकला 50 किमी लंबा मोटरसाइकिल जुलूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

पोटका/जमशेदपुर : वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 235वीं जयंती पर आदिवासी भूमिज युवा मंच और गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से हेंगाम से खाड़ियासाई तक 50 किलोमीटर लंबा मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। चिलचिलाती धूप और गर्मी को चुनौती देते हुए हजारों भूमिज महिला-पुरुषों ने समाज की एकता, साहस और समर्पण का परिचय दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजीव सरदार स्वयं मोटरसाइकिल से पूरे जुलूस में शामिल रहे। उन्होंने वीर गंगा नारायण सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि,1832-33 में अंग्रेजों के खिलाफ उनका विद्रोह आज भी इतिहास में दर्ज है। उनके विचार और उद्देश्य को आज के युवाओं तक पहुँचाना बेहद जरूरी है। विधायक ने भूमिज समाज को संगठित और सक्रिय रहने का आह्वान किया। विधायक सरदार ने कहा कि समाज को अपनी पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों को सहेजकर रखना चाहिए। जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए एकजुटता जरूरी है। कार्यक्रम में टाटा स्टील फाउंडेशन के ट्राइबल आइडेंटिटी मैनेजर शिव शंकर कांडेयोंग, समाजसेवी सिद्धेश्वर सरदार, हरिश चंद्र सिंह भूमिज, मुखिया मिरू सरदार, मुखिया संगीता सरदार, सुधीर सोरेन समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में मनोरंजन सरदार, संजय सरदार, भरत सरदार, दीपक सरदार, परमेश्वर सरदार, ग्राम प्रधान शिव शंकर सरदार, नृपेन सरदार, अशोक सरदार, ज्योतिष सरदार, तरुण सरदार और अन्य साथियों का योगदान सराहनीय रहा।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## आगजनी और हिमाचल

**प्रतिवर्ष** गर्मियों के मौसम में हिमाचल में आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। आग से उठने वाले जहरीले धुएं से पर्यावरण संतुलन गड़बड़ा जाता है। इससे मौसम के घटनाक्रम पर भी विपरीत असर पड़ता है। जंगलों में आग लगने से करोड़ों रुपयों की वन-संपदा, सरकारी एवं निजी संपत्ति का नुकसान होता है। कई लोग जिंदा अपने ही आशियाने में झुलस कर भगवान को प्यारे हो जाते हैं तथा हजारों वन्य प्राणी तड़प-तड़प कर स्वाहा हो जाते हैं। असंख्य जंगली जानवरों के बच्चे एवं पक्षियों के अंडे धू-धू कर जलते हैं। कई बार जंगल की आग बस्तियों तक भी पहुंच जाती है। इससे निजी संपत्ति का नुकसान भी करोड़ों में होता है। गर्मियों के दिनों में कड़कड़ाती धूप के चलते तापमान बढ़ जाता है, जमीन पर नमी न रहने के कारण अनेक वनस्पतियां सूख जाती हैं। कई पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं तथा जमीन में उगी घास सूख जाती है। चारों ओर खेतों व घासनियों में नाममात्र की हरियाली रह जाती है। एक बार कहीं आग लग गई तो उस पर काबू पाना बहुत मुश्किल होता है। वैशाख महीने में जब रवि की फसल कटने के बाद किसान अगली फसल की बुआई की तैयारी करते हैं, अपने खेतों और घासनियों में उगी झाड़ियों की काट-छांट करते हैं, फिर उनमें आग लगाई जाती है। खेतों से कटी झाड़ियों व घास-फूस को तो वहीं जलाया जाता है। इससे आग के फैलने का कम ही खतरा रहता है, लेकिन घासनियों में लगी आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। कई बार यही आग जंगल तक फैल जाती है। लोक में एक कहावत है कि 'कोई अफवाह जंगल की आग की तरह फैल गई।' अर्थात जंगल की आग बहुत तेजी से फैलती है। उसके बाद उस पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। विशेषकर चीड़ के जंगल में धधकती आग तब तक नहीं बुझती जब तक सारा जंगल राख में बदल नहीं जाता है। चीड़ की सूखी पत्तियां तो आग में घी का काम करती हैं। इससे उठने वाली लपटों से छोटे पौधे तो सदा के लिए मुरझा जाते हैं, लेकिन बड़े पेड़ झुलसने के कई सालों के बाद ही अपने असली रूप में आ पाते हैं। जबकि बहुत से पेड़ सूख जाते हैं। विभिन्न प्रजातियों के जानवरों व पक्षियों के प्रजनन का समय गर्मियों के दिनों में होता है। प्रजनन से पहले मादा जंगली जानवर घनी झाड़ियों में सुरक्षित स्थान तलाश कर वहीं अपना आशियाना बनाती है तथा वहीं बच्चे देती है। इस तरह मादा पक्षी भी पेड़ों की टहनियों पर अपने घोंसले बनाते हैं तथा वहीं अंडे देकर उन्हें सेहती हैं। अंडे देने के बाद मादा पक्षी करीब दो सप्ताह से अधिक समय तक अपने अंडों पर बैठी रहती हैं। जंगल में आग लगने के बाद बहुत कम जानवर व पक्षी बच पाते हैं। जंगलों की आग से वायुमंडल प्रदूषित हो जाता है तथा धरती का तापमान बढ़ जाता है। तेज गर्मी पड़ने से लू का खतरा बढ़ जाता है। इससे अनेक बीमारियां फैलने का अंदेशा हो जाता है। मौसम का घटनाक्रम प्रभावित होने से समय पर बारिश नहीं होती। सूखा पड़ने से फसलें बर्बाद हो जाती हैं। सरकार का वन विभाग, अग्निशमन विभाग एवं अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं जंगलों को आग से बचाने के लिए विभिन्न उपाय करते हैं, लेकिन फिर भी कमियां रह जाती हैं, जिन्हें दुरुस्त करना होगा।

आग से उठने वाले जहरीले धुएं से पर्यावरण संतुलन गड़बड़ा जाता है। इससे मौसम के घटनाक्रम पर भी विपरीत असर पड़ता है। जंगलों में आग लगने से करोड़ों रुपयों की वन-संपदा, सरकारी एवं निजी संपत्ति का नुकसान होता है। कई लोग जिंदा अपने ही आशियाने में झुलस कर भगवान को प्यारे हो जाते हैं तथा हजारों वन्य प्राणी तड़प-तड़प कर स्वाहा हो जाते हैं। असंख्य जंगली जानवरों के बच्चे एवं पक्षियों के अंडे धू-धू कर जलते हैं। कई बार जंगल की आग बस्तियों तक भी पहुंच जाती है। इससे निजी संपत्ति का नुकसान भी करोड़ों में होता है। गर्मियों के दिनों में कड़कड़ाती धूप के चलते तापमान बढ़ जाता है, जमीन पर नमी न रहने के कारण अनेक वनस्पतियां सूख जाती हैं। कई पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं तथा जमीन में उगी घास सूख जाती है। चारों ओर खेतों व घासनियों में नाममात्र की हरियाली रह जाती है। एक बार कहीं आग लग गई तो उस पर काबू पाना बहुत मुश्किल होता है। वैशाख महीने में जब रवि की फसल कटने के बाद किसान अगली फसल की बुआई की तैयारी करते हैं, अपने खेतों और घासनियों में उगी झाड़ियों की काट-छांट करते हैं, फिर उनमें आग लगाई जाती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी मामले में आपराधिक कानून लगाने पर उत्तरप्रदेश (यूपी) पुलिस को फटकार लगाई

# अदालतों से फटकार खाकर भी नहीं सुधर रही देश की पुलिस

**योगेन्द्र योगी**

पुलिस का आचरण और व्यवहार आजादी के बाद भी सामंती बना हुआ है। अपराध रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस के अपराधियों की तरह आचरण करने से वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्रों में होने के कारण सत्तारुढ़ दलों के इशारों के बगैर काम नहीं करती है। ऐसे ही हालात पुलिस पर पक्षपात करने के जिम्मेदार हैं। अधिनस्थ से लेकर देश की शीर्ष अदालत कई बार पुलिस की कारगुजारियों को उजागर किया है। इसके बावजूद पुलिस के रवैये में कोई खास बदलाव नहीं आया है।

**नेताओं** की हाथों की कठपुतली बनी पुलिस प्रणाली देश के आम लोगों का विश्वास जीतने में पूरी तरह नाकाम रही है। पुलिस का आचरण और व्यवहार आजादी के बाद भी सामंती बना हुआ है। अपराध रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस के अपराधियों की तरह आचरण करने से वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्रों में होने के कारण सत्तारुढ़ दलों के इशारों के बगैर काम नहीं करती है। ऐसे ही हालात पुलिस पर पक्षपात करने के जिम्मेदार हैं। अधिनस्थ से लेकर देश की शीर्ष अदालत कई बार पुलिस की कारगुजारियों को उजागर किया है। इसके बावजूद पुलिस के रवैये में कोई खास बदलाव नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी मामले में आपराधिक कानून लगाने पर उत्तरप्रदेश (यूपी) पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि यूपी पुलिस की ओर से दीवानी मामलों में दर्ज की गईं प्राथमिकियों पर गौर करने से पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। पुलिस के कुकृत्यों सिर्फ मनमर्जी तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस अपराधियों को पकडऩे के बजाए कई मामलों खुद अपराधी बन बैठी है। पंजाब के चर्चित मोगा सेक्स स्कैंडल में मोहाली स्थित कोर्ट ने 4 पुलिस अधिकारियों को सजा सुनाई है। मोगा सेक्स स्कैंडल साल 2007 में सुर्खियों में आया। उस समय पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इस स्कैंडल में कई हाई प्रोफाइल राजनेता और सीनियर पुलिस अधिकारी शामिल थे। ये सब मिलकर अमीर लोगों को देह व्यापार में फंसाते थे। पुलिस की कारगुजारियों का पर्दाफाश सुप्रीम कोर्ट ने एक मृत्युदंड के मामले में भी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोप में निचली अदालत से मौत की सजा प्राप्त एक युवक को बरी करते हुए पुलिस प्रक्रिया पर तीखी टिप्पणियां की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सभी फोरेंसिक और गवाहों की रिपोर्टों की बारीकी से समीक्षा की और पाया कि आरोपी के खिलाफ कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था। इस तरह एक निर्दोष व्यक्ति ने 10 साल फांसी की सजा के साए में जेल में बिताए, जबकि पुलिस और न्यायिक व्यवस्था की नाकामी साफ नजर आई। सुप्रीम कोर्ट पुलिस और सत्तारुढ़ दलों के नापाक गठजोड़ को कई बार उजागर कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रहे एनवी रमना ने एक मामले में कहा था कि देखा जा रहा है कि पुलिस के अधिकारी सत्ता में मौजूद राजनीतिक पार्टी का फेवर करते हैं और सत्ता पक्ष के विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही



करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती जब विरोधी पक्ष के लोग सत्ता में आते हैं तो उन्हीं पुलिस अफसरों पर कार्यवाही करते हैं। देश में इस तरह का जो ट्रेंड दिख रहा है वह काफी परेशान करने वाला है। मुख्य न्यायाधीश रमना ने कहा था कि इसके लिए पुलिस विभाग को ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। पुलिस को चाहिए कि वह कानून के शासन पर टिके रहें। वह सत्ता और विपक्ष किसी के साथ न होकर स्वतंत्र रूप से काम करें। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ के निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। पाल के खिलाफ पुलिस ने सत्तारुढ दल के इशारे पर आय से अधिक सम्पत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कोलकाता चिकित्सक के बलात्कार-हत्याकांड की सुनवाई के दौरान कहा था कि कोलकाता पुलिस ने इस मामले को जिस तरह से संभाला, वह कुछ ऐसा है जो उन्होंने अपने जीवन के 30 वर्षों में नहीं देखा। शीर्ष अदालत ने अप्राकृतिक मौत के मामले के पंजीकरण में देरी की आलोचना की। पुलिस की मौजूदा कार्यप्रणाली को लेकर देश में कई सुधार करने के प्रयास हुए हैं, किन्तु सत्तारुढ़ दलों के नेताओं ने ऐसे प्रयासों को नाकाम करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी। स्वतंत्रता के बाद से ही, इस व्यवस्था में सुधार की मांग उठती रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार, अकुशलता और जनता में अविश्वास का कारण बनी हुई है। पुलिस सुधारों के लिए कई आयोगों और समितियों का गठन किया गया। राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और वर्ष 1971 में बनी गोर समिति की रिपोर्ट की सिफारिशें धूल खा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी वर्ष २००६ में प्रकाश सिंह मामले में पुलिस सुधारों पर कई निर्देश दिए। जिनमें यह भी शामिल था कि राज्य पुलिस प्रमुखों का दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल होगा। निर्देशों में राज्य सुरक्षा आयोगों की स्थापना, वरिष्ठ अधिकारियों के लिये निश्चित कार्यकाल और कानून एवं व्यवस्था से जाँच को अलग करना शामिल था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की भी राज्यों ने पालना नहीं की। इसे देश के सभी राज्यों ने या तो लागू नहीं किया या फिर निर्देशों को आधे-अधूरे तरीके से लागू किया गया ताकि पुलिस में सत्तारुढ़ दलों का हस्तक्षेप पूरी तरह से बना रह सके। इन सिफारिशों को लागू नहीं करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। दिल्ली की वर्ष 2019 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 72 प्रतिशत पुलिस अधिकारियों ने मामलों की जाँच करते समय राजनीतिक दबाव का अनुभव किया है। पुलिस प्रायः अत्यधिक बल का प्रयोग करती है, विशेषकर विरोध प्रदर्शनों और नागरिक अशांति से निपटने में। अप्रैल, 2017 से मार्च, 2022 तक पिछले पाँच वर्षों में देश भर में पुलिस हिरासत में मौत के कुल 669 मामले दर्ज किये गए। इसके अलावा, भारत में अपराध विज्ञान के क्षेत्र में इतने सारे अवसर होने के बावजूद, प्रति 0.1 मिलियन जनसंख्या पर केवल 0.33 फोरेंसिक वैज्ञानिक हैं, जबकि विदेशों में प्रति 0.1 मिलियन जनसंख्या पर 20 से 50 वैज्ञानिक हैं। पुलिस अधिकारियों का अपर्याप्त प्रशिक्षण इस मुद्दे को और भी गंभीर बना देता है। एक रिपोर्ट में पाया गया कि देश में 11 राज्य पुलिस कर्मियों के लिये केवल एक कंप्यूटर/लैपटॉप था, जबकि कुछ बड़े राज्यों में वर्ष 2022 में 30 या उससे अधिक कर्मियों के लिये केवल एक प्रणाली थी। केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लगातार प्रयासों के बावजूद देश में पुलिस बलों में केवल 11.75 प्रतिशत महिलाएँ हैं। प्रतिनिधित्व की यह कमी महिलाओं को अपराधों की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करती है और लिंग आधारित हिंसा के मामलों को ठीक से नहीं निपटा पाती। पुलिस अधिकारी कानून प्रवर्तन से लेकर चुनाव ड्यूटी तक अनेक भूमिकाएँ निभाते हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त आराम या उचित पारिश्रमिक नहीं मिलता। कम वेतन से व्यावसायिकता हतोत्साहित होती है और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ती है, जिससे जनता का विश्वास प्रभावित होता है। पुलिस कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप ने व्यावसायिकता और स्वतंत्रता को समाप्त कर दिया है। बार-बार स्थानांतरण, राजनीतिक विरोधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का दबाव और जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग ने कानून प्रवर्तन की विश्वसनीयता को कमज़ोर कर दिया है।

दृष्टि कोण

# ईमानदार लोगों को सौंपें पंचायतों की डोर

**भारत** में स्थानीय एवं ग्राम स्तर पर पंचायत प्रणाली का बड़ा पुराना इतिहास रहा है। पंचायत में पंच शब्द का अर्थ है पांच और आयत का अर्थ है सभा। इसलिए पंचायत शब्द का अर्थ है पांच लोगों की सभा या पांच लोगों का संगठन। भारत में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 24 अप्रैल 2010 को पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया था। यह विशेष दिन पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत का प्रतीक है, जिसे 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के माध्यम से संवैधानिक दर्जा दिया गया था। 73वें संशोधन के द्वारा संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़ी गई। इसमें पंचायत के 29 विषयों को शामिल किया गया था। पंचायती राज व्यवस्था भारत की त्रिस्तरीय स्थानीय स्वशासन संरचना है जो गांवों, ब्लॉकों और जिलों को अपने विकास का प्रबंधन करने की शक्ति देती है। हिमाचल प्रदेश में कुल पंचायतों की संख्या 3572 है। आज पंचायती राज प्रणाली के कार्यक्षेत्र का विस्तार हो चुका है और इनके दायरे में समावेशी विकास, स्थानीय समस्याओं के समाधान, जलवायु परिवर्तन और गांवों से शहरों की ओर पलायन जैसे मुद्दों को जोड़ा गया है। अब पंचायतें देश भर में ग्रामीण विकास, डिजिटल पहल और सतत विकास लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाने का उद्देश्य ग्रामीण विकास, जन भागीदारी और जमीनी स्तर पर निर्णय लेने में सुधार लाने में मजबूत स्थानीय निकायों के महत्व को सम्मानित करना भी होता है। राष्ट्रीय स्तर पर पंचायतों के उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रति वर्ष राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी दिए जाते हैं। यह पुरस्कार गांवों को बेहतर नियोजन, सामुदायिक कल्याण और संसाधनों के कुशल उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करते हैं। हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था 1952 के हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के द्वारा स्थापित की गई थी, जिसके तहत 1954 में 466 ग्राम पंचायतों की स्थापना हुई थी। इस अधिनियम के लागू होने से पहले, राज्य में केवल 280 ग्राम पंचायतें थीं। 1966 में पंजाब के पहाड़ी क्षेत्रों को हिमाचल प्रदेश में मिला दिया गया, जिससे ग्राम पंचायतों की संख्या बढकर 1695 हो गई। भारत की 65 से 70 फीसदी आबादी गांवों में निवास करती है। जनसंख्या के अंतिम नागरिक तक पहुंच रखने वाली इस प्रणाली के सशक्तिकरण को लेकर अभी भी काफी सुधारों की गुंजाईश है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में तुच्छ राजनीति ने अब अपनी गहरी जड़ें जमा ली हैं और पंचायती राज प्रणाली भी इससे अछूती नहीं है। चूंकि बीते वर्षों में राज्य एवं केंद्र सरकारों द्वारा गांवों के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है, लिहाजा ऐसा भी देखने में आ रहा है कि कई लोगों के लिए पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव लडऩा कमाई करने का औजार बन चुका है। इसलिए आम वोटर को ऐसे मौकापरस्त और स्वार्थी प्रवृत्ति वाले उम्मीदवारों के पक्ष में खड़ा होने से बचने की जरूरत है। लगभग 75 लाख की आबादी वाले हिमाचल प्रदेश के गांवों एवं कस्बों का निरंतर विस्तार हो रहा है। इसी के साथ पक्के संपर्क मार्गों, पक्की चौड़ी गलियों, सीवरेज व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों, पेयजल एवं विद्युत की निर्बाध आपूर्ति, निकटतम स्थानों पर स्वास्थ्य सुविधाएं और भ्रष्टाचार रहित स्वच्छ पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन ग्रामीण आबादी को बिना मांगे मिलें, इसके लिए भी व्यापक सुधारों की जरूरत है। अफसरशाही को जमीन पर जाकर सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई धनराशि के समुचित उपयोग और विकास कार्यों की जमीनी पड़ताल करने की भी आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन' के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। पंचायती राज के अंतर्गत विकासात्मक गतिविधियों के लिए केंद्र सरकार से भी पर्याप्त धन इन संस्थाओं को मिल रहा है। पर्वतीय परिस्थितियों वाले इस राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिकों की कुछ रोजमर्रा की समस्याओं को युद्ध स्तर पर हल किए जाने की आवश्यकता है। आज कुछ लोगों द्वारा अपनी स्वार्थपूर्ति के चलते संपर्क मार्गों और गलियों में किया गया कब्जा और अतिक्रमण अक्सर राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है।

कुछ अलग

## ठेके पर जिंदगी

**लगता** है, आज जिंदगी ठेके पर चली गई है। लेखन से कलाकृतियों तक का सृजन ठेके पर होता है। जिंदगी से प्यार खत्म करवाने का ठेका पहले कुछ लोगों ने ले रखा था। इस पर न जाने कितनी दर्दनाक फिल्में लिखी गईं, न जाने कितनी प्रेम कहानियां बनीं, जिनके प्रेम त्रिकोण में तीसरा कोना खलनायक का होता था। ठेके पर काम करते ये लोग प्रेमी से लेकर रस्मो रिवाज और परंपराओं की दुहाई देकर शादी तुड़वाने वाले बड़े-बूढ़ों और समाज के मीर मुंशियों का काम कर जाते। रिश्ता टूट जाता। यूं खलनायकों का ठेका व्यवसाय इतना सफल हो गया कि लोगों ने उसकी भयावहता से डर कर अपने बच्चों के नाम इन खलनायकों के नाम पर रखने बंद कर दिए। तब एक तरफ मशहूर खलनायक थे प्राण साहिब। लोगों ने तो एक-दो पीढ़ी तक किसी नवजात बच्चे का नाम प्राण ही नहीं रखा। लेकिन अब जमाना बदल रहा है, साहिब। हमारे समाज के आधुनिक और व्यवसायी होते जाने के साथ-साथ यह ठेका व्यवसाय भी सफेदपोश और साफ-सुथरा हो गया है। अभी देखिए न, अपने देश के किसान कानूनों से कायाकल्प के नाम पर इस देश के मूल नागरिकों धरती पुत्रों या किसानों की जिंदगी संवारने के लिए किसानों की खेती धनिक घरानों को ठेके पर देने, उनकी फसलों के खरीद ठेके लेने का अधिकार ऊंची अटारियों वालों को दे दिया गया था। वैसे तो इस देश के किसानों की शोषित बहुसंख्या इसी प्रकार सूदखोर महाजनों और धनी जमींदारों के पास ठेके पर, अर्ध बंटाई या खेत में खड़ी फसलों के औने-पौने दाम बिक कर सदियों से किसानों का दुख हरती रही है। लेकिन यह दुख हरा गया या एक शोषित प्रक्रिया के रूप में तबदील हो गया, यह तो केवल भुक्तभोगी ही जानते हैं। हां, पिछले साल इतना अवश्य हुआ कि इन गरीब अभागे किसानों की जमीन धनियों को ठेके पर देने की वैधानिक मान्यता मिल गई। फसलों को संपन्न घरानों में गोदामों के लौह द्वारों के पीछे कैद करने की कानूनी इजाजत मिल गई। लेकिन ठेके पर जिंदगियां रख उन्हें संवारने के नाम पर बिगाडऩे के न जाने अभी कितने और ठेके खुल गए हैं। शिक्षालयों की ओर जाते हैं, तो वहां शिक्षा परमो धर्म का सूत्र वाक्य अपना चेहरा बिगाड़ ठेके पर उठ गया लगता है। फालिज न केवल पुस्तक और अध्यापन-अध्ययन संस्कृति पर गिरा, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था ही जैसे सेवानिवृत्ति झेलने लगी है। गए दिनों में गुरु द्रोण की मूर्ति सजा शिष्य एकलव्य ने शस्त्र साधना की थी। अब तो देश के जीते जागते अध्यापकों को कोई नहीं पूछता। अब तो बरसों उन्हें नाममात्र वेतन पर ठेके पर रह जिंदगी में किसी स्थायित्व को देने की मांग करते हैं, तो उन्हें कच्चे मुलाजिम कह कर अपने बजट से निकाल दिया जाता है। शिक्षालयों के भवन आज भी खड़े हैं, लेकिन लगता है उनसे विद्या और प्रेरणा रूठती जा रही है। हर लक्ष्य तक पहुंचने के लिए चोर दरवाजे और शार्टकट खुलने लगे हैं। आजकल तप और साधना से पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने की बात कौन करता है? विद्या के गुलाबों की खुशबू की जगह कुकुरमुत्तों ने ले ली है। हथेली पर सरसों जमाने की ठेका विधियां दनदनाने लगी हैं। युग बीत गए जब इन संस्थानों में पक्की भर्ती थी। अब तो यहां दिहाड़ीदार शिक्षा की वहंगी ढोते हैं। शिक्षालय खाली हो रहे हैं। अकादमियां ठेके पर नौकरीवान डिग्रियों, डाक्टर, इंजीनियर या जनसम्पर्क और प्रचारक की डिजिटल संस्थानों के ठेके दिलवाने लगीं। डिग्री प्राप्त करके निकलोगे तो बाहर ठेके पर मिलने वाली नौकरी तुम्हारा इंतजार कर रही होगी, वे कहते हैं। हमें नहीं चाहिए ऐसा देश, ऐसा जीवनयापन करने की नौकरियां। हमें विदेश भिजवा दो।

देश दुनीया से

## त्रिभाषा फार्मूले में विरोध हिंदी का ही क्यों

**जब** हम आज़ाद हो गये तो यह बात एक स्वीकृत सत्य की तरह मान ली गयी थी कि अब देश का काम देश की भाषा–हिंदी में होगा। पर इसी बीच दक्षिण और उत्तर के नाम पर हिंदी को लेकर विवादास्पद बातें भी होने लगीं। दक्षिण में, विशेष कर तमिलनाडु में, यह भावना उठने लगी कि हिंदी के माध्यम से उत्तर भारत दक्षिण भारत पर अपना वर्चस्व स्थापित कर लेगा। बात भले ही सांस्कृतिक आधिपत्य के रूप में की जा रही थी, पर यह भी सत्य है कि कथित 'हिंदी साम्राज्यवाद' की आशंका के पीछे कहीं न कहीं राजनीतिक वर्चस्व की आशंका भी थी। हालांकि ऐसा कुछ था नहीं। हिंदी की स्वीकार्यता की बात का आधार यही तथ्य था कि देश में हिंदी बोलने-समझने वालों की संख्या सर्वाधिक थी। हिंदी को राजभाषा बनाने का कदापि यह अर्थ नहीं था कि हिंदी देश की अन्य भाषाओं से कहीं बेहतर या ऊंची भाषा है। आज भी यदि ऐसी कोई भावना किसी में है, तो वह ग़लत है। हिंदी देश की, विशेष कर दक्षिण भारत की, भाषाओं से तुलना में कहीं कम समृद्ध है। हिंदी को तो मुख्यतः इसलिए स्वीकारा गया कि इससे देश भर में संवाद कुछ आसान हो जायेगा। हिंदी वालों को, और गैर-हिंदी भाषियों को यह बात समझनी ही होगी कि हिंदी देश की बाकी भाषाओं की बड़ी बहन नहीं, एक सखी है। दोस्ती में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता। सब बराबर होते हैं। इसी भावना के साथ यह माना गया कि देश के लोगों को तीन भाषा तो सीखनी ही चाहिए- एक अपनी मातृभाषा, दूसरी अंग्रेजी, और तीसरी देश की कोई अन्य भाषा। हमारी नयी शिक्षा-नीति में भी यही सोचकर तीन भाषाओं की बात कही गयी। आशा और अपेक्षा यह थी कि दक्षिण वाले हिंदी सीख लेंगे, और उत्तर वाले कोई भारतीय भाषा। पर हिंदी वालों से यहां जानबूझकर या अनायास ही एक चूक हो गयी-उन्होंने तमिल या मलयालम या बांग्ला या कन्नड़ आदि भारतीय भाषाओं में से किसी एक को सीखने के बजाय संस्कृत को सीखना ज़्यादा पसंद कर लिया। संस्कृत पढ़ने में कुछ ग़लत नहीं है, पर यह उस अपेक्षा के अनुरूप नहीं था जिसे आधार बनाकर त्रिभाषा फार्मूला लागू किया गया था। इसी अपेक्षा की पूर्ति के लिए नयी शिक्षा–नीति में त्रिभाषा फार्मूला स्वीकारा गया। पर, दुर्भाग्य से अब भी दक्षिण, पूर्व या पश्चिम भारत वालों में से कुछ लोगों को इसमें 'हिंदी साम्राज्यवाद' की गंध आ रही है। इस सोच का नवीनतम उदाहरण महाराष्ट्र में दिख रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने नयी शिक्षा- नीति में किये गये प्रावधान को स्वीकारते हुए स्कूली स्तर पर मातृभाषा, अंग्रेजी और हिंदी को अनिवार्य बनाया है। यह अनिवार्यता कुछ तत्वों को खल रही थी। यह तत्व अब भी इस गलतफ़हमी के शिकार हैं कि इस शिक्षा-नीति से उनकी मातृभाषा को नुकसान पहुंचाने का कोई षड्यंत्र रचा जा रहा है! हैरानी की बात तो यह है कि हिंदी सीखने-सिखाने का विरोध करने वाले यह तत्व अंग्रेजी को त्रिभाषा फार्मूले का हिस्सा बनने पर चुप हैं। बिना किसी ठोस आधार के उन्होंने एक विदेशी भाषा, अंग्रेजी, को तो सहज स्वीकार लिया है, पर अपने ही देश की एक भाषा, हिंदी, को स्वीकारने को वे 'थोपा जाना' मान रहे हैं। हकीकत यह है कि कल भी हिंदी का विरोध करने के पीछे राजनीतिक स्वार्थ थे, और आज भी राजनीतिक स्वार्थ ही महाराष्ट्र समेत देश के कुछ हिस्सों में हिंदी का विरोध करवा रहे हैं। अंग्रेजी विश्व की एक प्रमुख भाषा है, इसमें कोई संदेह नहीं। अंतर्राष्ट्रीय संपर्कों की दृष्टि से सीखना-समझना कहीं ग़लत नहीं है। पर इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, या नहीं किया जाना चाहिए, कि अंग्रेजी सारी दुनिया की नहीं, दुनिया के कुछ ही देश की भाषा है। जापान, जर्मनी, फ्रांस, चीन, रूस जैसे न जाने कितने ही देश हैं जिन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को अनुचित माना है। अपनी भाषा में काम-काज करने की उनकी जिद से उन्हें कहीं कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उल्टे उन्होंने इस ज़िद को अपनी अस्मिता के संदर्भ में समझा है। होना यह चाहिए था कि महाराष्ट्र में अंग्रेजी की अनिवार्यता पर सवाल किया जाता। विश्व-व्यापार के लिए अथवा अंतर्राष्ट्रीय संपर्कों की दृष्टि से यदि अंग्रेजी सीखने की ज़रूरत है तो उनसे जुड़े लोग यह भाषा सीख लेंगे–हर भारतीय को इसे सीखने की विवशता क्यों? इसलिए, विरोध यदि ज़रूरी है तो वह अंग्रेजी की अनिवार्यता का होना चाहिए। हिंदी का नहीं। महाराष्ट्र में हिंदी सीखने-सिखाने के इस विरोध के पीछे बच्चों पर




भाषाई-बोझ का तर्क भी दिया जा रहा है। मुख्य बात तो यह है कि भाषा बच्चों पर बोझ नहीं होतीं, बड़ों की तुलना में वह कहीं अधिक आसानी से भाषाएं सीख लेते हैं। फिर भी यदि किसी को तीन भाषाओं की अनिवार्यता बोझिल लग रही है तो विरोध एक विदेशी भाषा, अंग्रेजी, का होना चाहिए, अपने ही देश की सर्वाधिक बोली-समझी जाने वाली भाषा, हिंदी, का नहीं। भाषा की राजनीति से कुछ राजनीतिक स्वार्थ भले ही सध जाते हों, पर यह राजनीति हमें टुकड़ों में बांटने वाली है। हमें तो इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हमारे पास इतनी सारी समृद्ध भाषाएं हैं। ये सारी भाषाएं हमारी पहचान हैं, हमारा गौरव हैं। हिंदी की अनिवार्यता से मराठी को नुकसान पहुंचाने के सोच वालों को यह समझना चाहिए कि हिंदी नहीं, अंग्रेजी से हमारी भाषाओं को खतरा है। आज देश के सब हिस्सों में अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की बाढ़-सी आ गयी है। पिछले कुछ सालों में मुंबई में मराठी और हिंदी माध्यम के सौ से अधिक स्कूल बंद हो चुके हैं। चिंता इस बात की होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है, और कैसे इस प्रवृत्ति को रोका जाये। हमारी भाषाएं हमारी पहचान हैं। चिंता इस पहचान को बचाये रखने की होनी चाहिए।

आप का नजरीया

## कश्मीर में एक और नरसंहार

**एक** तस्वीर मीडिया के जरिए दुनिया के सामने आई है। सबसे त्रासद, दर्दनाक और नरसंहार को बयां करती तस्वीर... ! एक नवविवाहिता की कलाइयों पर लाल रंग का चूड़ा है, उंगली में अंगूठी है, लेकिन वह अपने पति के शव के पास गुमसुम बैठी है। उसके भीतर न जाने कितने अंधड़ उमड़ रहे होंगे! आतंकी हमले ने एक नवविवाहित जोड़े की जिंदगी ही काली कर दी। कश्मीर में पहलगाम जिले के बैसरन घसियाले मैदान में आतंकियों ने हमला किया है। यह हमला ही नहीं, बल्कि दानवी नरसंहार है, जिसमें 28 निहत्थे, निर्दोष, मासूम पर्यटकों को, मात्र 20 मिनट में ही, लाश बना दिया गया। बैसरन घाटी पहलगाम से करीब 7 किमी दूर है। एक बेहद खूबसूरत घास का मैदान, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहते हैं, लेकिन आतंकियों ने उसे भी खून से लथपथ कर बदनाम कर दिया। पहलगाम से अमरनाथ यात्रा का एक मुख्य मार्ग जाता है। धार्मिक यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी शुरू हो चुका है। आतंकियों ने तीर्थयात्रियों के लिए भी खौफ और दहशत के भाव पैदा कर दिए हैं। इस बार आतंकियों ने चुन-चुन कर 'हिंदू पर्यटकों' को ही निशाना बनाया है। उनका नाम और धर्म पूछा गया, कलाई में कलावा देखा और कलमा नहीं पढ़ पाए, तो उन्हें गोलियों से भून दिया। बताया गया है कि 4-5 आतंकी थे। उन्होंने 50-70 राउंड गोलीबारी की और 28 सैलानियों को मौत की नींद सुला दिया। अधिकतर पुरुष पर्यटकों को ही निशाना बनाया गया। कर्नाटक की एक महिला ने पति की मौत के बाद जब कहा कि उसे भी मार दें, तो आतंकियों ने जवाब दिया-'नहीं, तुम्हें नहीं मारेंगे। तुम जाओ, जाकर मोदी को बता दो।' इस जवाब से ही आतंकियों की सोच और मंशा समझी जा सकती है। बहरहाल कश्मीर में फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले के बाद यह नरसंहार सबसे बड़ा और वीभत्स है। पुलवामा में 40 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को आतंकियों ने 'शहीद' कर दिया था। पहलगाम में धर्म के आधार पर चिह्नित कर पर्यटकों पर पहली बार आतंकी हमला किया गया है। इस नरसंहार ने मार्च, 2000 के चित्तीसिंहपुरा आतंकी हमले की याद ताजा करा दी, जिसमें 35 ग्रामीण सिखों को उनके घरों से निकाल कर मार दिया गया था। तब अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कश्मीर के प्रवास पर ही थे। इस बार अमरीका के उपराष्ट्रपति वेंस भारत के प्रवास पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी सऊदी अरब गए हुए थे। बहरहाल उन्हें तुरंत लौटना पड़ा। लौटने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन पर निर्देश दिए कि तुरंत श्रीनगर जाएं और हालात तथा सुरक्षा का जायजा लें। गृहमंत्री श्रीनगर में ही हैं। उन्होंने उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह सचिव सहित सुरक्षा के शीर्ष अधिकारियों के साथ मंथन किया कि ऐसा क्यों हुआ है? राष्ट्रीय जांच एजेंसी भी अब ऑपरेशन में शामिल हो सकती है। सरकार और सुरक्षा-तंत्र तुरंत सक्रिय हो गए हैं। पहाड़ी और जंगलात वाले उस इलाके की सेना और सुरक्षा-बलों ने घेराबंदी कर ली है।

# धरधारा में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

## सरकार से अपील पाक को कायराना हरकत का दे करारा जवाब : प्रिंस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस कायराना हमले में कई निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई. जिससे देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। इसी क्रम में शुक्रवार की शाम हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के उरैली पंचायत अन्तर्गत धरधारा गांव में युवा ग्रुप के द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च धरधारा स्कूल से प्रारंभ होकर धरधारा स्थित सुल्ताना टाड़ तक निकाला गया। जहाँ पाकिस्तान के खिलाफ रोष व्यक्त किया गया, तथा सभी युवाओं ने एकत्र होकर पाकिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारेबाजी की तत्पश्चात घटना में मारे लोगों को श्रद्धांजलि तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। इस दौरान युवाओं ने सरकार से अनुरोध कि सरकार जिहादियों पर अतिशीघ्र कार्यवाही करें उन्होने चेतावनी भरे स्वर मे कहा कि एक दिन भारत के युवा इन आतंकियों को घर मे घुसकर मुंह तोड़ जवाब देने को मजबूर होगा। आतंकियों के विरोध मे युवाओं के द्वारा आतंकी हमले मे मारे गए लोगो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन व्रत किया गया, तथा एक शोक सभा की गई। इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव, प्रियदर्शी कुमार, हृदय चौधरी, राजू पासवान, नंदन कुमार, गोलू गोल्ड, मनीष कुमार, आशीष कुमार, पवन कुमार, शिवम कुमार, मुकेश कुमार, निकेश कुमार, चंदन कुमार, सौरभ, संपत, ओमप्रकाश, अंतिश, रघुनंदन, शिवा, दीपक दास, अजय यादव, शनि कुमार, ग्रेश कुमार, रवि गुप्ता, बिक्की कुमार , नट्टू कुमार के साथ सैकड़ों संख्या में युवा शामिल लोग हुए।

# गुपचुप तरीके से एनओसी लेने का प्रयास, ग्रामीणों ने किया भंडाफोड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र के प्रस्तावित परियोजना उरदा से धनगडा के बीच रेलवे लाइन निर्माण हेतु 56.137 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण से संबंधित संयुक्त जांच के प्रयासों को लगा जोर का झटका। गुपचुप तरीके से अपने हित साधने के प्रयास में जुटे कुछ बिचौलियों का मंसूबा शुक्रवार को काढमदिरी के ग्रामीणों ने विफल कर दिया है। जानकारी देते हुवे दिलीप पांडेय व रमेश राणा ने बताया कि तीव्र विरोध की भनक लगते हीं बगैर ग्रामीणों से मुखातिब हुवे संबंधित लोग भाग निकले। जानकारी के अनुसार 25 को काढमदिरी, 26 को सिसई, 28 को कबरा, 29 को वृंदा, 30 को टेकठा एवं 02/05/2025 को उरदा में उक्त विषय को लेकर अंचल कार्यालय द्वारा जारी पत्र में बैठक निर्धारित की गई है। ग्रामीणों द्वारा समुचित प्रचार- प्रसार के आभाव में जानकारी नहीं होने की बातें कही जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की सेरगदाग के तर्ज में यहां पर भी गुपचुप तरीके से फर्जीवाड़ा कर एनओसी लेने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## राहगीरों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था की गई

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा आम नागरिकों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था प्रखंड कार्यालय के बाहर एवं सिमरिया चौक पर की गई है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा जल पीने के के लिए सिमरिया चौक, सिमरिया ब्लॉक ऑफिस एवं अन्य भीड़भाड़ वाले इलाको में किया गया है। इसके अलावा लोगों के बिच ओआरएस भी वितरण किया गया।

## अनियंत्रित हाईवा ने ट्रैक्टर एवं बाउंड्री को मारी जोरदार टक्कर, लगभग आठ लाख का नुकसान



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना मुख्यालय के बजरंगबली टोला समीप बीते बृहस्पतिवार रात्रि में हाईवा वाहन अनियंत्रित हो खड़े ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार शंकर दांगी के बाउंड्री के अंदर घुस गया जिससे घटना में ट्रैक्टर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर पाठक दांगी का है। जबकि शंकर दांगी का बाउंड्री के साथ-साथ लगे फसल भी नष्ट हो गया।वही एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालित का बाउंड्री भी ट्रैक्टर के धक्के से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच चालक को अपने कब्जे में कर थाना ले आया है।बताया गया कि कोल वाहन कटकमसांडी से कोयला डंप कर वापस केरेडाडी जा रहा था।इसी बीच बजरंगबली टोला के समीप अनियंत्रित हो खड़े ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी।हालांकि घटना स्थल पर बिजली के खंभे टक्कर होने से बाल बाल बच गया।साथ हो अप्रिय घटना घटने से बाल बाल बचा।समाचार लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त कोल वाहन घटना स्थल पर ही है। ग्रामीणों का कहना है की अनुमानित लगभग 7से 8 लाख रुपए की नुकसान हुआ है।

# उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उद्योग विभाग झारखंड सरकार एवं औद्योगिक जनसंरचना विकास निगम (जिडको) द्वारा एमएसएमई के प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विश्व बैंक समर्थित रैंप कार्यक्रम के तहत, शुक्रवार को आरसेटी चतरा में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य एमएसएमई को औपचारिक रूप देना, उद्यमिता प्रक्रिया को सरल बनाना एमएसएमई को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। आयोजित शिविर के दौरान 30 उद्यमियों ने ऑन स्पॉट पंजीकरण करवाया। जिससे जिले में औपचारिक एमएसएमई इकाइयों की संख्या में वृद्धि हुई है। बताते चले कि एमएसएमई मंत्रालय द्वारा राज्य के रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 19 परियोजनाओं की स्वीकृति दी गई है, जिसमे दो परियोजनाओं एमएसएमई औपचारिकरण और सुविधा केंद्रों की स्थापना को राज्य रैंप समिति ने 7 मार्च 2025 को मंजूरी दी थी। ईओडीबी मैनेजरों को इन परियोजनाओं के जिला स्तर पर क्रियान्वयन हेतु नोडल नियुक्त किया गया है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड, जिला अग्रणी प्रबंधक, ईओडीबी प्रबंधक, आरसेटी डायरेक्टर समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# सांसद कालीचरण सिंह पहुंचे प्रतापपुर, वस्त्रम कपडा शोरूम का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय के सामने व देवकीनंदन गुप्ता के मकान में वस्त्रम शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। मौके पर सांसद ने बताया कि प्रतापपुर दौरे के क्रम में भाजपा के वरिष्ट नेता देवकीनंदन गुप्ता के पुत्र नरेन्द्र गुप्ता का वस्त्रम शोरूम का उद्घाटन किया। आगे बताया कि इस तरह के कपडे, एवं ज्वेलर्स का शो रूम बडे नगरों में देखने को मिलता है। प्रतापपुर में इस तरह के कपडे के शोरूम खुलने से यहां के लोगो को लाभ व सुविधा मिलेगा। वस्त्रम शोरूम के उद्घाटन के बाद सांसद व विधायक प्रखंड के दर्जनों गांवों का भ्रमण कर जनता- जनार्दन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया तथा उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।वस्त्रम शोरूम रूम के संचालक नरेन्द्र गुप्ता उर्फ मिन्टु ने बताया कि वस्त्रम शोरूम रूम मे आधुनिक याने लेटेस्ट फैशन वियर जिसे लेडिस,कीड्स व ज्वेलरी के सभी तरह का समान उचित एवं किफ़ायती मूल्यों पर उपलब्ध है। उद्घाटन के मौके पर सांसद प्रतिनीधी विनय सिंह,बीरेन्द्र यादव, देवकीनंदन गुप्ता, सिजुवा के मोहन प्रसाद, सावन कुमार, अमन कुमार, नावाडीह के सतेन्द्र, पांडेयपुरा के बिनोद कुमार समेत सैकडो लोग मौजूद थे।

# कौलेश्वरी पहाड़ पर अवैध रूप से शराब बेच रहे दुकानदारों पर चला पुलिसिया डंडा, हिरासत में दो दुकानदार

➲सोशल मीडिया पर शराब बेचने का फोटो भी हो रहा वायरल, दुकानदारों में मचा हड़कंप

➲मां कौलेश्वरी मन्दिर परिसर के इर्द गिर्द शराब बिक्री बर्दाश्त नहीं : थाना प्रभारी प्रभात कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रखंड क्षेत्र में स्थित सुप्रसिद्ध माता कौलेश्वरी के प्रांगण में दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी व देशी शराब खुलेआम बेच रहे हैं। सुबह माता के दर्शन व पूजन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं ने दुकानदारों को खुलेआम शराब बेचने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर कर दिया। रामनवमी के समय ही एसडीओ जहूर आलम एवं एसडीपीओ संदीप सुमन ने सभी दुकानदारों को शराब न बेचने की हिदायत दिया था। उसके वाबजूद भी दुकानदारों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है की प्रशासनिक चेतावनी के बाद भी काउंटर पर निर्भीक होकर पानी की बोतल के साथ काउंटर पर अंग्रेजी शराब बेचा जा रहा है। शराब को देख पूजा अर्चना करने जा रहे श्रद्धालुओं ने दुकानदार का फोटो खींच सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। दुकानदारों का दबंगई इतना बढ़ गया है की फोटो खींच रहे श्रद्धालु को दुकानदारों ने मारने की धमकी दे डाली। श्रद्धालुओं द्वारा थाना प्रभारी प्रभात कुमार को जैसे ही इसकी सूचना मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए कौलेश्वरी पहाड़ के रास्ते में वेलतरनी के पास शराब बेच रहे दो दुकानदार चतुर्भुज कुमार एवं भिषम कुमार को पुलिस ने पड़कर हिरासत में ले लिया। दुकानदारों पर हुई कार्रवाई से सभी दुकानदारों में हड़कंप मच गई है। शराब को लेकर कौलेश्वरी जाने वाले श्रद्धालुओं ने प्रबंधन समिति के बैठक में कई बार यह मुद्दा उठाया गया है। दुकानदारों द्वारा शराब बिक्री से कौलेश्वरी गर्भ गृह को अशुद्ध कर रहे थे। माता के दरबार जाने वाले श्रद्धालु काफी श्रद्धा से पूरे परिवार के साथ पुजा अर्चना के लिए जाते हैं। ऐसे में खुलेआम शराब की बिक्री से श्रद्धालु असुरक्षित महसूस करते हैं। थाना प्रभारी प्रभात कुमार द्वारा त्वरित करवाई से लोग काफी खुश हैं। लोगों ने प्रभारी की काफी प्रशंसा किया। थाना प्रभारी ने बताया गिरफ्तार दोनों अभियुक्त पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। शनिवार की सुबह दोनों अभियुक्त को जेल भेज दिया जाएगा।

# विश्व मलेरिया दिवस पर, क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखड मुख्यालय स्थित कस्तुरवा गांधी आवासीय विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी एमपीडब्ल्यू बलराम कुमार ने मलेरिया व उससे बचाव के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया मच्छर से फैलने वाला बुखार है, इसमे ठंड के साथ बुखार, उल्टी, मिचली, चक्कर, सिरदर्द, शरिर मे ऐठन का दर्द, पसीने के साथ बुखार उतरना और रुक रुक कर बुखार आना जैसे लक्षण पाए जाते है, इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग, घर के आस पास जल जमाव नही होने दें, पानी की टंकी व पानी जमा करने के बरतन को ढंक कर रखें।साथ ही बुखार आने पर नजदिकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर ईलाज कराया. इसके साथ ही सफाई के महत्व के बारे में भी बताया गया. मौके पर विद्यालय के अध्यापिकाएं व छात्राए मौजूद थे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर बरवाडीह प्रखंड में चलाया गया जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. जयवंत लकड़ा के निर्देशानुसार संचालित किया गया। इस अवसर पर छेंचा पंचायत के अंतर्गत सभी गांवों और स्कूलों में विशेष अभियान चलाकर मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। गांवों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई, वहीं स्कूलों में बच्चों को मलेरिया के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के तरीके समझाए गए। छेंचा पंचायत के मल्टीपरपज वर्कर दिलकेश्वर राम ने गांव-गांव और मोहल्लों में जाकर लोगों को मलेरिया से बचने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मलेरिया एक गंभीर बीमारी है, लेकिन यदि समय पर सतर्कता बरती जाए और आवश्यक सावधानियां अपनाई जाएं, तो इससे बचा जा सकता है। उन्होंने मच्छरदानी के प्रयोग, आसपास सफाई रखने और रुके हुए पानी को हटाने जैसे उपायों को अपनाने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया और स्वस्थ जीवन के लिए मलेरिया से बचाव की जानकारी को सराहा।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## आतंकी हमले के खिलाफ सनातन परिवार ने निकाली आक्रोश रैली, पुतला दहन कर जताया विरोध



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए जघन्य और कायराना हमले के खिलाफ समस्त सनातन परिवार, लातेहार के बैनर तले आक्रोश रैली निकाली गई। रैली थाना चौक से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंची। जहां पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। मौके पर सनातनियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की। साथ ही शोक संतप्त लोगों और उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। मौके पर अभिनंदन प्रसाद ने कहा कि इस घटना में शामिल आतंकवादियों को तत्काल दण्डित करने की बात कहीं। उन्होने कहा कि पर्यटकों पर किया गया हमला देश की स्मिता पर हमला है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विहिप के श्याम अग्रवाल ने कहा कि आतंकवादी हमले में अनंतनाग के एक स्थानीय सहित 26 लोगों की जान चली गई, यह हमला मानवता पर प्रहार है। संजय तिवारी ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए इन कायराना कृत्यों की जितनी निंदा की जाय कम है। अन्य सनातनियों ने केंद्र सरकार से जम्मू - कश्मीर में भविष्य में इस तरह के आतंकवादी हमले को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों का पुनः मुल्यांकन करने और हमला में शामिल आतंकवादियों को सख्त सजा देने की मांग की है। मौके पर पिंटू रजक, कंचन कुमारी, प्रिंस कुमार, अंजू देवी, गौरव अग्रवाल समेत कई लोग शामिल थे।

# कांग्रेस ने आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने हेतु लातेहार जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस शोकसभा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने हिस्सा लिया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने की। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, महिला जिला अध्यक्ष अनिता देवी, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, जिला महासचिव इमरान अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष शहजाद हुसैन, प्रिंस गुप्ता (अधिवक्ता एवं बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष) समेत दर्जनों प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई।जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि यह हमला पूरे देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक है।आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है और इसे जड़ से समाप्त करना आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी है और केंद्र सरकार से मांग करती है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कामिल अंसारी, अख्तर अंसारी, हसमद अंसारी, वाजिद अंसारी, दानिश, चंदन गुप्ता, फूलचंद यादव, पंकज उरांव, संजीदा खान, मनोज पासवान, ज्योति प्रकाश दुबे, गुड्डु दुबे, सकलदीप उरांव, मंजू देवी, सुनील प्रसाद समेत बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल हुए।

# तिसिया के बच्चों के भविष्य की मशाल बने सीआरपीएफ, शिक्षा विभाग अब भी बेखबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** जिला अंतर्गत महुआडांड़ प्रखंड का नक्सल प्रभावित गांव तिसिया (डाडूलवार) अब तक सरकारी उपेक्षा का शिकार रहा है। प्राथमिक विद्यालय भवन तो वर्षों पहले बन गया था, लेकिन कभी कोई शिक्षक वहां पढ़ाने नहीं आया। गांव के बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से कोसों दूर थे–न किताबें, न शिक्षक, न स्कूल की घंटी। गांव के ही एक जागरूक नागरिक संतोष यादव ने इस स्थिति को बदलने का बीड़ा उठाया। उन्होंने कई बार शिक्षा विभाग से गुहार लगाई, मगर हर बार निराशा हाथ लगी। अंततः उन्होंने केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) की 211वीं बटालियन से संपर्क किया। छ्त्रक्ष ने न सिर्फ पहल की, बल्कि तिसिया में शिक्षा की अलख भी जगाई।



**14 जनवरी 2025¬ एक नई शुरुआत**

14 जनवरी 2025 तिसिया के इतिहास में एक नई सुबह लेकर आया। CRPF के जवानों ने गांव में एक अस्थायी छप्पर तैयार करवाया और वहीं से बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। बिना किसी उद्घाटन समारोह के, बिना किसी मीडिया कवरेज के, जवानों ने बच्चों को अक्षरज्ञान देना शुरू किया।

आज तीन महीनों में नतीजे चौकाने वाले हैं–57 बच्चे अब अक्षर, शब्द और वाक्य पहचानने और पढ़ने लगे हैं।

**शिक्षा सामग्री भी CRPF के भरोसे**

सरकारी जिम्मेदारियों की अनदेखी का आलम यह है कि बच्चों को आज तक न तो यूनिफॉर्म मिला, न बैग, न किताबें। मजबूरी में CRPF ने खुद ही इन सभी सामग्रियों की व्यवस्था की। जवानों ने बच्चों को यूनिफॉर्म, पठन सामग्री, बैग और अन्य आवश्यक शैक्षिक किट उपलब्ध कराए।

**शिक्षा विभाग की खामोशी**

प्रतिनियुक्त शिक्षक अभय कुलचंद तिग्गा ने बताया कि विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक प्रेम दास लकड़ा बीते चार महीनों से गायब हैं। उनकी अनुपस्थिति में उपस्थिति पंजिका नहीं बन पा रही है और न ही विद्यालय सुचारू रूप से चल पा रहा है। रसोइया रेखा नागेसिया की भी हाजिरी नहीं बन रही है, जिससे उनका मानदेय रुका हुआ है। विद्यालय भवन तो है, मगर उसमें एक टेबल-कुर्सी तक नहीं है।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया**

इस मुद्दे पर जब महुआडांड़ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभारी ऋषिकेश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि शिक्षक प्रेमदास लकड़ा के विरुद्ध लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसे जिला शिक्षा कार्यालय को भेजा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक अभय कुलचंद तिग्गा की प्रतिनियुक्ति इसी कारण की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही बच्चों को किताबें, ड्रेस और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

**सिर्फ सुरक्षा नहीं, भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी**

सीआरपीएफ के सत्येंद्र कुमार पांडेय और उनकी टीम ने यह साबित कर दिया है कि सशस्त्र बलों की जिम्मेदारी केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उन्होंने तिसिया के बच्चों के भविष्य को संवारने का काम किया है।जहां एक ओर सरकार शिक्षा को लेकर अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ती दिख रही है, वहीं दूसरी ओर देश के ये सिपाही चुपचाप एक नई पीढ़ी की नींव रख रहे हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# राज्य का पहला हाई सिक्योरिटी जेल के निर्माण कार्यों का झारखंड के गृह सचिव ने किया निरीक्षण

- जेल का निर्माण 18.20 एकड़ में किया जा रहा है जिसमें 280 कैदियों को रखा जा सकेगा
- हाई सिक्योरिटी जेल सभी आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से लैस होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राज्य का पहला हाई सिक्योरिटी जेल का निर्माण हजारीबाग में किया जा रहा है। राज्य के पहले निर्माणाधीन हाई सिक्योरिटी जेल के निर्माण कार्यों का निरीक्षण आज 25 अप्रैल शुक्रवार को झारखंड के गृह सचिव वंदना दादेल के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कारा महानिरीक्षक सुदर्शन मंडल, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह,अपर समाहर्ता संतोष सिंह,जेल अधीक्षक जितेंद्र सिंह, प्रोबेशन पदाधिकारी चंद्रशेखर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में गृह सचिव ने निर्माणाधीन हाई सिक्योरिटी जेल संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों में लगे अधिकारियों से वार्ता कर निर्माण संबंधी बारीकियों की जानकारी ली। यह जेल हार्डकोर उग्रवादियों और अपराधियों को रखने के लिए बनाई जा रही है, जहां उन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। जेल का निर्माण 18.20 एकड़ में किया जा रहा है जिसमें 280 कैदियों को रखा जा सकेगा।यह झारखंड का पहला हाई सिक्योरिटी जेल होगा। हार्डकोर उग्रवादियों और



अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए विशेष उपाय किए जाएंगे। कैदियों के सेल में बिजली का पॉइंट नहीं होगा। यह प्रदेश की पहली और देश की विशिष्ट जेल होगी। इस हाई सिक्योरिटी जेल में सेल, बाउण्ड्री वाल, कार्यालय, अस्पताल, अधीक्षक आवास, कारापाल आवास, सहायक कारपाल आवास, चिकित्सक आवास, वार्ड, पाकशाला, बाह्य बाउण्ड्री वाल, पारा चिकित्सा कर्मी आवास, कम्प्यूटर ऑपरेटर / लिपिक आवास, वॉच टावर, 50 शैय्या वाला बैरक, ड्रेन, आन्तरिक एवं बाहरी पथ, उच्च कक्षपाल एवं मुख्य उच्च कक्षपाल आवास, बाह्य विद्युतीकरण कार्य, केन्द्र स्थल, वर्षा जल संचयन,अग्निशामक से युक्त होगा। इसके निर्माण में लागत कुल 87,65,96,000/- की लागत आयेगी।

**गृह सचिव ने हजारीबाग अवस्थित झारखंड खुला जेल सह पुर्नावास केंद्र का निरीक्षण किया**

निर्माणाधीन जेल के निरीक्षण के उपरांत गृह सचिव ने हजारीबाग अवस्थित झारखंड खुला जेल सह पुर्नावास केंद्र का निरीक्षण किया। ओपन जेल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर का भ्रमण कर कैदियों को दी जाने वाली तमाम सुविधाओं को जाना। उन्होंने इस दौरान सजायाफ्ता कैदियों से बात की एवं उनकी समस्याओं को जाना। लंबे समय से सजा काट रहे कैदियों ने गृह सचिव से जेल के अंदर कौशल विकास अंतर्गत रोजगार परक प्रशिक्षण दिलाने का आग्रह किया ताकि जेल से निकलने के उपरांत मुख्य धारा में लौटने में सहायक हो सके। गृह सचिव इन तमाम मुद्दों पर जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ श्रीदस स्कूल के बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला, दी श्रद्धांजलि





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना के बाद देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाई, नारे लिखे, पोस्टर बनाए, समूह चर्चा की और हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में बच्चों और शिक्षकों ने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत संदेश दिया और समाज में शांति और एकता का आह्वान किया। प्रिंसिपल रोहित सिंह ने आगे कहा, हमारे बच्चों ने आज यह दिखाया कि वे न केवल आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज उठा सकते हैं, बल्कि समाधान भी सुझा सकते हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिसमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले ने देश भर में शोक की लहर दौड़ा दी। ऐसे में बच्चों का यह प्रयास न केवल शांति का संदेश देता है, बल्कि समाज को यह भी सिखाता है कि एकता, जागरूकता और शिक्षा के जरिए हम आतंकवाद जैसे काले साये को हरा सकते हैं।

# देवर-भाभी के प्रेम प्रसंग में दोनो की गई जान, हत्या का आरोप महिला के पति पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत जमनीजारा के खेत में शुक्रवार की अहले सुबह एक महिला और एक युवक का शव मिलने से लोगो मे हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों द्वारा शवों को देखे जाने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन महथा अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंची और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। विष्णुगढ़ पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विष्णुगढ़ थाने ले आई। पुलिस की काफी तफ्तीश और जद्दोजहद के बाद शवो की पहचान



विजय कुमार महतो पिता-मोहन महतो जरीडीह,बोकारो उम्र करीब 26 वर्ष,मृतका तिलिया देवी,पति मुकेश कुमार महतो जरीडीह,बोकारो उम्र करीब 25 वर्ष। मृतका का मायका,विष्णुगढ़ कुसुम्भा हजारीबाग के रूप में पहचान की गई ,बताया जाता है,कि मृतका दो बच्चों की माँ भी है। घटित घटना के आलोक में मृतक के भाई संजय कुमार महतो पिता मोहन महतो जरीडीह बस्ती,थाना गाँधीनगर जिला बोकारो ने विष्णुगढ़ थाने में शिकायत पर मृतका तिलिया देवी के पति मुकेश कुमार महतो व अन्य अज्ञात लोगों पर हत्या कर सबूत छिपाने का गंभीर आरोप लगाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला अवैध संबध एवं घर से भागने की बात भी कही जा रही है।इस दोहरे हत्याकांड से विष्णुगढ़ प्रखण्ड व आस पास के सटे प्रखंड में सनसनी फैल गई। सुबह से चले इस घटनाक्रम पर विष्णुगढ़ पुलिस काफी बारीकी से अपनी नजर बनाए हुए है।समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हो पाया था।

# बरही प्रखंड आगामी 24 मई तक़ चलेगा पैक्स सदस्यता अभियान



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के 20 पंचयातो में पैक्स एमपीसीएस में अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने का निर्देश विभाग से प्राप्त हुआ है, इसे लेकर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव ने बताया की प्रखंड के 20 पंचायतो में यह अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा नए सदस्यों को जोड कर सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। जिसमे सभी जनप्रतिनिधि सभी पैक्स अध्यक्ष, सभी किसान मित्र की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिसकी शुरुआत 25 अप्रैल यानी शुक्रवार से कर दी गई, जो 24 मई तक नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। जिसमें सदस्यता शुल्क 10 रूपये, एक शेयर 100 यानि कूल मिलाकर 110 रुपए निर्धारित किए गए हैं। जिसमे पैक्स के द्वारा किसानो को सभी तरह के बीज, उर्वरक, अन्न भण्डारण हेतू गोदाम की सुविधा, प्रज्ञा केंद्र की सुविधा, जमा बृद्धि योजना, धान अधिप्राप्ति की सुविधा, कोल्ड स्टोरेज की सुविधा, प्रधानमंत्री जन औषधि की सुविधा, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि योजना, ब्याज रहित केसीसी की सुविधा, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की इत्यादि की सुविधाओं के साथ उन्नत ढंग से खेती की सुविधाये दी जाएगी।

# पहलगाम आतंकी हमले से शिक्षक समुदाय में रोष, काला बिल्ला लगाकर किया शिक्षण कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग :** कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड के करीब दो सौ सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया । शिक्षक संघ ने राज्य कार्यकारणी के आह्वान पर पहलगाम आतंकी हमले का पुरजोर तरीके से विरोध करते काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ कटकमदाग इकाई ने भी पहलगाम आतंकी हमले का घोर निंदा किया और विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह झारोटेफ के जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि दिनांक 22 अप्रैल



को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने देश के 28 बेगुनाह देशवासियों की नृशंस हत्या कर मानवता को कलंकित करने और एक कायरतापूर्ण कार्य किया है । इस आतंकी हमले से पूरा देश मर्माहत है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ इस जघन्य एवं घिनौने कांड की भर्त्सना करती है और इसके प्रतिकार स्वरूप आज हम लोग अपने कार्य स्थल पर काली पट्टी लगाकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। आतंकियों के इस कायरता पूर्ण कारवाई को शिक्षकों कोसा है और कहा है कि निर्दोष लोगों की जाने लेकर एक बहुत बड़ा पाप किया है ।जिसकी सजा अवश्य मिलेगी । घटना की निंदा करने वालों में शिक्षक स्वदेश ओझा, प्रभात कुमार ओझा, ललन ओझा, सरिता कुमारी ,पंकज कुमार आदि शामिल हैं।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विधायक रोशन लाल चौधरी ने उपलब्ध कार्य ट्रांसफार्मर



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सेहदा बसकटवा में कई दिनों से ट्रांसफॉर्मर ख़राब था जिसकी सूचना आम जनों से बड़कागाँव विधायक रोशन लाल चौधरी जी मिली। विधायक श्री चौधरी ने त्वरित बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी से बात कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। विधायक के आदेशानुसार शुक्रवार को 63 के. वी .ए. का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। बिजली बहाल होने से लोगों में खुशी की लहर है । आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान, प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, वरिष्ठ आजसु नेता कैलाश महतो उर्फ कारु महतो, बीजेपी नेता महादेव हांसदा के द्वारा ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मनोज सोरेन, ऐतलाल बासके, प्यारे लाल मुर्मु, दासो सोरेन, शिव नारायण सोरेन, दिनेश मुर्मु, अनिल हांसदा, महेश मुर्मु, सुरेश मुर्मु, गंगा राम हांसदा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सांसद के सौजन्य से किया गया लहंगा भेंट



**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रखंड में सदर विधानसभा के विभिन्न गांव जिसमें लुपूँग,हेदलाग,गोविन्दपुर ,पबरा आदि गांव में घर-घर जाकर लहंगा उपलब्ध कराया गया। लुपूँग निवासी ऋषि कुमारी पिता फुलेश्वर प्रसाद मेहता प्रतिमा कुमारी पिता नरेश प्रजापति ज्योति कुमारी पिता सुखदेव प्रसाद मेहता कंचनपुर पंचायत हेदलाग निवासी श्वेता कुमारी पिता स्वर्गीय महेंद्र महतो कंचनपुर पंचायत गोविंदपुर निवासी अंजली कुमारी पिता सोहराय यादव पबरा निवासी नीतू कुमारी पिता रामेश्वर प्रसाद मेहता मनीषा कुमारी पिता सुभाष प्रसाद मेहता हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल जी के सौजन्य से पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा के नेतृत्व में पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता के अगुवाई में हर एक बहनों को घर जा जाकर के लहंगा उपलब्ध कराया गया मौके पर उपस्थित पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक मेहता अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप रविदास युवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष अजय मेहता गोविंद यादव प्रयाग पासवान सरजू राम जितेंद्र मेहता सचिन मेहता अंकज ठाकुर ,मदन ठाकुर सचिन मेहता प्रयाग पासवान सरजू राम मौके पर मौजूद थे।

## पहलगाम मे हुए आतंकी हमला के विरोध मे आज बाजार रहेगा बंद



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 25 अप्रैल को संध्या 4:00 बजे स्थानीय अग्रसेन भवन के सभागार में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक अत्यावश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक का मुख्य विषय पहलगाम में हुए 28 सैलानियों की आतंकियों द्वारा निर्मम हत्या को लेकर चर्चा की गयी। इसमें यह निर्णय लिया गया की इस घटना के विरोध में 26 अप्रैल दिन शनिवार को हजारीबाग बाजार पूर्णता बंद रहेगा। इस बंद को सभी वर्ग के व्यापारी खाद्यान्न हार्डवेयर किताब स्टेशनरी जूता चप्पल कपड़ा मोबाइल होटल इत्यादि व्यवसाईयों ने अपना पूर्ण समर्थन दिया। बैठक में सभी वर्ग के सैकड़ो व्यवसाय उपस्थित थे एवं सभी ने बड़ी-बड़ी से अपनी सहमति एवं अपना विचार दिया बैठक की अध्यक्षता चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने किया बैठक में मृत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया बैठक में मुख्य रूप से नीरज अग्रवाल तारीख राजा साजिद अख्तर हंसराज अग्रवाल विजय लोहारिया राकेश ठाकुर प्रदीप अग्रवाल मोहम्मद शहजाद मोहम्मद जमाल इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से आन्नद कालेज चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया । तिरंगा झंडा के साथ कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादी द्वारा काश्मीर पहलगाम में मारे गए निर्दोष 27 पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी द्वारा किए गए हमले की मैं कड़ी शब्दों में निन्दा करता हूं । उन्होंने कहा कि ये घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है । एसी घटना को अंजाम देने वालों पर केन्द्र सरकार से कठोर कार्रवाई करने की मागं की । उन्होंने कहा कि इस कठीन घड़ी में घटना में मारे गए पर्यटकों के परिवार के साथ कांग्रेस खड़ी है । कैंडल मार्च में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद गगन भेदी नारे लगाए गए । कैंडल मार्च में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम




कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी, अवधेश कुमार सिंह महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, संजय गुप्ता, शशि मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, दिगम्बर प्रसाद मेहता, रजी अहमद युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह सहकारिता अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, अजय गुप्ता, राजू चौरसिया, संजय तिवारी, तारिक रजा, दिलीप कुमार रवि , जावेद इकबाल, साजिद अली खान, परवेज अहमद, गोविंद राम सुनिल सिंह राठौर, बाबर अंसारी, मिथिलेश दुबे, रघु जायसवाल, राजीव मेहता, अनिल भुईया, शिव नंदन साहू, बब्लू अंसारी, विजय कुमार सिंह, राशिद खान, गालिब अहमद, रोहन ठाकुर, मो.रब्बानी, बाबु खान, मुस्ताक अंसारी, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, सदरूल होदा निसार अहमद भोला, सैयद अशरफ अली, चंद्रशेखर आजाद, मो. मोजीब, मो. शमशाद, अशरफ अली, मो. वारिस, भैया असीम कुमार, कैलाश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, महेश रजक, कृष्णा मेहता, कैलाश मेहता, बंसत मेहता, मनोज मेहता, ओमप्रकाश, बहादुर सागर अधिवक्ता इजहार हुसैन के अतिरिक्त सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# महिला के गले से चेन की छिनतई, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही एक महिला की गले से सोने का चेन की छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। बरही थाना क्षेत्र करियातपुर की घटना है, जहां जीटी रोड किनारे एक बर्तन की दुकान के बाहर बर्तन बेच रही महिला के गले से उच्चके सोने की चेन ले भागे। हलांकि पीड़ित महिला शोर मचाते युक्त युवक को पकड़ने के लिए उसके पीछे भागी, लेकिन बाइक सवार उसके हाथ नहीं आया। इस पूरे घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद है, जिसका फुटेज बरही थाना को दी गई है। इधर भुक्तभोगी महिला चम्पा देवी पति महेश प्रसाद करियातपुर निवासी ने बरही थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के माध्यम से बताई कि गुरुवार शाम को अपने घर के आगे बर्तन दुकान के पास खड़ी थी, इतने में बाइक पर दो युवक सवार बर्तन दुकानें के सामने रुके, जिसमें से एक युवक बाइक स्टार्ट कर रखा था और दूसरा युवक बाइक से उतरकर बर्तन का दाम पूछने लगे, पलभर में वह युवक मेरे गले पर झपटा मार कर सोने का चेन लेकर बाइक पर बैठे और बरही की ओर फरार हो गए। आवेदन देने के बाद बरही पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर उच्चके की शिनाख्त में जुटी है।

# पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में भाजपा द्वारा आज निकाला जाएगा विशाल आक्रोश व मशाल जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बेसरन घाटी में पिछले 22 अप्रैल को आतंकियों ने 27 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। सभी पर्यटक थे। आतंकियों ने धर्म पूछकर लोगों को निशाना बनाया। इस घटना के विरोध में बरही में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज शनिवार को शाम 5 बजे आक्रोश प्रदर्शन और मशाल जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस एनएच डाक बंगला से शुरू होगा, जो पूरे बरही शहर में निकाला जाएगा। बरही चौक पर कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी जाएंगी। बैठक की अध्यक्षता व संचालन बरही प्रखंड के भाजपा पश्चिमी और पूर्वी मंडल अध्यक्षों ने की। कार्यक्रम में बरही विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद रहेंगे। भाजपा ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों, अभिभावकों, युवाओं और पदाधिकारियों से समय पर पहुंचने की अपील की है। बैठक में जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मनोज उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# पहलगाम आतंकी हमला को लेकर कैंडल मार्च और आक्रोश रैली निकाली गयी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** दारु प्रखंड अंतर्गत दारु चौक से जबरा चौक तक पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए हमले में मारे गए 27 लोगों व घायल हुए लोगों के समर्थन में साथ ही कायर आतंकियों के खिलाफ दिनांक 24-04-2025 दिन गुरुवार शाम 06-30 बजे से 08-00 बजे तक दारु चौक से जबरा चौक तक कैंडल मार्च और आक्रोश रैली निकाली गयी। इस रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवादियों को दे कड़ी सजा, भारत माता की जये, वन्दे मातरम के साथ जोर सोर से नारे लगाये गये। यह हमला सिर्फ लोगों पर नहीं, बल्कि पूरे भारत के साम्प्रदाधिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों पर किया गया है। ऐसे समय में पूरे देश को एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना होगा। जिन्होंने मासूमों के खून से धरती को लाल किया है, उन्हें बख्शा नहीं जाना चाहिए। आतंक का यह चेहरा एक बार फिर सामने आया



है, जिसने धर्म के नाम पर इंसानियत को शर्मसार किया है। पहलगाम में निर्दोष हिंदू नागरिकों की पहचान कर जिस तरह से हत्या की गई है, वह मानवता को झकझोर देने वाला कृत्य है। यह साफ है कि आतंकवादी संगठन भारत की आंतरिक एकता को तोड़ने का षड्यंत्र रच रहे हैं, लेकिन वे अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं हो सकते। इस कैंडल मार्च और आक्रोश जुलूस में जबरा दारु से काफी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने भी साथ दिया और जोरदार प्रदर्शन किया और उन्होंने कहा की हम अपने देश को बचाने के लिए अपने जान को भी कुर्बान कर देंगे और अपने देश को किसी प्रकार का सजा नही झेलेगा। मौक़े पर मौजूद रहे आफताब आलम, निगामुदिन, महमूद, जलाल, दारु से आलोक राज, राजकुमार दास, शुभम सिन्हा, अजय कुमार, रवि कुमार, सूरज कुमार, नवीन कुमार, विक्रम कुमार, सनी सौरव, महेन्दर कुमार, शिबू, संजय दास, गणेश, रौशन,रजनीश, तौकीर, शशि ,संगम, नारायण साथ ही पूरे प्रखंड गांव के सैकड़ो लोग उपस्तिथ होकर इस रैली को सफल मनाया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जांच शिविर का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत शुक्रवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ0 तुलिका रानी, के द्वारा संयुक्त नेतृत्व में राजकीय उच्च विद्यालय बंदा गोला में एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जाँच की गयीउनके द्वारा यह भी बताया कि सदर अस्पताल, रामगढ़ में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पैशाव में स्न्ह्वश्रह्म्श्रह्यद्बह्य बीमारी की जाँच करवा सकता हैं।इस शिविर को सफल बनाने हेतु उस क्षेत्र की सी0एच0ओ0, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लहंगा वितरण गरीब परिवार के बीच किया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लहंगा वितरण गरीब परिवार के बीच किया गया। यह लहंगा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा उपलब्ध कराया गया । उन्हीं के निर्देश पर जिन गरीब परिवार के घर में शादी विवाह हो रहा है उनके यहां लहंगा देने का कार्यक्रम पूरे लोकसभा क्षेत्र में चल रहा है इस कार्यक्रम के तहत रिंकू कुमारी पिता दुलालचंद कुशवाहा किरण कुमारी पिता कालीचरण मुंडा श्रुति कुमारी पिता लालजी मुंडा नंदनी कुमारी पिता रतन महतो पुष्पा कुमारी पिता स्वर्गीय सुभाष कुशवाहा इत्यादि लोगों के बीच लहंगा का वेतन किया गया इस लहंगा वितरण कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा वार्ड पार्षद अर्जुन यादव दिलेश्वर कुशवाहा विनोद प्रसाद रोहन लाल विनोद कुशवाहा नारायण यादव अर्जुन कुशवाहा नारायण महतो सावित्री देवी महेंद्र कुशवाहा उपेंद्र कुशवाहा साहित्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की।बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु लगाई गई साइन बोर्ड की संख्या में वृद्धि कर वाहनों का स्पीड कम करने हेतु कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा घाटी में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, घाटी में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए बैठक के दौरान उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना के दौरान अस्पताल पहुंचने वाले मददगारों को सम्मानित करने एवं का निर्देश दिया ताकि लोगों में जागरूकता पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं जिससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जीवन को बचा सके। वहीं उन्होंने हिट एंड रन से संबंधित योजना की लाभ प्रक्रिया को बताते हुए बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इन सबके अलावा बैठक के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## जन समुदाय को मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरुक मुख्य उद्देश्य : सिविल सर्जन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद के अध्यक्षता में मिडिया बिरीफिंग की गई जिसमें बताया गया कि विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य जन समुदाय को मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरुक करना और बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम है, मलेरिया का अन्त हमारे साथः पुनर्निवेश पुनर्कल्पना, पुनर्जीवन इस थीम का उद्देश्य मलेरिया के खिलाफ लडाई में आवश्यक तथा तत्काल कार्यवाई के बारे में जन जागरुकता बढाना है।जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी डॉ0 अजय चौधरी के द्वारा बताया कि इस वर्ष 2025 के मार्च माह तक कुल 11 मलेरिया के मरीज प्रतिवेदित हुए है, जिसमें गोला 1. माण्डू 1. पतरातू 3 एवं रामगढ़ 6 मरीज प्रतिवेदित हुए है। सभी मरीजों का पूर्ण उपचार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा करवाया जा चुका है साथ ही फीवर सर्वे के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों की खोज की जा रही है। सिविल सर्जन के सभागार में मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम हेतु सिविल सर्जन रामगढ़ तथा उपस्थित कार्यक्रम पदाधिकारीयों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। सिविल सर्जन परिसर से प्रचार वाहनों को सिविल सर्जन रामगढ़ के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर जागरुकता हेतू रवाना किया गया, साथ ही शहरी क्षेत्र के सहियाओं के द्वारा जागरुकता रैली निकाली गयी। इस अवसर पर उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रामगढ़ (डॉ0 ठाकुर मृत्युजंय कुमार सिंह), जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, रामगढ़ (डॉ0 स्वराज), जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रामगढ़ (डॉ0 तुलिका रानी), डॉ0 विवेक कुमार, डॉ0 सत्यप्रकाश, जिला कार्याक्रम प्रबंधक, ( बिजय प्रसाद), जिला भी0बी0डी0 सलहाकार, संजना कुमारी, लिपिक, रविकांत रवि एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा संख्या: ELOP2025_01.

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि: धनबाद मंडल के जी सी सेक्शन (धनबाद, गोमो, कोडरमा, पाथरडीह, चन्द्रपुरा और हजारीबाग) के क्रू लॉबीयों और धनबाद कण्ट्रोल की विभिन्य गतिविधियों की दो वर्षों (730) दिनों के लिए आउटसोर्सिंग। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,61,62,127.00, 3. अग्रधन राशि : ₹2,30,800/-, 4. ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा का बंद होना : 13.05.2025 को 17:00 बजे। ई-निविदा का खुलना: बंद होने के बाद उसी दिन। 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट : www.ireps.gov.in. विशेष : ई-निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/0145/डीएचएन/विद्युत/टी/25-26/32


# रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा शहर के सुभाष चौक में कैंडल मार्च निकाला गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार शुक्रवार को शाम 6~30 पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा शहर के सुभाष चौक के समक्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च का नेतृत्व जिला अध्यक्ष श्री मुन्ना पासवान वा संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने किया। कैंडल मार्च में रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर प्रदेश सचिव बलजीत सिंह बेदी बीस सुत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा उपस्थित हुए। कैंडल मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद पाकिस्तान होश में आओ हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि नारे लगाए गए। इसके उपरांत सभा में प्रदेश काँग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा ने कहा की इस घटना से पूरा देश आक्रोशित है सभी पर्यटक अपने परिवार के साथ खुशियां मनाने के लिए गए थे मगर मासूम लोगों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने हमला कर दिया। जिससे किसी ने अपना बेटा किसी ने अपना भाई किसी ने अपना परिवार खोया है पूरा कांग्रेस परिवार और पुरा विपक्ष आज देश के साथ खड़ा है। पाकिस्तान पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वही रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी ने कहा कि पहलगाम में हुई घटना निंदनीय हैं। नव विवाहित बहन जिनका विवाह 6 दिन पहले ही हुआ था और वह घूमने गई थी और आतंकियों ने सुहाग उजाड़ दिया गया इस घटना से मन दुखी भी है और आकर्षित भी है। हम देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के हर फैसले के साथ खड़ा हैं और पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई होनी चाहिए। रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी अध्यक्ष कांग्रेसी खोगेंद्र साव, केडी मिश्रा रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू रामगढ़ ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो दुल्मी प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली आसिफ इकबाल राजेंद्र चौधरी रणधीर गुप्ता रूपेंद्र महतो उर्फ़ टाइगर अख्तर आजाद शमसूद खान संजय साहू पप्पू पासवान मीना राय सलीम खान टिंकू खान मोहम्मद अब्बासी शिबू दागी समीर हुसैन मोहम्मद मिस्टर आलम मोहम्मद साजिद गुलाम अली पिंटू अंसारी पिंटू नायक गगन करमाली संजू गुप्ता उपेंद्र वर्मा संदीप कुशवाह रोनक राहुल सिंह प्रभात कुमार तुलसी महतो आदि अनेकों उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा बेरलिया नर्सिंग होम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कन्या भ्रूण हत्या पर रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला चार दिवसीय जन - जागरूकता कार्यक्रम की कड़ी का प्रथम चरण था। जिसका उद्घाटन डॉ. अशोक बेरलिया, डॉ नीति बेरेलिया, अध्यक्ष धीरज बंसल ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंच के अध्यक्ष एवं सचिव ने मुख्य अतिथि डॉ अशोक बेरेलिया को अंगवस्त्र भेट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मंच के अध्यक्ष धीरज बंसल एवं सचिव श्रींजय मेवाड़ ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोकथाम कैसे लगे इस पर चर्चा करना है।मंच के युवा राहुल अग्रवाल ने महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित अस्पताल की नर्सों एवं ग्रामीण महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आपकी बेटी-हमारी बेटी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय पोषण माह सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि अब समय बदल चुका है तथा बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों के मुकाबले पीछे नहीं रही तथा हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है।

# उरीमारी पुलिस ने अपराधी जगरनाथ मुंडा उर्फ जालेश्वर उर्फ मोटका को पकड़ने में सफलता पाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांच माह पुर्व में अमन श्रीवास्तव गिरोह के लिए काम करने वाले कुख्यात अपराधी जगरनाथ मुंडा उर्फ जालेश्वर उर्फ जिरूवा उर्फ मोटका उम्र 34 वर्ष पिता मुनेश्वर मुंडा पता नापोखुर्द थाना बड़कागांव को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। वहीं पकड़े गए अपराधी के बारे में उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव ने बताया कि उरीमारी परियोजना के अंतर्गत काम करने वाली कंपनी में रेकी करने एवं कंपनी के अधिकारीयो को रंगदारी मांगने के लिए जगरनाथ मुंडा बिना नंबर कि बाइक से उरीमारी क्षेत्र में जा रहा था। वरीय पुलिस पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर एसडीपीओ बड़कागांव के नेतृत्व में उरीमारी ओपी पुलिस व उरीमारी ओपी प्रभारी के साथ एक टीम का गठन किया गया। गठित टिम ने बिते गुरुवार कि शाम रिलेक्स होटल के पिछे जंगल मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाई। जिसमें एक बिना नंबर कि पैशन मोटरसाइकिल आ रही थी। जिसे रोककर वाहन चालक कि जांच कि गई। जिसमें चालक के पास से एक हथियार पाया गया। हथियार होने पर उक्त युवक को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।



पुलिस के कडी पुछताछ में अपराधी जगरनाथ मुंडा ने बताया कि बड़कागांव एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड में वह रेकी कर रहा था। इसके अलावा उरीमारी ओपी कांड संख्या 57/23 में उरीमारी के विस्थापित नेता सोनाराम मांझी कि पत्नी पर हुए जानलेवा हमला का मुख्य आरोपी था।ओपी प्रभारी रथू उरांव ने यह भी बताया कि जगरनाथ मुंडा उर्फ जालेश्वर उर्फ जिरूवा उर्फ मोटका लगभग पांच माह पुर्व अमन श्रीवास्तव गिरोह से अलग होकर मुकेश नामक गिरोह के लिए काम कर रहा था। वही इस छापामारी में बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार मरांडी एवं उरीमारी ओपी के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ गोलपार जमा मस्जिद में जुमा की नमाज काला पट्टी बांधकर पढ़ी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ गोलपार जमा मस्जिद में जुमा की नमाज काला पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी गई, गोलपार जमा मस्जिद के इमाम सज्जाद हुसैन बरकाती ने मस्जिद से आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया और मस्जिद के बाहर एन एच 23 रोड में विरोध प्रदर्शन भी किया गया।गोलपार अंजुमन सदर खुर्शीद अहमद कुरैशी उर्फ आजाद सिंह ने लोगों को संदेश दिया वही पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आरिफ कुरैशी के नेतृत्व में किया गया सामाजिक कार्यकर्ता आरिफ कुरैशी ने रामगढ़ जिले के सभी अंजुमन और मस्जिद के लोगों से अपील की है कि वह अपनी अपनी



मस्जिदों के बाहर इसी तरह विरोध दर्ज करें मौके पर उपस्थित ग्यास खान ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाएं मौके पर हाजी रईस खान, इमरान राजा खान, अकबर खान, जाबिर अहमद कुरैशी, सैफ खान, नौशाद मस्जिद, शमीम हबीबी, अताउल बेकरी, लालू खान, लारा, सलाउद्दीन कुरेशी, लाडला कुरैशी, राजिश कुरैशी वगैरा-वगैरा सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

## एकल अभियान की मासिक आचार्य बैठक भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई

### पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** एकल अभियान रामगढ़ अंचल के संच पतरातु एवं भुरकुंडा का संच स्तरीय बैठक भुरकुंडा पंचायत भवन में शुक्रवार को हुई। वहीं इस बैठक में संच स्तरीय श्रद्धांजलि सभा संच समिति संरक्षक योगेश दांगी के नेतृत्व में संपन्न हुई। वहीं इस बैठक में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को प्रति सच्ची निष्ठा रखते हुए मृत आत्माओ के लिए श्रद्धांजलि दी गई। वहीं भुरकुंडा संच समिति के संरक्षक योगेश दांगी ने कहा कि पाकिस्तानी आंतकवादीयों द्वारा गत दिनांक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक साथ 26 लोगों को निर्मम तरीके से धर्म पुछकर हत्या कर दिया गया। यह बहुत ही दुखःद घटना घटित हुई है।हमलोग इस दुख की घड़ी में मृत आत्मा की शान्ती के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर उन सभी की आत्मा शान्ती हेतु प्रार्थना करते हैं,वहीं भुरकुण्डा पंचायत मुखिया अजय पासवान ने भी इस घटना पर काफी दुख प्रकट करते हुए कहा की हम सभी हिन्दू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है, हम सब संगठित होकर दुश्मन को करारा जवाब देंगे इस मौके पर,दक्षिण झारखंड सम्भाग कार्यालय प्रमुख बबलु प्रजापति,अंचल अभियान प्रमुख चन्द्रशेखर कुमार,अंचल खेल प्रमुख खिरेंद्र कुमार,पतरातु संच प्रमुख नागेश्वर महतो,भुरकुंडा संच प्रमुख शान्ती देवी,आचार्या यशोदा देवी,लीलावती देवी,वीना देवी, सपना देवी,पियाशो कुमारी,रेखा कुमारी,ललिता कुमारी,मनमती देवी,खुशबू कुमारी,आरती कुमारी,वीना कुमारी,ममता कुमारी सहित 56 आचार्य एवं कार्यकर्ता

## 14 सूत्री मांगों को लेकर एसआरयू के जीएम को जेएलकेएम रामगढ़ ने ज्ञापन सौंपा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ का प्रतिनिधि मंडल के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र सेवटा, वार्ड नंबर 08 के विस्थापित, प्रभावित एवं ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं हेतु 14 सूत्री मांग पत्र महाप्रबंधक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत रिफ्रैक्टरीज लिमिटेड प्लांट लिमिटेड रांची रोड, मरार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया की सेवटा ग्राम के ग्रामीण विस्थापितों को योग्यता अनुसार स्थाई एवं अस्थाई रूप से बहाली करना। ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध, ग्रामीणों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना , स्कूल बस की सुविधा तत्काल बंद कर दिया गया उसे पुनः चालू किया जाय ।स्वास्थ्य की सुविधा, मुफ्त जॉच एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराना । प्रदूषण पर नियंत्रण करवाना ।जब भी कोई योजना की स्वीकृत हो तो संपूर्ण ग्रामीण की जानकारी में एवं सभी के सहमति से पास कराया जाना ।सेवता ग्राम के सभी टोला ,एससी एवं एसटी सभी लोगों को बहाली के समय रखा जाए, ना की किसी एक व्यक्ति की इशारा में चलना । गली मोहल्ले में लाइट की समुचित व्यवस्था । सुरक्षा प्रहरी में स्थानीय लोगों की प्राथमिकता। खेलकूद एवं मनोरंजन आदि के लिए साधन उपलब्ध कराना। विस्थापितों के जमीन को फैक्ट्री के अंदर कर लिया गया है, जिस पर किराया 50 वर्ष पूर्व जो किराया था, वही किराया आज भी दिया जा रहा है। महंगाई को देखते हुए विचार किया जाय।जो भी जमीन कारखाना के अंदर अधिग्रहण कर लिया गया है। उस पर किराया आज के समय के अनुसार लागू किया जाए ।जो जमीन रेंट पर है, उसे खाली किया जाए। या जमीन रैयत के आधार पर स्थायी रोजगार मुहैया उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

## पहलगाम पर हुए आतंकी हमला के खिलाफ विद्यालय में शोक संवेदना व्यक्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** पीएम श्री उच्च विद्यालय बरियातू में जम्मू कशमीर में आतंकी हमलों पर शिक्षकों सहित बच्चों ने रोष व्यक्त किया तथा आतंकी हमलों में मारे गए 27 पर्यटकों के आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया गया तथा आर्तकियों को फाइनल सफाई के लिए देश के प्रधानमंत्री ,गृहमंत्री , जी से अनुरोध किया हैं कि आप ऐसे कायराना हरकत करने वाले पड़ोसी मुल्क को उसकी औकात दिखने का समय आ गया हैं,, एक बार फाइनल मैच खेला ही जाय तथा देश विदेश में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाले मुल्क के ऊपर पूरे विश्व को एक होकर ऐसे देश का समुचित ईलाज और बहिष्कार करना जरूरी हो गया हैं । प्रधान शिक्षक जितेन्द्र कुमार महतो ने इस प्रकार की घटना का कड़ी निंदा की हैं,सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष भागवत तिवारी ने इस प्रकार की घटना का कड़ी निंदा की हैं साथ ही देश के सशक्त प्रधानमंत्री जी से आग्रह करते हुए कहा हैं अब एक बार फाइनल मैच खेलने की तैयारी कर लिया जाय तथा इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले षड्यंत्रकारी मुल्क को उसकी औकात बताने का समय आ गया हैं । शिक्षक वरुण कुमार लाल ने इस प्रकार की अप्रिय घटना का जितनी निंदा की जाए कम हैं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए । उपस्थित शिक्षक जितेन्द्र कुमार महतो ,भागवत तिवारी, वरुणलाल, उषा रंजन, आदित्य कुमार, दीप्ती रानी, सुधीर चोधरी मनोज कुमार ,अजय कुमार मिश्रा ,रुपनाथ महतो ,,विनोद कुमार सोनी ,नरेश भगत, सीलबिला लकड़ा, कविता मिश्रा लाल मोहन बेदिया, गंदौरी राम,सहित सभी बच्चों सहित शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा आतंकी घटनाओं पर रोष व्यक्त किया।

## हमारी सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास करना है ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरु पंचायत (टोला गुंडलीमिसा) से आरईओ रोड (366 मीटर) तक गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को एक भव्य समारोह में सम्पन्न हुआ। यह निर्माण कार्य जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (छ्वस्नञ्ज) मद के तहत लघु सिंचाई विभाग के द्वारा इस अवसर पर आयोजित समारोह में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक श्रीमती ममता देवी, सांसद प्रतिनिधि राजीव गांधी, तथा पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष श्री सुधीर मंगलेश सांसद प्रतिनिधि विक्की महतो ने संयुक्त रूप से कर कमलों से शिलापट का अनावरण कर कार्य का शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि ÷यह गार्डवाल निर्माण कार्य सिरु पंचायत के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। बरसात के दिनों में सड़क कटाव और जनसुविधाओं में आने वाली समस्याओं को देखते हुए इस कार्य को स्वीकृत कराया गया है। हमारी सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास करना है। सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्य के सफलतापूर्वक संपादन में स्थानीय लोगों की भागीदारी भी अपेक्षित है।विधायक ने आश्वस्त किया कि लघु सिंचाई विभाग के सतत निरीक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण के तहत कार्य कराया जाएगा ।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों का उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखण्ड के भुचुंगडीह क्षेत्र में स्थित अवैध मुहानों में लगी आग की जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त के द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। आग पर काबू पाने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य अधिकारियों को आग पर काबू पाने को लेकर आवश्यक सामग्रियों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की रामगढ़ जिला अंतर्गत पैंकी एवं सिरका बालू घाट के संचालन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिस पर उपायुक्त के द्वारा प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों को बालू घाट के संचालन हेतु सीटीओ व सीटीई

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन समिति(एनकॉर्ड) की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति(एनकॉर्ड) की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम स्थापना उप समाहर्ता सह प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी रीना कुजूर के द्वारा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों, युवाओं आदि द्वारा नशे का प्रयोग करने पर विशेष संज्ञान लेते हुए बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार वैसे सभी सार्वजनिक स्थलों अन्य स्थलों पर निगरानी, पर्याप्त लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उपायुक्त ने इसके लिए नियमित निगरानी, सीसीटीवी कैमरों आदि की उपलब्धता पर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रामगढ़ जिले को नशा मुक्त बनाने एवं युवाओं को नशे से बचाने को लेकर सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

## अशोक पाल को बुके देकर हुआ अभिनंदन



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झा की अध्यक्षता में नवनियुक्त प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निरसा सह समन्वक प्रखंड संसाधन केंद्र निरसा अशोक पाल को बुके देकर एगयारकुंड प्रखंड में अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सचिव कन्हैया सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, सागर दरिप्पा, बसंती मरांडी, शैलेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, उत्तम कुमार घाटी आदि दर्जनों शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## जालसाजी कर एलआईसी पॉलिसी से रुपए गबन करने की शिकायत




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की शिकायत सुनी। जनता दरबार में कतरास से आए व्यक्ति ने बताया कि उनकी पत्नी ने धोखाधड़ी एवं जालसाजी कर उनकी एलआईसी पॉलिसी से 40409 रुपए का गबन कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि पत्नी 7 वर्ष पहले घर से चली गई है और अन्य स्थान पर रह रही है। उन्होंने बताया कि एक दिन उनके मोबाइल पर एलआईसी पॉलिसी का भुगतान कर देने का मैसेज आया। जब एलआईसी के कतरास ब्रांच में जाकर पूछताछ की तो पता चला कि एलआईसी एजेंट, डेवलपमेंट ऑफिसर और शाखा प्रबंधक की मिली भगत से उनकी पत्नी ने जाली कागजात बनवाकर रुपए का गबन किया है।आवेदन में उनके जाली हस्ताक्षर और उनका पुराना फोटो लगाकर एक एफिडेविट भी दिया था। पीड़ित ने एडीएम से न्याय दिलाने की गुहार लगाई।वहीं बैंक मोड़ से आई एक महिला ने एडीएम को बताया कि उनकी बहू आए दिन प्रताड़ित करती है और घर में प्रवेश करने से रोकती है। जब वे अपने घर में जाने का प्रयास करते हैं तो बहू लड़ाई झगड़ा कर उन्हें घर में घुसने नहीं देती है। इसके अलावा जनता दरबार में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के सामने सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने, सेवानिवृत्ति का लाभ दिलाने, जमीन पर जबरन कब्जा करने, वार्ड 23 में नाली का निर्माण कराने, रजिस्ट्री और म्यूटेशन हो जाने के बाद भी बिल्डर द्वारा जमीन का कब्जा नहीं देने, सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।

## एगयरकुणड प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन विकास प्रखंड अधिकारी के द्वारा आयोजन किया गया



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूल रुआर के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला प्रखंड कार्यालय एगयारकुंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया निरसा तीन के सभी प्रभारी प्रधान अध्यापक एवं सीआरपी बीआरपी सम्मिलित हुए। इस बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड समन्वयक अशोक पाल ने कहा कि ड्रॉप आउट बच्चों और छूटे हुए बच्चों को स्कूल हर हाल में लाना है। आज मैट्रिक के बाद लड़के लड़कियों का पढ़ाई स्तर कम होते जा रहा है इस पर भी विशेष ध्यान देना है इसके अलावा 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के आयु वर्ग वाले बच्चों को विशेष का ध्यान देते हुए स्कूल में नामांकन करवाना है। इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति, पंचायत के मुखिया की सहभागिता अनिवार्य है। इनके सहभागिता से ही बच्चों को स्कूल लाया जा सकता है। इसमें प्रमुख रूप से प्रधानाध्यापक और सीआरपी बीआरपी सहयोग करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने कहा कि विद्यालय बच्चों की पढ़ाई का की प्रथम पाठशाला है बच्चों की पढ़ाई गुणवत्तापूर्ण होगी तो बच्चे अच्छे भविष्य में जाकर करेंगे हम एवं माता-पिता का नाम रोशन करेंगे वैसे बच्चे जो विशेष कर काम करते हैं मजबूरीवश उनका विशेष कर स्कूल चले अभियान स्कूल गुरुवार के तहत 10 मई स्कूल में नामांकन कराना और स्कूल नामांकन अभियान में जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को लेकर उसमें शहीद हुए लोगों के लिए 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी अर्पित कर किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षक प्रमोद कुमार झा, कन्हैया सिंह राजीव कुमार मिश्रा, अरुण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, उमाशंकर राम, उत्तम घाटी सीआरपी पंकज कुमार सिंह, सीआरपी चंदन मिश्रा, संदीप सिंह, कालीचरण कुमार, अकाउंटेंट अरुण कुमार, मुकेश महतो, शिवसागर कुमार पंचायत के मुखिया काकुली मुखर्जी, अजय पासवान सहित सभी मुखिया उपस्थित थे।

## शाहिद कमर को झरिया प्रखंड का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर हुआ भव्य स्वागत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चासनाला स्थित झरिया प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को एक बैठक हुई। जिसमें जिला सचिव मो शाहिद कमर को झरिया प्रखंड का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर खुशी जाहिर की गई तथा फूल माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मो शाहिद कमर ने कहा कि झरिया प्रखंड के 275 बूथों पर साफ सुथरा और मेहनतकश युवको का 11 लोगों की कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 3 माह के अंदर सभी बूथ स्तरीय कमेटी का गठन कर लिया जाएगा, जिसका समय-समय पर सर्वेक्षण किया जाएगा। कर्तव्य और निष्ठा से काम नहीं करने वाले कमेटी पर कार्रवाई भी की जाएगी। झरिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि संविधान बचाव अभियान के तहत राष्ट्रीय पदयात्रा नमक तीन किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित किया जाएगा। जिसमें कम से कम 500 सदस्य भाग लेंगे। यह पदयात्रा 3 माह के अंदर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, साबिर अली, फैज आलम, अमन साव, किशोर रावत, शहजाद खान, दीपक शर्मा, सपन सिंह, बबलू राम, बादी राम आदि शामिल थे।

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने हेतु रेलवे फाटक ठाकुर बाबू की दुकान (पुराना बाज़ार) से पानी टंकी (पुराना बाज़ार) तक कैंडल मार्च निकला गया। श्रद्धांजलि कैंडल मार्च में चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़े संख्या में पुराना बाज़ार के व्यवसायी शामिल हुए। पानी टंकी पुराना बाज़ार के समीप बड़ी संख्या में व्यवसायियों का जुटान हुआ, कैंडल जला कर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि निहत्थों पर कायराना आतंकी हमले का कड़ी शब्दों में घोर निंदा करता हूं। इस दुख की मुश्किल घड़ी में हम सभी व्यवसायी मजबूती से देश के साथ खड़े हैं। वहीं महासचिव पवन सोनी ने कहा कि आतंकियों द्वारा कायराना हमला अमानवीय है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है।जिला चैंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के साथ इस पीड़ा के घड़ी में हम सभी खड़े हैं। वहीं चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के प्रवक्ता विजय सैनी ने कहा कि निहत्थों पर कायराना आतंकी हमला घोर निंदनीय है। सरकार सर्जिकल स्ट्राइक कर के आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब दे।बैंक मोड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सरोलिया ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में हम सभी अपने देश के साथ खड़े है। समाजसेवी दिलीप सिंह ने कहा कि निहत्थों पर कायराना आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा एवं सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी करवाई की मांग करता हूं।चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार के कैंडल मार्च में राजेश गुप्ता, सोहराब खान, पवन सोनी, कुणाल कुमार, विजय सैनी, संजय पांडेय, नितिन अग्रवाल,इमरान अली, गोपाल प्रसाद, सरदार नारायण सिंह, नवनीत रिटोलिया, प्रभात सरोलिया, प्रदीप नारनोली, वंशराज सिंह कुशवाहा, श्यामाकांत गुप्ता, सरदार सोनी सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, राज कुमार गुप्ता, सुरेंद्र साव, सलाउद्दीन महाजन, संजय भट्टाचार्य, रत्नेश सिंह, इबरार मल्लिक, तनवीर अंसारी, दीपक सिंह, रोहित सरावगी सहित बड़ी संख्या में व्यवसाययी वर्ग के लोग शामिल थे।




## मानव अधिकार प्रोटेक्शन ने की पत्रकारों के साथ मार पीट करने वालों को दंडित करने की मांग





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बीते दिनों रणधीर वर्मा चौक पर पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार तथा उनपर किए हमले को लेकर मानव अधिकार प्रोटेक्शन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को धनबाद उपायुक्त के नाम एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा को एवं एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन से मिलकर ज्ञापन सौंपा।इसमें पत्रकारों के साथ हुए दुर्व्यवहार तथा उनपर हमला करने वाले दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए एडीएम से कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। वे समाज के हर सुख दुख के साथी हैं। प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को 16 अप्रैल 2025 की रणधीर वर्मा चौक की घटना से अवगत कराया। साथ ही बताया कि 17 अप्रैल 2025 को घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध धनबाद थाना में प्राथमिकी संख्या 122/25 दर्ज कराई है। इसके बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।प्रतिनिधिमंडल में मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड के महासचिव मुख्तार अहमद, सचिव सुदिष्ट कुमार, कानूनी सलाहकार धनंजय कुमार सिंह, धनबाद जिला सचिव हाजी जमीर आरिफ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीत सिंह, महिला जिला अध्यक्ष गीता सिंह, सुशीला देवी, सुनील सिंह, परमेश दास, शादाब आलम उपस्थित थे।

## आम लोगों की समस्याओं का ससमय निष्पादन करें कर्मचारी : सीओ बलियापुर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 24 अप्रैल 2025 को अंचल कार्यालय बलियापुर में सभी अंचलकर्मियों के साथ साप्ताहिक बैठक में अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने सभी अंचल कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी अपने-अपने कार्यों को सही तरीके से निर्वहन करें क्योंकि आए दिन देखा जा रहा है कि अंचल कर्मी ससमय कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं जिस कारण से आम लोगों की समस्याओं का समाधान ससमय नहीं हो पाता है और लोग परेशान रहते है। बैठक में लंबित नामांतरण वाद, लोक शिकायत, जमीन मापी के मामलों के साथ-साथ न्यायालय में लंबित मामलों की समीक्षा की गई। सेवा के अधिकार अधिनियम का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।

**एक हल्का कर्मचारी को एक ही दिन में किया पांच स्पष्टीकरण**

ज्ञात हो कि अंचल के एक हल्का कर्मचारी को एक ही दिन में अलग-अलग कार्यों में रुचि न दिखाने एवं ससमय लोगों की समस्याओं का निष्पादन नहीं करने के कारण अंचल अधिकारी द्वारा पांच मामलों में स्पष्टीकरण किया गया है। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।


## वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची वन प्रमण्डल, राँची

### आम नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल के अंतर्गत विभागीय वाहनों की आम नीलामी निम्नलिखित विवरणी अनुसार की जानी है।

(क) नीलामी का स्थान– कार्यालय– राँची वन प्रमण्डल, राँची, ब्लॉक–F, नीलामी का समय– 11.30 बजे पूर्वाह्न, नीलामी की तिथि– 10.05.2025

| क्र0 सं0 | वाहन का पंजीयन संख्या /चेचिस नं0/ईन्जन नं0 | वाहन का मॉडल/मेक | स्थान/कार्यालय जहाँ वाहन रखा हुआ है |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | JH01E- 2072 | जिप्सी | वन प्रमण्डल पदाधिकारी आवास परिसर, डोरण्डा, राँची में। |
| 2 | JH01E- 2282 | जिप्सी | वन प्रमण्डल पदाधिकारी आवास परिसर, डोरण्डा, राँची में। |
| 3 | JH01S- 0665 | महिन्द्रा मा लि | राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, झारखण्ड के कार्यालय में। |

आम नीलामी की तिथि एवं समय पर इच्छुक क्रेता (पैन कार्ड धारक), कुल रू0 5000.00 (पांच हजार) प्रति वाहन ड्राफ्ट के रूप में जो भारतीय स्टेट बैंक, डोरण्डा शाखा में भुगतेय हो, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, राँची वन प्रमण्डल, राँची (D.F.O Ranchi) के पदनाम से जमा करना होगा तथा पैन कार्ड की छायाप्रति भी समर्पित करेगें। पैन कार्ड के बिना क्रेता नीलामी में भाग नहीं ले पायेगें। वाहनों की बिक्री "जहाँ है, जैसा है" के आधार पर उच्चत्तम डाक वक्ता को की जाएगी। गेट मनी की राशि सफल क्रेता के बिक्री राशि में समायोजित कर ली जाएगी तथा असफल क्रेता के गेट मनी की राशि वापस कर दी जाएगी। विक्रय किए गए वाहनों की सक्षम पदाधिकारी द्वारा बिक्री मूल्य के अनुसमर्थन (रेटीफिकेशन) के पश्चात् सफल क्रेता को शेष राशि अविलम्ब जमा करना होगा तथा वाहन का उठाव 30 दिनों के अन्दर कर लेना होगा। किसी भी नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। बिक्री मूल्य एवं उस पर लगने वाले सभी देय कर एवं शेष (जैसे– जी0एस0टी0, आयकर, सरचार्ज आदि) सफल क्रेता को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अलग–अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा।

आम नीलामी हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में वन प्रमण्डल, कार्यालय राँची से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं इच्छुक क्रेता को नीलामी से संबंधित फार्म प्रमण्डल कार्यालय से फार्म शुल्क के रूप में प्रति फार्म 500/– रूपये जमा कर दिनांक– 28.04.2025 से दिनांक– 03.05.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में ब्लॉक–एफ0 के ग्राउण्ड फ्लोर से प्राप्त कर लें (उल्लेखित तिथि के बाद फार्म नहीं दिया जाएगा) तथा प्राप्त फार्म (मूल प्रति) के साथ पैन कार्ड एवं प्राप्त मनी रसीद की छायाप्रति को दिनांक– 05.05.2025 तक कार्यालय में जमा करेगें एवं उल्लेखित तिथि के बाद फार्म किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिस नाम/फर्म से मनी रसीद प्राप्त करेंगे उसी नाम से फार्म में आवेदन करेंगे।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
राँची वन प्रमण्डल, राँची।

PR.NO.351045 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D

## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा। (आपदा प्रबंधन कोषांग)

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा जनहित में जारी

गर्म हवाएँ/लू:– साधारण सावधानियों से अपने आपको सुरक्षित रखें। लू खतरनाक साबित हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने तथा रोकथाम के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें:–

- ❖ जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- ❖ जितनी बार हो सके पानी पियें। सफर में अपने साथ पीने का पानी अवश्य रखें।
- ❖ जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढ़ीले–ढ़ाले सूती कपड़े पहने, धूप के चश्में का इस्तेमाल करें, गमछी या टोपी से अपने सिर को ढ़के और हमेशा जूते या चप्पल पहनें।
- ❖ अधिक तापमान में कठिन काम ना करें। जहाँ तक संभव हो कड़ी धूम में बाहर के काम से बचें।
- ❖ अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर कुछ समय के लिए रखें।
- ❖ हल्का भोजन करें। अधिक रस वाले फल जैसे तरबूज, प्याज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन ना करें, जैसे–माँस व मेवे, जो शारीरिक ताप को बढ़ाते है।
- ❖ घर में बना पेय जैसे लस्सी, नमक–चीनी का घोल, छाछ, सत्तू शरबत, नींबू–पानी, आम का अमझोरा इत्यादि का नियमित सेवन करें।
- ❖ बच्चों ओर पालतू जानवरों को धूप में पार्क किये हुए वाहनों में अकेला न छोड़ें।
- ❖ जानवरों को छॉव में रखें और उन्हे खूब पानी पीने को दें।
- ❖ अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर आदि का प्रयोग करें। रात में खिड़कियॉ खुली रखें।
- ❖ स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में जानकारी रखें तथा सतर्क रहें।
- ❖ अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही उसके मार्गदर्शन का पालन करें।

**लू लगने पर क्या करें:–**

- ❖ लू लगे व्यक्ति को छॉव में लिटा दें। अगर तंग कपड़ा हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ❖ ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोंछे या ठंडे पानी से नहलायें।
- ❖ व्यक्ति को ओ0आर0एस0/नींबू–पानी/नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।
- ❖ यदि व्यक्ति पानी की उल्टियॉ करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने या पीने को ना दें।
- ❖ लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाय।

"आपदा प्रबंधन महाविचार, पूरा लोहरदगा भागीदार"

उपायुक्त,
लोहरदगा।

PR 351038 (Lohardaga) 25-26 (D)

## प्रेस विज्ञप्ति
### आम सूचना
### कार्यालय, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, गुमला।

**उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन**

सूचित किया जाता है कि प्रबंध निदेशक, जिडको, राँची (उद्योग विभाग), झारखण्ड के निर्देशानुसार MSME's इकाईयों को बढावा देने के उद्देश्य से नि:शुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु गुमला जिला के जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में दिनांक 29.04.2025 को एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उद्यमियों को उद्यम निबंधन किया जाएगा। अत: जिले के सभी उद्यमी/व्यवसायी निर्धारित तिथि को आयोजित जागरूकता शिविर में अपने उद्यम/इकाई के निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार लिंक मोबाईल के साथ भाग लेंगे।

आदेशानुसार
महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, गुमला।

PR 351016 Industries(25-26)D

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची (जिला आपूर्ति शाखा)

### अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना (PR-349166)

मुख्यमंत्री दाल–भात योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 की अवधि के लिए राँची जिला अवस्थित ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 (अट्ठारह) एवं अनुभाजन क्षेत्र अवस्थित 12 (बारह) कुल 30 (तीस) तथा 02 (दो) रात्री दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी परिवहन–सह–हथालन सहित आपूर्ति करने हेतु कृशि उत्पादन बाजार समिति, पण्डरा, राँची के पत्रांक–1182 दिनांक–23.04.2025 द्वारा समर्पित दर चावल मंसूरी 3300 रुपया प्रति क्विंटल, चना 7000 रुपया प्रति क्विंटल एवं सोयाबीन बड़ी 7500 रुपया प्रति क्विंटल की दर पर आपूर्ति करने हेतु निम्नांकित अर्हता रखनेवाले इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं से दिनांक 04.05.2025 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से अपराह्न 01:00 बजे तक विहित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री दाल–भात योजना हेतु निविदा की अन्य शर्तें/कागजात**

1. निविदादाता का व्यवसाय स्थल राँची जिला अंतर्गत होना चाहिए। व्यापार स्थल प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. स्थानीय अंचल अधिकारी या उच्चाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन् आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करें।
3. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी या उच्चाधिकारी द्वारा छः माह के अंदर का निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति।
5. पैन कार्ड की छायाप्रति।
6. दाल–भात केन्द्र/सरकारी उपक्रम या गैर सरकारी संस्थान में के आपूर्तिकर्त्ता के रूप में पूर्व में अनुभव प्रमाण पत्र स्थानीय आपूर्तिकर्त्ता प्रस्तुत करेंगे।
7. निविदादाता का वाणिज्य कर विभाग से **GST No.** निबंधन का प्रमाण पत्र।
8. अद्यतन् **GST** रिटर्न की प्रति।
9. उद्यम निबंधन **MMSME** प्रमाण पत्र।
10. निविदादाता का प्रतिवर्श डेढ़ (1.5) करोड़ रुपये का टर्न ओवर होने संबंधी कागजात।
11. निविदादाता का विगत 03 (तीन) वर्ष का अद्यतन आयकर रिटर्न की विवरणी।
12. निविदादाता को इस आषय का षपथ पत्र संलग्न कर अनिवार्य होगा कि उन्हें किसी सरकारी विभाग या प्रतिश्ठान द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है तथा उन्हें किसी न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दोशी करार नहीं किया गया है।
13. चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति राँची जिलान्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री दाल–भात योजना के केन्द्र तक परिवहन–सह–हथालन सहित किया जाना अनिवार्य है, जो बाजार समिति के दर से अधिक नहीं होगा।
14. चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। गुणवत्ता के संबंध में निविदा समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं निम्न गुणवत्ता वाले निविदादाता को वित्तीय बीड में भाग लेने से वंचित किया जा सकेगा। सभी सामग्रियों का नमूना सिल्ड पारदर्षी फलास्क/बोतल में लाना होगा, जिसपर निविदादाता का नाम एवं पता चिपका होना चाहिए। आपूर्तिकर्त्ता के रूप में चयनित होने के उपरांत इससे भिन्न सामग्री की आपूर्ति केन्द्रों द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी।
15. प्रत्येक माह चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी की आपूर्ति का शील्ड बंद नमूना प्रत्येक केन्द्र पर सुरक्षित रखना होगा, जिससे की गुणवत्ता की जाँच की जाएगी।
16. निविदादाता **District Supply Officer, Ranchi** के पदनाम से राँची में भुगतेय 2,00,000/– (दो लाख) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करायेंगे। निविदा में सफल व्यक्ति का बैंक ड्राफ्ट जमानत राशि के रूप में कार्यवधि तक रखा जायेगा। सामग्री की आपूर्ति प्रारंभ होने से कार्यवधि तक किसी प्रकार की अनियमितता का दोषी पाये जाने पर इसे जब्त किया जा सकेंगा। सफल निविदादाता को छोड़कर अन्य निविदादाताओं का बैंक ड्राफ्ट निविदा निष्पादन के उपरांत लौटा दिया जायेंगा।
17. निविदादाता को जिले में कार्यरत दाल–भात केन्द्रों पर सामग्रियों को पहुँचाकर उपलब्ध कराना होगा।
18. निविदादाता सामग्रीवार अपना दर प्रति क्विंटल के आधार पर प्रतिवेदित करेंगे परंतु एक माह में आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा (लगभग चावल 527 क्विंटल, चना 19 क्विंटल एवं सोयाबीन बड़ी 13 क्विंटल) के आधार पर तुलनात्मक रूप से कुल में जिनका दर सबसे कम होगा, उसका चयन स1 के रूप में किया जाएगा।
19. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा सभी केन्द्रों तक एक माह के लिए माह प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व सभी केन्द्रों पर निर्धारित मात्रा में चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी पहुँचाना आवश्यक होगा, से संबंधित शपथ पत्र।
20. आपूर्ति आदेष में निर्धारित अवधि के पश्चात् सामग्री आपूर्ति करने की स्थिति में निम्नलिखित कटौती की जायेगी :–

| क्र० | आपूर्तिकत्ता द्वारा विलंब दिवसों की गणना | कुल भुगतेय राशि से कटौती का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | 01–02 दिन | 02 प्रतिशत |
| 2 | 03–04 दिन | 05 प्रतिशत |
| 3 | 05–06 दिन | 10 प्रतिशत |
| 4 | 07–14 दिन | 14 प्रतिशत |

14 दिनों से अधिक विलंब की स्थिति में निर्गत कार्यादेष को निरस्त एवं आपूर्ति संबंधी कार्यों से 05 वर्श तक काली सूची में डालने की कार्रवाई की जा सकती है।

**वित्तीय बीड**

1. निविदादाता का नाम एवं पता –
2. निविदा दर प्रति क्वींटल
   - A. चावल –
   - B. चना –
   - C. सोयाबीन बड़ी –

फोटो

हस्ताक्षर

**सामान्य निर्देश :–**

1. निविदादाता जन वितरण प्रणाली विक्रेता/किरासन तेल थोक/खुदरा विक्रेता न हो।
2. तकनीकि बीड़ एवं वित्तीय बीड़ अलग–अलग लिफाफ में रखकर दोनो को एक बड़े लिफाफ में मुहरबंद कर उपायुक्त, राँची के पदनाम से दिनांक 04.05.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक जिला आपूर्ति कार्यालय, राँची में जमा किया जा सकता है। निर्धारित समय के उपरांत कोई भी निविदा स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।
3. आपूर्तिकर्त्ता चयनित होने पर एक सप्ताह के अंदर एकरारनामा संपादित है।
4. उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची को बगैर कारण बताये निविदा को रद्द करने/निविदा समय में परिवर्तन करने/सामग्री की आपूर्ति एक या एक से अधिक आपूर्तिकर्त्ताओं के बीच आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
राँची।

PR 351092 District(25-26)D

आदेशानुसार
विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी,राँची।

## विश्व मलेरिया दिवस पर नवाड़ी पाड़ा विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण से बच्चों में दिखा उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय, नवाड़ी पाड़ा में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के समन्वय से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी के प्रति छात्रों और समुदाय को सजग करना था। इस कार्यक्रम का आयोजन मनीष कुमार एवं जैकी तनवीर एमपीडब्ल्यू के संयुक्त प्रयासों से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अरुण राम ने की। उन्होंने अपने संबोधन में मलेरिया की भयावहता और इसके रोकथाम के वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मलेरिया से बचने के लिए हमें अपने आसपास की साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए, मच्छरजनित स्थलों को समाप्त करना चाहिए, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने छात्रों को मलेरिया के बैक्टीरियोलॉजिकल और एंटोमोलॉजिकल पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है और इससे बचाव के लिए मच्छरदानी,नीम का धुआं, गिलोय, तुलसी आदि का प्रयोग उपयोगी हो सकता है। उन्होंने विज्ञान के माध्यम से छात्रों को रोग की प्रकृति, फैलाव की प्रक्रिया और इसके नियंत्रण की रणनीतियों को रोचक ढंग से समझाया। इस अवसर पर विद्यालय में मलेरिया विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें छात्रों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में मलेरिया के लक्षण,कारण,बचाव के उपाय, और वैज्ञानिक तथ्यों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के अंत में सफल प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिससे उनके मनोबल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सपा प्रतिभागी हर्ष राज साहू वर्ग 7 राहुल उरांव वर्ग 6, प्रिंस राम वर्ग 8 को स्कूल बैग, स्टूमेंट बॉक्स, वॉटर बॉटल इत्यादि उपहार दिया गया। विद्यालय परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान जैसे व्यावहारिक गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिनमें छात्रों ने भागीदारी कर मलेरिया रोकथाम के संदेश को और प्रभावी रूप से प्रसारित किया। कार्यक्रम के समापन पर वरीय शिक्षिका रतना मिंज ने सभी आयोजकों, शिक्षकों, छात्रों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं और विद्यालय भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी अभियानों को जारी रखेगा।

## नशापान से किशोरों और युवाओं की जिंदगी हो रही तबाह : अलीरजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अवस्थित पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी में आज प्रहरी क्लब का गठन किया गया। विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी विद्यालय प्रहरी क्लब के अध्यक्ष होंगे। दो वरीय शिक्षक प्रमेश कुमार सिंह तथा संजय उरांव और तीन छात्र निशा कुमारी, शुभम टाना भगत, एवं मो. शाहनवाज क्लब के सदस्य होंगे।प्रहरी क्लब विद्यालय पोषक क्षेत्र में मादक पदार्थों के दुरूपयोग को दूर करने हेतु जागरूकता अभियान का संचालन करेगी। यह समिति प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में समाचार वाचन इत्यादि के साथ-साथ मादक पदार्थों के दुरूपयोग को दूर करने हेतु छात्र-छात्राओं को अवगत करायेगी। समिति इस निमित्त जागरूकता अभियान हेतु क्विज कंपटीशन, ड्राईंग कम्पटीशन, साईकिल रैली इत्यादि का संचालन प्रत्येक तीन माह के अंतराल में करते हुए छात्रों एवं अभिभावकों को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने हेतु प्रेरित करेगी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने छात्र-छात्राओं को नशापान से होनेवाली शारीरिक और मानसिक परेशानी और स्वास्थ्य पर होने वाले दुश्प्रभाव का उल्लेख करते हुए सभी से मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की। मौके पर शिक्षक आदित्य कुमार वैद्य, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, प्रशिक्षु शिक्षकाएं अंकिता टोप्पो, यशोदा कुमारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हमारे समाज को तोड़ने का साजिश रची जा रही है : वीरेंद्र उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 21 पड़हा दोड़न्दा का बैठक वेल किनवा मुण्डा के अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला राजी पड़हा के उप वेल विरेन्द्र उरांव, भंडारी गोसाई भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में समाज में गड़बड़ी हो रहे विषयों पर चर्चा हुई। सभी गांव से आए हुए लोग अपने अपने विचारों को रखा। सभी गांव के अनेक समाजिक एवं धार्मिक समस्या से निजात करने पर विचार किया गया।उप वेल विरेन्द्र उरांव ने कहा कि हमारे समाज को तोड़ने का साजिश रची जा रही है। आज हमारी धर्म आस्था और संगठन को भटकाते हुए अखड़ा झकरा से अलग कर दिया गया है।लोग अपने गाना, बाजा, नृत्य को भूल आधुनिक बाजा में थिरक रहे हैं जो हमारे समाज के रुढ़ी प्रथा को समाप्त करने का संकेत है। भंडारी गोसाई भगत ने कहा कि हमारे सामने रुढ़ी प्रथा धर्म संस्कृति को बचाए रखना चुनौती है। एक ओर जहां हक अधिकार लूटा रहा है वही दूसरी ओर धर्मांतरण जोरों से चल रहा है। बैठक में तय हुआ कि 1, 5, 2025 को आकाशी में जिला राजी पड़हा लोहरदगा द्वारा रखी गई सम्मेलन में भाग लिया जाएगा। बैठक में दोडंदा, चाल्हो, उल्टी, महूवरी, सेरो, नगजुआ, खिजरी, आदि गांवों से पड़हा अधिकारी, पहान पुजार, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अग्निवीर वायु में म्यूजिशियन पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्निवीर वायु इंटेक 01/2026 अंतर्गत म्यूजिशियन के पद पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 21 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अविवाहित युवक-युवतियां 11 मई 2025 के रात्रि 11 बजे तक अपना आवेदन ऑनलाईन समर्पित कर सकते हैं। भर्ती रैली 10 से 18 जून 2025 तक नई दिल्ली स्थित एयरफोर्स स्टेशन और कबोन रोड, बंगलुरू में आयोजित किया जाएगा। भर्ती रैली में वाद्य यंत्रों को बजाने की कला का परीक्षण, इंग्लिश रिटेन टेस्ट, फिजिकल फिटनेस टेस्ट आदि प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। आवेदक का जन्म 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 के बीच हुआ होना चाहिए। आवेदक 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। भर्ती रैली, शैक्षणिक योग्यता, परीक्षा, परीक्षा का सिलेबस, शारीरिक दक्षता, ऑनलाईन आवेदन समेत अन्य सभी से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी के लिए वेबसाईट http:// agnipath-vayu.cdac.in पर लॉग-इन किया जा सकता है।

## चयनित 23 गांवों के विकास के लिये योजना का चयन करने हेतु उपायुक्त ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एससीए टू टीडी योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों के विकास के लिए प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजेएवाइ) के तहत जिला के चयनित 23 गांवों के विकास के लिए योजना का चयन करने हेतु आवश्यक बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उक्त गांवों में योजनाओं के चयन हेतु दो एनजीओ श्री सोमश्वरनाथ महादेव ट्रस्ट (SANMAT), रांची और ओम साई खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था, रांची द्वारा किस्को प्रखण्ड के 23 गांवों में हुई ग्रामसभा व विभिन्न योजनाओं, जिनका चयन किया जा सकता है, की जानकारी उपायुक्त को दी गई। उपायुक्त द्वारा अगले 15 दिनों में बेहतर योजनाओं का चयन कर बैठक में उपस्थापित करने का निदेश सनमत, रांची को दिया गया। साथ ही ओम साई खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्था, रांची को वर्तमान में ली गई योजनाओं के अतिरिक्त कृषि, छात्र-छात्राओं व युवक-युवतियों के उत्थान के लिए बेहतर योजनाएं, ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं हेतु योजनाएं आदि योजनाएं चयन करने का निर्देश दिया गया। आज की बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, पीएचईडी कार्यपालक अभियंता अनुप कुमार हांसदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार समेत दोनों एनजीओ के प्रतिनिधि व अन्य सदस्य उपस्थित

## बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लोहरदगा जिले के लोहरदगा प्रखंड के ग्राम बसरी के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरी एवं नदी नागड़ा में बढ़ती बाल विवाह को देखते हुए स्कूल के छात्राओं एवं SMC सदस्य, साथ ही समुदाय के लोगों द्वारा शपथ दिलाया गया एवं जागरूकता रैली निकाली गई। इस क्रम में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका और संस्थान के कार्यकर्ता के साथ मिल कर बाल विवाह कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान और रैली निकाल कर लोगों को संदेश देने का प्रयास किया गया। साथ ही स्कूल एवं समुदाय के बच्चो को उनकी सुरक्षा को लेकर आपातकालीन सेवा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चो के भविष्य को देखते हुए परिजनों से कहा गया कि बच्चो नियमित भेजे अथवा शिक्षा प्रेरित करे, जब तक लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के का उम्र 21 वर्ष के ना हो विवाह नहीं करना है उक्त कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अनिल टोप्पो, आशुतोष कुमार, शिक्षिका अनिता लकड़ा, सुसरी उरांव, स्वास्थ्य सहिया सरिता उरांव एल.जी. एस. एस से द्रोपदी कुजूर, स्कूल प्रबंधन के सहयोगी एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## पहलगाम की घटना बेहद शर्मनाक, आतंकियों को मिले बीच चौराहे पर फांसी की सजा : मोहेमिन उर्फ बब्बन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष अब्दुल मोहेमिन उर्फ बब्बन के नेतृत्व में बाद नमाज जुम्मा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों को निर्मम और जघन्य हत्या कर दिए जाने का काला बिल्ला लगाकर सभी सदस्यों ने विरोध दर्ज किया है। इस बीच मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन ने कहा कि आतंकवादियों के इस कुकृत्य जघन्य कृत्य की सजा सिर्फ और सिर्फ मौत हो। जो भी इस घटना को अंजाम दिया है उसके साथ केंद्र सरकार कठोरात्मक कार्रवाई करे और बीच चौराहे पर फांसी की सजा दी जाए। मोहेमिन उर्फ बब्बन ने कहा कि आतंकवादियों का कोई जाति धर्म और मजहब नहीं होता है,ऐसे घटिया हरकत करने वाले कायर लोगों को उसके कायरतापूर्ण रवैया पर मौत से बढ़कर कोई सजा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत देश अमन पसंद और अनेकता में एकता का परिचायक है, यहां पर राम-रहीम एक पत्तल पर खाना खाया करते हैं,यहां के लोग गंगा जमुनी तहजीब को लेकर पूरी दुनिया में मशहूर हैं, ऐसे में पहलगाम की घटना दिल को झकझोर कर रख दिया है। मोहेमिन उर्फ बब्बन ने कहा कि देश की शांति सौहार्द और आपसी भाईचारा को तार-तार करने वाले उन सभी आतंकियों को देश की जनता के सामने फांसी पर लटकाकर मौत की सजा दी जाए। इधर मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी के तमाम पदाधिकारी व सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं को शांति हेतु कामना किए और केंद्र सरकार से शीघ्र इस जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकियों को गिरफ्तार कर मौत की सजा दिए जाने की मांग की है। मौके पर विरोध दर्ज करने वालों में मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक सैयद वसीम, अध्यक्ष अब्दुल मोहेमिन बबन, सचिव सज्जाद खलीफा, नायब सदर अराफात अंसारी, नायब सेक्रेटरी हैदर अली, खजांची नसीम अंसारी, मीडिया प्रभारी तुफैल अंसारी, पिक्कू खान, असलम अंसारी, मनान अंसारी, सम्मी खान, इसरार अहमद, आसिफ साद खान, उमर खान, फैसल अंसारी, मोजिब अंसारी, अलमास खान, रौनक अंसारी, सैयद गुड्डू,मुशर्रफ अंसारी,अरफात खान, हरीश और सोसाइटी के तमाम मेंबर शामिल हैं।

## सफलता के लिये मेहनत और लगन बहुत जरूरी है : श्याम सुंदर कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में नवीन नामांकन भैया- बहनों का अभिनंदन समारोह संपन्न हुआ। कक्षा षष्ठ से नवम तक के नवीन नामांकन भैया-बहनों को चंदन- वंदन एवं उनके बीच चॉकलेट का वितरण किया गया। आचार्य श्यामसुंदर कुमार ने नवीन नामांकित विद्यार्थियों को विद्या भारती शिक्षा पद्धति, संस्कृति, अनुशासन एवं पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। विद्या भारती के उद्देश्यों, लक्ष्यों को समाज तक कैसे पहुंचाया जाए, उसके बारे में भैया-बहनों को विशेष जानकारी दी। विद्या भारती विद्यालय के विद्यालय में शिक्षक के साथ-साथ, संस्कार दिया जाता है। उसके बारे में भैया-बहनों को जागरूक किया। श्याम सुंदर कुमार ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए मेहनत और लगन बहुत जरूरी है, बिना इनके सफलता का रास्ता कठिन होता है। विद्या एक ऐसा धन है जिसकी कभी भी लूट नहीं हो सकती। भैया-बहन बड़े ही शांतिपूर्वक ढंग से सभी बातों को सुना और समझा। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा,विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी एवं कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## इंटक मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने का करेगा प्रयास : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू शुक्रवार को लोहरदगा जिला श्रम अधीक्षक दिनेश भगत से मुलाकात कर झारखंड सरकार द्वारा मजदूरों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मांगे ताकि मजदूरों को उसका लाभ दिला सके। श्री साहू ने कहा कि श्रम विभाग से मजदूरों को हेलमेट जूता दिलाया जाएगा। निबंधित मजदूर की मृत्यु दुर्घटना से होती है तो चार लाख, दुर्घटना में पूर्ण अपंगता तीन लाख, दुर्घटना में अपंगता दो लाख तथा समान्य मृत्युपर दो मजदूरों को दिलाया जाएगा इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि जागरूकता नहीं होने के कारण हमारे मजदूर भाइयों को झारखंड सरकार द्वारा मजदूर हित में चला रहे जा रहे योजनाओं का लाभ नहीं ले मिल पाता है। इंटक युनियन इन सभी मजदूरों को जागरूक कर उन्हें श्रम विभाग से निबंध करा कर उन्हें लाभ दिलाने का काम करेगी। श्री साहू ने कहा कि मजदूरों के बच्चों को छात्रवृत्ति, औजार खरीदने के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी, मजदूर अपने बच्चियों की शादी करती है तू उन्हें तीस हजार,साथ ही साथ इलाज, पेंशन के लिए भी राशि दी जाएगी। श्रम अधीक्षक दिनेश भगत ने श्री साहू से कहा कि आप मजदूरों को जागृत करने का काम करउन्हें श्रम विभाग से निबंध करवाकर ज्यादा से ज्यादा लाभ मजदूर को दिलवाने का काम करें।

## पहलगाम में हुई आतंकी हमले के विरोध में आज सिमडेगा बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ जिले के सभी धर्म, जाति, वर्गों में आक्रोश नजर आ रहा है। विश्व हिंदू परिषद एवं सभी धार्मिक संगठनों ने आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को सिमडेगा का बंद रखने का आहवान किया है। बंद के दौरान आवश्यक सेवा को मुक्त रखने की बात कहते हुए बाकी अन्य सभी दुकानदारों, फुटपाथ दुकानदारो, बस संचालकों, ट्रक संचालकों, ऑटो संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ आवाज को बुलंद करने की अपील की गई है। जिले के सभी धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक संगठनों से भी देश में अमन शांति के लिए, आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट होकर बंद का समर्थन करने की अपील की गई है।

## बैक टू स्कूल कैंपेन 2025 अंतर्गत पर स्कूल रुआर 2025 हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा सदर प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए प्रखंड स्तरीय बैक टू स्कूल कैंपेन अंतर्गत रुआर 2025 उन्मुखी कार्यशाला का आयोजन प्रखण्ड सभागार लोहरदगा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला लोहरदगा सदर प्रखंड मुख्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा कार्यालय के सभागार में झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर प्रखण्ड के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के भविष्य संवारने पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि गांव मुहल्ले के बच्चे बच्चियां किसी कारण से विद्यालय में नामांकित नहीं है। वैसे छीजित बच्चों को विद्यालय वापस लाने तथा विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर उन्मुखी कार्यशाला किया गया। आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा ठाकुर गौरीशंकर शर्मा ने शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल रुआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी है। शिक्षकों की शत प्रतिशत जिम्मेवारी है कि अपने पोषक क्षेत्र के बच्चों के समग्र विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने बताया कि रुआर कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन विद्यालय स्तर पर निर्धारित तिथि को नियमित रूप से किया जाए ताकि इस महवपूर्ण अभियान को सफल बनाया जा सके। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा, राजीव रंजन ने संबोधित करते हुए कहा कि 5 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का नजदीकी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराया जाना है। साथ ही पार गमन ट्रांजीशन वर्ग प्रोन्नति भी शत प्रतिशत हो यह सुनिश्चित किया जाय।

### संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले मंत्री को बर्खास्त किया जाय : ओम सिंह

## झारखंड के मंत्री के अमर्यादित एवम असंवैधानिक बयान के विरुद्ध भाजपा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड सरकार के बड़बोले मंत्री हफीजुल हसन के अमर्यादित व असंवैधानिक बयान के विरुद्ध तथा मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के पश्चात अपनी मांगों को लेकर झारखंड के महामहिम के नाम जिले के उपायुक्त को एक ज्ञापन सौपा गया। उक्त ज्ञापन में भाजपाइयों ने कहा की झारखंड प्रदेश राज्य सरकार संपोषित संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है। संविधान की शपथ लेकर पद पर आसीन होने वाले मंत्रीगण संवैधानिक मर्यादाओं को तार तार कर रहे। कहा कि विगत दिनों राज्य के मंत्री हफीजूल हसन द्वारा यह बयान दिया जाना कि हम कुरान को दिल में और संविधान को हाथ में रखते हैं। माननीय मंत्री जी यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने कहा कि मेरे लिए शरिया पहले है, संविधान बाद में। राज्य के एक मंत्री श्री इरफान अंसारी संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून को राज्य में लागू, नहीं होने देने का धमकी भरा असंवैधानिक बयान देते हैं। दोनों बयान संविधान की मर्यादाओं का उल्लंघन है। ज्ञापन में कहा गया कि मंत्रिमंडल के शपथग्रहण में यह पंक्ति का उल्लेख रहता है कि मैं विधि द्वारा स्थापित संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा/ रखूंगी परन्तु इस प्रकार शपथ लेकर राज्य सरकार के मंत्री संविधान की खुल्लम खुल्ला अवमानना कर रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि ऐसे बयानों और मानसिकता के कारण राज्य में उन्मादी शक्तियों का मनोबल बढ़ रहा है। जिसका परिणाम है कि सनातनी पर्व त्यौहार दशहरा, रामनवमी, सरस्वती पूजा, शिवरात्रि, सरहुल के दौरान राज्य में समुदाय विशेष के उपद्रवियों द्वारा पत्थरबाजी, मारपीट, दंगा, फसाद, आगजनी, की घटनाओं को बड़े पैमाने पर अंजाम दिया जा रहा है। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मानना है कि राज्य में संवैधानिक संकट की स्थिति है जिसे संविधान की शपथ लेकर सत्ता सुख प्राप्त करने वाले मंत्रीगण ही उत्पन्न कर रहे हैं। यह एक प्रकार से सत्ता संपोषित संवैधानिक संकट है। आप राज्य के संवैधानिक प्रमुख हैं। जिला इकाई भाजपा आपके माध्यम से महामहिम राज्यपाल से राज्य को संवैधानिक संकट को दूर करने की मांग करती है। साथ ही अनुरोध है कि संविधान की मर्यादाओं का उल्लंघन करने वाले, उसे अपमानित करने वाले, दोयम दर्जा देने वाले तथा राष्ट्र और संविधान प्रथम की जगह शरिया प्रथम मानने वाले कैबिनेट मंत्री हाफिजूल हसन को सत्रिमंडल से बर्खास्त करने के लिए मुख्यमंत्री को निर्देशित करने की कृपा की जाए। धरना कार्यक्रम को मनीर उरांव, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, राकेश प्रसाद, अजय पंकज, नवीन कुमार टिंकू, हर्षनाथ महतो, पवन तिग्गा, विश्वजीत भारती, सचिन कुमार, प्रकाश नायक, मिथुन तमेड़, सजल कुमार, सामेला भगत सहित कई भाजपाइयों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव व धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार ने की।

### चलते चलते एक नजर

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाक के खिलाफ उठाया सख्त कदम : सुरेश कश्यप

**शिमला** : भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। निहत्थे नागरिकों पर हुई इस बर्बर घटना से देशवासियों में गहरा शोक और आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इस हमले में देश ने अपने कई निर्दोष नागरिक खो दिए, किसी ने अपना बेटा, किसी ने भाई, तो किसी ने जीवनसाथी खोया है। इनमें से कोई बंगाली था, कोई कन्नड़ भाषी, कोई मराठी, उड़िया, गुजराती या बिहार का निवासी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक क्षेत्र पर हमला नहीं था, बल्कि पूरे भारत की आत्मा पर चोट की गई है। कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार घायलों के बेहतर इलाज के लिए लगातार प्रयासरत है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ शब्दों में कहा है कि इस हमले के दोषियों को ऐसी सजा दी जाएगी जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। प्रधानमंत्री का यह संदेश देश की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है कि आतंक और उसके सरपरस्तों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने हमेशा आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई निर्णायक कदम उठाए हैं। इन फैसलों में सबसे बड़ा निर्णय सिंधु जल संधि को रोकने का रहा है, जिससे पाकिस्तान को बड़ी आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया है। उनके वीजा रद्द किए जा रहे हैं और अटारी बॉर्डर को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय भी लिया गया है। कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार का यह कठोर रुख इस बात का संकेत है कि अब भारत आतंक के खिलाफ केवल निंदा नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई की राह पर है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए जो भी जरूरी कदम होंगे, भारत उन्हें उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

## उत्तराखंड : यूसीसी को संविधान विरोधी बताते हुए किया प्रदर्शन

**नैनीताल** : उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता कानून को निरस्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को तल्लीताल रिक्शा स्टैंड में पूर्वाह्न 11 बजे से जन संगठनों व राजनीतिक दलों ने धरना दिया। इसके उपरांत राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन आयुक्त कुमाऊं मंडल के माध्यम से प्रेषित किया गया। धरने के दौरान वक्ताओं ने समान नागरिक संहिता को संविधान विरोधी बताते हुए कहा कि यह विशेष रूप से अल्पसंख्यकों व महिलाओं के अधिकारों को बाधित करने वाला है। सभा को पीसी तिवारी, इंद्रेश मैखुरी और दिनेश उपाध्याय सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया और इसे असंवैधानिक बताते हुए व्यापक जनविरोध की चेतावनी दी। विरोध प्रदर्शन में नैनीताल पीपुल्स फोरम, उत्तराखंड महिला मंच, उत्तराखंड लोक वाहिनी, कांग्रेस, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी, भाकपा-माले, उत्तराखंड सर्वोदय मंडल, ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस, इंकलाबी मजदूर केंद्र, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, परिवर्तनकामी छात्र संगठन तथा महिला किसान अधिकार मंच उत्तराखंड आदि संगठनों ने भाग लिया।

# चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को परखने ऋषिकेश पहुंचे धामी

एजेंसी

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रियों को एलईडी. स्क्रीन पर भजन, रामायण, महाभारत, चारधाम यात्रा संबंधी कहानियों और आरतियों दिखाने के साथ ही मौसम संबंधित जानकारियां उपलब्ध करायी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को ऋषिकेश में चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप (यात्रा रजिस्ट्रेशन कार्यालय) के औचक निरीक्षण के दौरान यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री धामी ने आज आगामी चारधाम यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में पंजीकरण कक्ष, यात्रा पूछताछ एवं सहायता केंद्र, चिकित्सालय, पुलिस सहायता, खोया पाया केन्द्र जैसी विभिन्न व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

### 24 घंटे चालू रहे रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा से पहले ट्रांजिट कैंप में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को 24 घंटे चालू रखी जाए। उन्होंने कहा ट्रांजिट कैंप में पुलिस, परिवहन, नगर निगम, स्वास्थ्य, जल, पर्यटन, विद्युत, आदि विभागों का संयुक्त हेल्पडेस्क सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में बनाया जाए, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर सारी सुविधाएं उपलब्ध हो।

### भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक व्यवस्था पर एक्शन प्लान

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के ठहरने की पर्याप्त



व्यवस्था हो एवं गर्मी से बचाव के लिए कूलर, स्वच्छ पेयजल, टीन शेड, कुर्सियों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा ट्रांजिट कैंप स्थित अस्पताल में सभी प्रकार की दवाइयों की व्यवस्था और चिकित्सकों की तैनाती हो। उन्होंने कहा भीड़ प्रबंधन एवं ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष तौर पर एक्शन प्लान बनाकर प्राथमिकता से कार्य हो।

### ट्रांजिट कैंप परिसर में बिकेंगे उत्तराखंड के स्थानीय उत्पाद

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ट्रांजिट कैंप में स्थापित रिसेप्शन में चारधाम यात्रा प्रचार सामग्री उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा श्रद्धालुओं को चार धाम के साथ ही अन्य स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाए। उन्होंने ट्रांजिट परिसर में स्थापित खोया-पाया केन्द्र को संपूर्ण यात्रा मार्गो से समन्वय बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा ट्रांजिट कैंप परिसर में उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए अलग से स्थान हो। उन्होंने कहा ट्रांजिट कैंप परिसर का चार धाम से संबंधित सभी जिलों में परस्पर समन्वय हो।

### कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला

मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप के कार्यरत कर्मचारियों से भी मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा सभी कर्मचारियों के ऊपर चार धाम यात्रा की बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे निश्चित ही सभी लोग बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा हमने अपने व्यवहार से सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करना है ताकि वो यात्रा से अच्छा अनुभव लेकर जाएं। आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे ने बताया कि चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में 24 काउन्टर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त रिर्जव टीम की तैनाती भी की गई है। यात्रा चिकित्सालय में 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही पुलिस सहायता केन्द्र में पुलिस द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित किया गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक प्रेमचंद्र अग्रवाल, विधायक रेणु बिष्ट, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण के लिए निवेश बाज़ार पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को होटल बीएनआर चाणक्य में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने जेआरईडीए के सहयोग से ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण में तेजी लाने के उद्देश्य से 25 अप्रैल 2025 को रांची, झारखंड में ÷ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण के लिए निवेश बाजार÷ का आयोजन किया।सम्मेलन का उद्घाटन इंद्रजीत यादव (संयुक्त निदेशक एमएसएमई-डीएफओ, रांची), अतीलेश गौतम (विद्युत अधिशासी अभियंता-सह-एसडीए प्रभारी, जेआरईडीए), महेश गुप्ता (प्रधानाचार्य, झारखंड सरकार एमएसएमई टूल रूम), राज कुमार गुप्ता (महाप्रबंधक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक), मुकुल प्रवीण



(एजीएम, सिडबी), चमन कुमार (एजीएम, लघु एवं मध्यम उद्यम, एसबीआई), शब्बीर अख्तर (क्षेत्रीय प्रमुख, आईसीआईसीआई) और अतुल निगम (ऊर्जा विशेषज्ञ, जेआरईडीए) ने किया। कार्यक्रम में जेआरईडीए, उद्योग और एमएसएमई प्रतिनिधियों, सिडबी के उल्लेखनीय उपस्थितगण भी शामिल हुए और उद्योगों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों,ओईएम और ऊर्जा लेखा परीक्षकों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाया गया।सम्मेलन में 75 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कार्यक्रम के दौरान 4.72 करोड़ रुपये की निवेश क्षमता वाली ऊर्जा दक्षता पर 5 बैंक योग्य परियोजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

# जुमे की नमाज में गूंजे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

एजेंसी

**उत्तरकाशी** : पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ उत्तरकाशी में विभिन्न हिन्दू संगठनों के साथ -साथ मुस्लिम समुदाय में भी भारी आक्रोश है। शुक्रवार को उत्तरकाशी में अल्पसंख्यक सेवा समिति ने जामा मस्जिद में जुमे कि नमाज के वक्त सभी लोगों ने हाथ मै काली पट्टी बाँधकर सीमापार से आये आतंकी का विरोध कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए है। भाजपा अल्पसंख्यक के अध्यक्ष हाजी इरशाद कुरैशी ने बताया कि पहलगाम जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तान के आतंकी हमले से हमारे 27 भारतीयों का नरसंहार



किया है। इस कायरना हरकत की घोर निंदा करते हुए पाकिस्तानी आतंकी हमले का पुर जोर विरोध करते है। उन्होंने कहा पाकिस्तान ने जो हमारे ऊपर आतंकी हमला किया इसका हम भारत सरकार से भी अनुरोध करते है हमारे जितने भी भाई शहीद हुए इन सब का पाकिस्तान से बदला लिया जाये। इस मौके पर वशीम अहमद, फुरकान अहमद, मोहम्मद मुस्ताक, सिब्बू खान ,नासिर खान , साजिद खान , आजम बेग ,अकरम बेग, आस मोहम्मद, आदि मौजूद रहे हैं ।

# पाकिस्तानी जिहादियों को कठोरत्तम जबाव जरूरी : विहिप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल रांची महानगर एवं विभिन्न धार्मिक, सामाजिक तथा सभी समविचारी हिन्दू संगठनों के तत्वावधान में रांची के जिला स्कूल मैदान में सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए। जिला स्कूल मैदान में ही सैकड़ों लोगों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में मुस्लिम जिहादी आतंकवादियों द्वारा मारे गए सभी लोगों को उपस्थित सभी लोग मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी संगठन के लोगों ने धर्म पूछ-पूछ कर गोली मारकर हत्या करने की घटना की कड़ी निंदा की तथा भारत सरकार से मांग की अविलंब ऐसी सजा पाकिस्तान को दे कि फिर से कभी ऐसा हिमाकत करने की सोचने से भी कांप जाए। और दुनिया भी देखे आज भारत की ताकत कि हम अपने पर आ जाएं तो क्या कर सकते हैं। आक्रोश प्रदर्शन करते हुए सभी लोग जिला स्कूल मैदान से अल्बर्ट एक्का चौक गए।



बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा है कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के पैंट उतारकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। यह साफ दिखाई दे रहा है कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत जी ने कहा कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद हैं जो पाकिस्तान के इशारे पर कभी भी आतंकवाद के इन घृणित घटनाओं को करने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने स्मरण कराया कि कुछ दिन पूर्व ही एक सांसद ने कहा था कि कश्मीर में जो यात्री या पर्यटक आ रहे हैं या जमीन खरीद रहे हैं वे यहां सांस्कृतिक अतिक्रमण कर रहे हैं।उसके कुछ दिन के बाद ही, पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष ने कहा कि था हमारे सामने कश्मीर को वापस लेना ही एक मात्र एजेंडा रह गया है। अपने उसे एजेंडे की पूर्ति के लिए ही शायद उसने यहां जिहादी आतंकवादी हमला कराया !विहिप नेता ने यह भी कहा कि यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु, पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है। इसका जवाब भारत सरकार को उतनी ही शक्ति से देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद के दिन दुबारा लौटने का और पाकिस्तान का कोई नेता या सैन्य अधिकारी इस तरह के शब्द बोलने की दुस्साहस ना कर सके। प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव जी ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता लेकिन उसका मजहब अवश्य होता है, यह साफ दिखाई देता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब भारत के मुस्लिम नेता इस निर्मम नरसंहार पर क्यों चुप्पी साधे हैं? वे वक्फ एक्ट का झूठा डर दिखाकर तो पूरे देश में अफरा तफरी मचा सकते हैं लेकिन, कश्मीर घाटी में मारे गए इन मासूम हिंदू यात्रियों की हत्या के विरोध में सड़क पर उतरने का साहस नहीं कर सकते! यह स्थिति अच्छी नहीं है ।इसको स्वीकार नहीं किया जा सकता। पूरा देश इस समय गुस्से में है। इस पर त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए अन्यथा यह आक्रोश और बढ़ सकता है। घटना पर आक्रोष व्यक्त करने हेतु विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल वह अन्य हिंदू संगठनके कार्यकर्ता आज जिला स्कूल से फिरायालाल चौक तक आज राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन में रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, मंत्री विश्व रंजन, सह मंत्री राजेश अग्रवाल , सत्संग प्रमुख योगेश खेड़वाल, भैरव सिंह, बजरंग दल संयोजक विक्रम साहू, सहसंयोजक दीपक साहू, गोपाल पारीक, अनिल तिवारी, अजय राजगढ़िया, रेनू अग्रवाल, श्वेता सिंह, विक्की शर्मा जी ,सोमदत्त जी, एस जी पीयूष चौधरी , विनीत , राजा ,अंश ,लकी ,विशाल राजा महतो ,प्रशांत राय , शिवम सिंह एवं अन्य अनुसांगिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 28 अप्रैल को जम्मू में विधानसभा की बैठक बुलाई

**श्रीनगर:** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार , 28 अप्रैल को जम्मू में विधानसभा की बैठक बुलाई है। यह बैठक मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद द्वारा उपराज्यपाल को 28 अप्रैल, 2025 को सुबह 10ः30 बजे जम्मू में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की सलाह देने के दो दिन बाद बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि मैं मनोज सिन्हा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का उपराज्यपाल, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 18(1) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जम्मू और कश्मीर विधानसभा को सोमवार, 28 अप्रैल, 2025 को सुबह 10.30 बजे जम्मू में बैठक के लिए बुलाता हूँ तदनुसार जम्मू-कश्मीर विधान सभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 3 के अनुसार सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया है कि वे नियत तिथि, समय और स्थान पर विधान सभा के सत्र में उपस्थित हो।

# प्रयागराज : आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खेलने वाले छह गिरफ्तार

एजेंसी

**प्रयागराज** : कोतवाली एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने शुक्रवार को आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने कब्जे से कुल 3,69,002 रुपए नगद एवं 1,88,312 रुपए बैंक अकाउण्ट में फ्रीज कराया गया। इसके साथ ही 7 मोबाइल फोन, सट्टा की एन्ट्री सम्बन्धित एनक नोटबुक बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के चाहचन्द जीरो रोड निवासी हर्षित जायसवाल पुत्र घनश्याम गुप्ता , इसी थाना क्षेत्र के खोवा मन्डी निवासी सुनील कुमार केशरवानी पुत्र राम चन्द्र केशरवानी , नैनी कोतवाली क्षेत्र के पूरा फते मोहम्मद निवासी मो. इस्तियाक पुत्र मो. हलीम , कोतवाली थाना क्षेत्र के



मोहत्सिमगंज निवासी टोनी यादव पुत्र स्वर्गीय सुन्दर लाल यादव, अतरसुइया थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी सचिन कपूर पुत्र स्वर्गीय कन्हैया लाल कपूर , दारागंज थाना क्षेत्र के अलोपी बाग पंजाबी कालोनी निवासी अरुण कुमार पुत्र स्वर्गीय सुन्दरलाल को थाना कोतवाली क्षेत्र के हटकेश्वर मन्दिर के निकट स्वरूपरानी पार्क के पास भगवती पेपर ट्रेडिंग कम्पनी के ऊपर घर के कमरे से गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस टीम ने गिरोह के कब्जे से कुल 3,69,002 रुपए नगद और 1,88,312 रुपए बैंक अकाउण्ट में फ्रीज कराया गया है । इसके साथ ही सटोरियों के कब्जे से 7 मोबाइल फोन, सट्टा की एन्ट्री सम्बन्धित एक नोटबुक बरामद की गयी। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देश पर चलाएं जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उक्त गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की बैठक में शिक्षा के सशक्तिकरण पर जोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों की बैठक टंडवा स्थित आर के पेट्रोल पंप परिसर में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गढ़वा जिला और बेहतर करे इसके लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खासकर गढ़वा जैसे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने में निजी विद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूली बच्चों के बचाव को लेकर हमेशा हर सम्भव सचेत रहने की आवश्यकता है।

वहीं सचिव मदन प्रसाद केशरी ने कहा की ये हमलोगों का सौभाग्य है कि शिक्षा को बढ़ावा देने में स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त है। हमे शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। आने वाले समय में समन्वय समिति की ओर से निजी स्कूलों के शिक्षकों को एनईपी के लिए प्रशिक्षण कराया जाएगा जिससे अपने जिले में पढ़ने और पढ़ाने वाले समस्त शिक्षा प्रणाली को एक धार मिले और हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो। अपने क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी में उतीर्ण होने पर सभी ने खुशी जाहिर की।

मौके पर उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधन निदेशकों द्वारा भी शिक्षण कार्य हेतु सुझाव दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, सिस्टर रौशना, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, संयुक्त सचिव संजय सोनी, पी के दूबे, अशोक कुमार दूबे, मुजीब अंसारी, सुधीर पाठक, ऋषिराज कुमार, विबेक कुमार,अनिल विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, चंद्रभूषण सिन्हा, तौहीद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## 115 ग्राम ब्राउन शुगर एवं नेपाली करेंसी के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**अररिया** : जिले की बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बेला गांव में शत्रुघ्न चौपाल के घर छापेमारी कर 115 ग्राम ब्राउन शुगर और 7 हजार 700 नेपाली करेंसी के साथ मादक पदार्थ के कारोबारी शत्रुघ्न चौपाल के पुत्र रविन चौपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई के दौरान रविन ब्राउन शुगर का पैकेट लेकर भागने लगा,जिस पर एसएसबी के जवानों और बसमतिया थाना पुलिस ने खदेडकर उन्हें पकड़ा और उनकी तलाशी के बाद उनके पास से ब्राउन शुगर और नेपाली करेंसी के साथ आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद किया गया।जानकारी शुक्रवार को एसपी अंजनी कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में दी। बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी की यह कार्रवाई गुरुवार की रात हुई थी।एसपी ने बताया कि बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला गांव के रविन चौपाल के द्वारा मादक पदार्थो का कारोबार करने का लगातार सूचना मिल रहा था।

# सोनीपत : भारत बुद्धिमानों की भूमि है प्रतिभा की कमी नहीं : चिराग पासवान

एजेंसी

**सोनीपत** : भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने शुक्रवार को कुंडली स्थित निफ्टम में दो दिवसीय सुफलाम-2025 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम नवाचार, उद्यमिता और विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से 23 राज्यों के 250 से अधिक स्टार्ट-अप्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत निफ्टम के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह के स्वागत भाषण से हुई।




मंत्री चिराग पासवान ने पहलगांव आतंकी हमले में शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत बुद्धिमानों की भूमि है और यहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप भारत के विकास की रीढ़ बनते जा रहे हैं और सुफलाम जैसे कार्यक्रम देश को 2047 तक विकसित बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। मंत्री ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, आने वाले समय में यह वैश्विक जरूरत बनेगा। उन्होंने कहा कि खाद्य की गुणवत्ता में सुधार और अपव्यय को रोकने जैसे पहलू भारत को खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बना सकते हैं। सुफलाम, सरकार की उस सोच का उदाहरण है, जिसमें हर क्षेत्र को जोड़कर समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। इस अवसर पर खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के सचिव डॉ. सुभ्रतो गुप्ता ने खाद्य अपव्यय को गंभीर समस्या बताया और टिकाऊ समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि मंत्रालय उत्पादन वृद्धि, अपव्यय नियंत्रण और बुनियादी ढांचे के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रहा है। कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली के प्रो. हरपाल सिंह और प्रो. राकेश मोहन ने भी विचार साझा किए। सुफलाम-2025 के पहले दिन युवा उद्यमियों, निवेशकों और शिक्षाविदों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस वर्ष के बजट में भारत सरकार ने बिहार में निफ्टम की तीसरी शाखा खोलने की घोषणा की है, जिसे चिराग पासवान ने बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि निफ्टम अब सोनीपत की पहचान बन चुका है। सुफलाम-2025 में लगी स्टार्ट-अप प्रदर्शनियों ने भी खासा ध्यान खींचा। आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु सहित 23 राज्यों के उद्यमियों ने इसमें भाग लिया और मंत्री चिराग पासवान ने सभी स्टॉल्स का अवलोकन भी किया।